RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 172
नई दिल्ली, शनिवार, 29 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



संबलपुर हिंसा को लेकर जांच समिति गठित

राष्ट्रीय-11

# बृजभूषण पर पॉक्सो समेत दो एफआईआर

## यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं देश के शीर्ष पहलवान

● खिलाड़ियों ने एफआईआर को बताया जीत की ओर पहला कदम गिरफ्तारी तक प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**जंतर** मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को चौतरफा समर्थन के बीच यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज की हैं।

एक एफआईआर यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, जबकि दूसरी प्राथमिकी मर्यादा को ठेस पहुंचाने के संबंध में भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज की गई है। दूसरी ओर, पहलवानों ने इस जीत की ओर पहला कदम बताया और कहा कि वे केवल एफआईआर से संतुष्ट नहीं हैं। जब तक बृजभूषण को सभी पदों से नहीं हटाकर गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाने वाले पहलवान 23 अप्रैल को अपना आंदोलन दोबारा से शुरू करने के बाद से बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले, दिन में दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि वह आरोपी भाजपा सांसद के खिलाफ शुक्रवार को ही केस दर्ज करेगी। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को खेल, राजनीति और बॉलीवुड हस्तियों ने शुक्रवार को समर्थन दिया और यौन उत्पीड़न एवं अनियमितताओं से घिरे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष सिंह पर कार्रवाई की मांग की थी। दूसरी ओर, शुक्रवार को ही इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले को बेहद गंभीर माना और दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया।

इस पर दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों पर वह शुक्रवार को ही प्राथमिकी दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ को बताया कि आरोपी भाजपा सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पहलवानों की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सीलबंद लिफाफे में एक हलफनामा रिकॉर्ड में रखा है, जिसमें एक नाबालिग लड़की की सुरक्षा को खतरे का अंदेशा जताया गया है, जो कथित रूप से यौन उत्पीड़न की पीड़ित है। पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी को ध्यान में रखते हुए हम दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश देते हैं कि खतरे की आशंका का आकलन करें और नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएं। उसने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख, पांच मई से पहले शीर्ष अदालत में हलफनामा दायर किया जाए और उसमें नाबालिग की सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाए। सिब्बल ने कहा कि नाबालिग लड़की समेत सात शिकायतकर्ता हैं और उन सभी को सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि कथित नाबालिग पीड़िता को सुरक्षा देने का उसका निर्देश अन्य फरियादियों को खतरे की आशंका का स्वतंत्र आकलन करने में पुलिस आयुक्त के रास्ते में नहीं आएगा।

शीर्ष अदालत ने सॉलिसीटर जनरल को महिला पहलवानों द्वारा सीलबंद लिफाफों में दिए गए दस्तावेजों को पुलिस आयुक्त के साथ साझा करने की अनुमति दी और कहा कि शहर पुलिस प्रमुख दस्तावेजों के संबंध में अत्यंत गोपनीयता बरतेंगे। सिब्बल ने हलफनामे का जिक्र करते हुए प्रदर्शनकारी पहलवानों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। मेहता ने कहा कि यह मुद्दा दिल्ली पुलिस प्रमुख और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर छोड़ा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया था और कहा था कि मामला गंभीर है और इस पर विचार करने की जरूरत है।

उस समय दिल्ली पुलिस ने शीर्ष अदालत से कहा था कि यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले मामले की प्रारंभिक जांच जरूरी है। इस बीच, जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के इस सांसद को उनके सभी पदों से हटाए जाने और गिरफ्तार किए जाने तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। साक्षी मलिक ने जंतर-मंतर पर संवाददाताओं से कहा कि यह जीत की ओर पहला कदम है, लेकिन हमारा विरोध जारी रहेगा। पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में छह दिन लग गए और उन्हें जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं है। बृजभूषण को सलाखों के पीछे होना चाहिए और उसे सभी मौजूदा पदों से हटा दिया जाना चाहिए, अन्यथा वह जांच प्रभावित करने की कोशिश करेगा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग (शेष पेज 9)

# नफरती भाषण पर बिना शिकायत केस दर्ज हो: उच्चतम न्यायालय



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सभी राज्यों को निर्देश कार्रवाई में किसी तरह की ढिलाई शीर्ष अदालत की अवमानना माना जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी

**उच्चतम** न्यायालय ने अपने 2022 के एक आदेश का दायरा तीन राज्यों से आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक कर दिया तथा नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ कोई शिकायत न होने पर भी मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति के एम जोसफ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीर अपराध बताया जो देश के धार्मिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

पीठ ने कहा कि उसका 21 अक्टूबर, 2022 का आदेश सभी क्षेत्रों के लिए प्रभावी रहेगा। इसने अधिकारियों से साफ कहा कि कार्रवाई में किसी तरह के संकोच को शीर्ष अदालत की अवमानना माना जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इसने आदेश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक अपने अधीनस्थों को निर्देश जारी करें ताकि कानून के अनुसार यथासंभव जल्दी उचित कार्रवाई की जा सके। शीर्ष अदालत ने पहले उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड को निर्देश दिया था कि घृणा फैलाने वाले भाषण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। तब न्यायालय ने कहा था, धर्म के नाम पर हम कहां पहुंच गए हैं? पीठ ने शुक्रवार को कहा, न्यायाधीश अराजनीतिक होते हैं और पहले पक्ष या दूसरे पक्ष के बारे में नहीं सोचते तथा उनके दिमाग में केवल एक ही चीज है - भारत का संविधान।

शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इस बहुत गंभीर विषय पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से देरी को अदालत की अवमानना माना जाएगा। न्यायालय का यह आदेश पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर आया है जिन्होंने शुरू में पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। अब्दुल्ला ने (शेष पेज 9)

# आतंकवाद पर तय हो जवाबदेही: राजनाथ

● नई दिल्ली में आयोजित एससीओ सम्मेलन में डिजिटल माध्यम से शामिल हुआ पाकिस्तान

● सीमा पर स्थिति स्थिर दोनों पक्ष दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास को लगातार मजबूत करें: चीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद को समर्थन देने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से आतंकवाद के सभी रूपों को खत्म करने का आह्वान करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि हम एससीओ को मजबूत और अधिक विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय समूह बनाना चाहते हैं, तो हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटना होनी चाहिए। सिंह के बयान को पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में और चीन को संदेश के रूप में देखा जा रहा है। सिंह ने एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत क्षेत्रीय सहयोग के एक ऐसे मजबूत ढांचे की कल्पना करता है, जो सभी सदस्य (शेष पेज 9)

## शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों को देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए: गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है।

उन्होंने प्रत्येक देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हुए मांग-आधारित, सतत विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने एससीओ के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए एससीओ पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे से संपर्क अपने आप में ही आर्थिक गुणक है यानी इसका अर्थव्यवस्था (शेष पेज 9)

# भाजपा विधायक ने सोनिया को कहा-विषकन्या, कांग्रेस बिफरी

**पीएनएस/एजेंसी।** बेंगलुरु/नई दिल्ली

● पार्टी ने बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को भाजपा से निष्कासित करने की मांग की

**कर्नाटक** में भारतीय जनता पार्टी के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से किए जाने के जवाब में सोनिया गांधी को विषकन्या करार दिया, जिसको लेकर मुख्य विपक्षी दल ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया और यतनाल को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि यतनाल की इस भद्दी टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि कर्नाटक में हार सुनिश्चित नजर आने के कारण भाजपा नेताओं ने अपना मानसिक और राजनीतिक संतुलन खो दिया है। बीजापुर से विधायक यतनाल ने बृहस्पतिवार को एक चुनावी सभा में कहा, पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करती है। कभी अमेरिका ने उन्हें वीजा नहीं दिया था, लेकिन आज वह वैश्विक नेता के तौर पर उभरे हैं, जिनका भव्य स्वागत होता है। उन्होंने कहा, उनकी (मोदी) की तुलना सांप से, कोबरा से की जाती है और जहरीला कहा जाता है।

जिन सोनिया गांधी की अपनी पार्टी में वाहवाही करते रहते हैं, क्या वह विषकन्या हैं? सोनिया गांधी ने देश को बर्बाद कर दिया, चीन और पाकिस्तान के एजेंट के रूप में काम करती हैं। उनके इस बयान से पहले खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी, हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी कि उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा था। यतनाल के बयान के बाद कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुरजेवाला ने (शेष पेज 9)

# कांग्रेस के नेताओं का दिमाग खराब हो गया है: अमित शाह



**एजेंसी।** नवलगुंद (कर्नाटक)

● प्रधानमंत्री पर खरगे की टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोला

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और इसके नेताओं का दिमाग खराब हो गया है। उन्होंने कहा, यदि आप मोदी को गाली देंगे, तो उनके प्रति समर्थन और बढ़ेगा।

कर्नाटक में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने बृहस्पतिवार को मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। इस पर विवाद बढ़ने के बाद खरगे ने कहा कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के लिए नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए थी। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान होगा। यह उल्लेख करते हुए कि मोदी का दुनिया भर में बहुत सम्मान के साथ स्वागत किया जाता है, शाह ने कहा कि कांग्रेस इस तरह के बयानों से लोगों को भड़का नहीं सकती, क्योंकि प्रधानमंत्री को जितनी गालियां दी जाएंगी, लोगों के दिल में उनके प्रति उतना ही समर्थन बढ़ेगा।

शाह ने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने भारत को समृद्ध बनाने के लिए काम किया है, उन्होंने भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया है, उन्होंने भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाया है। मोदी जी जहां भी जाते हैं, दुनिया भर के (शेष पेज 9)

## न्यायालय ने अतीक की हत्या के बाद उठाए गए कदमों पर उप्र सरकार से रिपोर्ट मांगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को प्रयागराज में पुलिस हिरासत में चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाते वक्त मीडिया के समक्ष उनकी परेड क्यों कराई गई? अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध कर रही वकील विशाल तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से यह भी पूछा कि हत्यारों को यह कैसे पता चला कि उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था? न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से पूछा, उन्हें कैसे पता चला? हमने टेलीविजन पर यह देखा है। उन्हें अस्पताल के प्रवेश द्वार से सीधे एम्बुलेंस में क्यों नहीं ले जाया गया? उनकी परेड क्यों कराई गई? रोहतगी ने पीठ को (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### सीबीआई दल पूछताछ के लिए सत्यपाल मलिक के दिल्ली आवास पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जम्मू कश्मीर में कथित बीमा घोटाले में अपनी जांच के संबंध केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से शुक्रवार को पूछताछ करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घोटाला मलिक के इस बयान के बाद सामने आया था कि उन्हें इससे संबंधित फाइलों को मंजूरी देने के लिए रिश्वत की पेशकश की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई का एक दल मलिक के दावों पर उनसे सवाल-जवाब करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम इलाके में उनके सोम विहार आवास पर सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि मलिक इस मामले में अभी तक आरोपी या संदिग्ध नहीं है। सात महीने में यह दूसरी बार है कि विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रहे मलिक से सीबीआई पूछताछ करेगी। बिहार, जम्मू-कश्मीर, गोवा और मेघालय में राज्यपाल संबंधी जिम्मेदारियां निभाने के बाद पिछले साल अक्टूबर में उनका बयान दर्ज किया गया था।

# सहपाठियों ने की 8वीं के छात्र की पीटकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सिगरेट पीने की शिकायत शिक्षकों से करने की बात पर दो छात्रों ने दिया वारदात को अंजाम : पुलिस

**दक्षिणी-पूर्वी** दिल्ली के बदरपुर इलाके में सरकारी स्कूल के 8वीं कक्षा के छात्र की कथित तौर पर उसके ही दो सहपाठियों ने किसी भारी वस्तु से सिर कुचलकर हत्या कर दी और शव को नाले में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान यहां मोलड़बंद गांव में बिलासपुर कैंप निवासी सौरभ (12) के तौर पर हुई है।

वह ताजपुर पहाड़ी स्थित एक सरकारी स्कूल में पढ़ता था। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह आठ बजकर 20 मिनट पर बदरपुर थाने में एक पीसीआर कॉल आई और बताया गया कि स्कूली छात्र की हत्या कर दी गई है। जब पुलिस दल खाटूश्याम पार्क व ताजपुर रोड गांव के बीच घटना स्थल पर पहुंचा तो नाले में लड़के का शव पड़ा था जो स्कूल की वर्दी पहने हुए था। मौके से स्कूल बैग भी मिला, जिसमें किताबें आदि थीं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उसके दो सहपाठियों ने ही वारदात को अंजाम दिया है। दक्षिणी-पूर्वी जिले के डीसीपी राजेश देव के अनुसार पीड़ित बच्चे ने स्कूल परिसर में दोनों आरोपियों को सिगरेट पीते हुए देख लिया था।

उसने इसकी शिकायत शिक्षकों से करने की बात कही थी। इससे नाराज होकर दोनों आरोपी छात्र उसे सुनसान जगह ले गए और पत्थरों से वार कर उसकी हत्या कर दी। सौरभ बदरपुर के मोलड़बंद गांव स्थित बिलासपुर कैंप का रहने वाला था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार के अनुसार वह बृहस्पतिवार को स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद उन्हें बच्चे का शव मिलने की (शेष पेज 9)

## शीर्ष अदालत ने न्यायाधीश को स्कूल नौकरी भर्ती घोटाले के मामले से अलग किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में एक समाचार चैनल को साक्षात्कार दिए जाने को लेकर मामले से अलग कर दिया, जिसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने शीर्ष अदालत के सेक्रेटरी जनरल से अपने साक्षात्कार की आधिकारिक अनूदित प्रति आज आधी रात तक उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ सामान्य अदालती घंटे पूरे होने के बाद तुरत-फुरत बैठी और न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय द्वारा पारित विवादास्पद आदेश पर रोक लगा दी। इससे कुछ घंटे पहले उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में कार्यवाही किसी और न्यायाधीश को (शेष पेज 9)

# सूरज पंचोली बरी, कोर्ट ने कहा-जिया ने जज्बात में उठाया कदम

● अदालत ने कहा- यह आत्महत्या का मामला है और अभियोजन पक्ष दुर्भाग्यवश यह साबित करने में नाकाम रहा कि पंचोली ने खुदकुशी के लिए उकसाया था

**एजेंसी।** मुंबई

जिया खान आत्महत्या मामला



**मुंबई** में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने सूबतों के अभाव का हवाला देते हुए अभिनेत्री जिया खान की आत्महत्या के मामले में शुक्रवार को सूरज पंचोली को बरी कर दिया।

अदालत ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला है और अभियोजन पक्ष दुर्भाग्यवश यह साबित करने में नाकाम रहा कि पंचोली ने खुदकुशी के लिए उकसाया था। अदालत ने कहा, जिया रिश्ता खत्म कर सकती थीं लेकिन भावनाओं की शिकार हो वह जज्बातों पर काबू नहीं पा सकी, इसके लिए पंचोली को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता जिया तीन जून 2013 को अपने घर में मृत मिली थीं। अभिनेता सूरज पंचोली को इस मामले में जून 2013 में गिरफ्तार किया गया था और जुलाई 2013 में उन्हें जमानत मिल गई थी। अभिनेता (32) पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिया खान की मां राबिया खान ने अभियोजन पक्ष द्वारा इसे आत्महत्या का मामला बताए जाने का विरोध करते हुए दावा किया कि उनकी बेटी की हत्या की गई। अदालत के फैसले के बाद उन्होंने कहा कि फैसला आश्चर्यजनक नहीं है और बेटी को न्याय दिलवाने के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। सूरज पंचोली अभिनेता आदित्य पंचोली और अभिनेत्री ज़रीना वहाब के बेटे हैं। सुनवाई के दौरान सूरज पंचोली अपनी मां के साथ अदालत में मौजूद थे।

न्यायाधीश सैयद ने सूरज को कठघरे में बुलाया और उनका नाम पूछा। इसके जवाब में अभिनेता ने सूरज कहा, तो न्यायाधीश ने उनसे अपना पूरा नाम बताने को कहा। इस पर अभिनेता ने कहा, सूरज आदित्य पंचोली। इसके बाद न्यायाधीश ने कहा, सबूतों के अभाव के कारण यह अदालत आपको (सूरज) दोषी नहीं ठहराती... बरी किया जाता है। इसके बाद सूरज सिर झुकाते हुए कठघरे में बाहर आ गए। सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश ने कहा कि पंचोली के खिलाफ पेश सबूत अस्पष्ट और (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 29 अप्रैल, 2023



# नोएडा प्राधिकरण जल्द करेगा 500 से ज्यादा भूखंडों का आवंटन रद्द

● औद्योगिक और संस्थागत संपत्ति के आवंटियों को दिसंबर 2020 के अंत तक निर्माण का अंतिम मौका दिया था



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने अब औद्योगिक और संस्थागत संपत्ति को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है।

प्राधिकरण ने कोरोना काल के दौरान औद्योगिक और संस्थागत संपत्ति के आवंटियों को दिसंबर 2020 के अंत तक निर्माण का अंतिम मौका दिया था। प्राधिकरण ने शर्त रखी थी कि तय समय में क्रियाशील प्रमाण पत्र ले लिया जाए और अधिभोग प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की शर्त पूरी नहीं करने वाले 500 से अधिक भूखंडों का आवंटन अब निरस्त करने जा रहा है। प्राधिकरण के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, साल 2020 में कोरोना वायरस की पहली लहर आने के कारण सारा काम बंद हो गया था। ऐसे में निर्माण काम भी बंद हो गया था। ऐसे में जिनके निर्माण की समयावधि खत्म हो रही थी। उनके सामने संकट शुरू हो गया। ऐसे लोगों की परेशानियों को शासन से अवगत कराया गया।

शासन ने ऐसे आवंटियों को अंतिम मौका देते हुए दिसंबर 2022 तक निर्माण का समय दिया गया। प्राधिकरण ने कुछ दिन पहले इन आवंटियों की एक रिपोर्ट तैयार करनी शुरू की है। इस रिपोर्ट में अब तक न तो क्रियाओशील सर्टिफिकेट लेने वाले और न ही अधिभोग प्रमाण पत्र लेने वाले सभी आवंटियों की सूची तैयार की जा रही है। इन सभी आवंटियों की सूची के आधार पर भूखंड आवंटन को निरस्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के औद्योगिक विभाग के ओएसडी अनिवाश त्रिपाठी ने बताया कि करीब 450 भूखंड आवंटी थे। जिनको निर्माण के लिए समय दिया गया था। तय समय में काम पूरा नहीं करने पर हाल ही में 39 का आवंटन निरस्त किया गया है। बाकी की मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

संस्थागत विभाग की ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि इस संपत्ति के 86 आवंटियों को समय दिया गया था। जिसमें से 4 का आवंटन नोएडा प्राधिकरण द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

## गैंगस्टर रणदीप और अनिल सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के थाना दादरी में एक पीड़ित ने 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए गैंगस्टर रणदीप भाटी और अनिल दुजाना सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित के साले और भाई की पूर्व में हत्या हो चुकी है और इस मामले में पीड़ित और उसका भांजा गवाह है। उसका आरोप है कि आरोपी 50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग कर रहे हैं। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि थाना दादरी में बीती रात को कमल भाटी पुत्र कुंदन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गैंगस्टर रणदीप भाटी ,अनिल दुजाना, हरेंद्र, रवि, यतेंद्र उर्फ लाला, शक्ति, नवीन उर्फ बिल्लू ,अजीत, सुंदर, अमित खारी, हरेंद्र बंसल, सत्एंद्र बंसल आदि उसकी तथा उसके भांजे की हत्या करने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के इन बदमाशों पर आरोप लगाया है कि वे उनके भांजे संदीप से संपर्क करके 50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग कर रहे हैं।

## मोटो-जी पर खर्च होंगे 472 करोड़ रुपये

● 500 लोगों को मिलेगा रोजगार, देश में पहली बार आयोजित हो रही रेस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेस-वे के पास बने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो-जी बाइक रेस का आयोजन देश में पहली बार हो रहा है। इस रेस को लेकर आगामी सोमवार को यमुना प्राधिकरण और मोटो-जी आयोजकों के बीच एक एमओयू साइन होने की भी संभावना है।

मोटो-जी रेस पर करीब 472 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस रेस के आयोजन से उम्मीद लगायी जा रही है कि इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। लखनऊ में आयोजित हुए उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर समिट के दौरान मोटो-जी बाइस रेस का आयोजन करने वाली कंपनी और प्रदेश सरकार के बीच एक एमओयू यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि कंपनी बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में बाइक रेस के आयोजन के लिए टैक चेंज कराने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। सोमवार को यमुना प्राधिकरण में एनओसी के लिए अप्लाई करें। यमुना प्राधिकरण सोमवार को एनओसी मोटो-जी आयोजकों को दे देगी। मोटो-जी भारत में पहली बार हो रही है। सितंबर में होने वाली मोटो-जी रेस के लिए यमुना प्राधिकरण भी पूरी तरह से तैयार है।

## अत्योदय कार्ड धारकों को लाभ पहुंचाने में गाजियाबाद अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। अंतोदय राशन कार्ड धारक परिवारों को सौ फीसदी आच्छादित किए जाने पर उत्तर प्रदेश में जिले की रैंकिंग पहले स्थान पर है।

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इस सम्बंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सराहना की है। अंतोदय राशन कार्ड धारक परिवारों को योजना का लाभ पहुंचाया है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त आजादी से अन्तोदय तक योजना में देश में पहला स्थान प्राप्त किया था। सामाजिक प्रगति सूचकांक में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था।

जलजीवन सर्वेक्षण में परफॉर्मेंस कैटेगरी में देशभर में पहले स्थान पर रहा, तो वहीं अचीवर कैटेगरी में देश में तीसरे व प्रदेश में पहले स्थान पर जिला रहा था।

## गलगोटिया में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में छात्रों के 2 गुटों में मारपीट का एक मामला सामने आया है। इस मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि छात्रों के 2 गुटों में काफी बूरी तरह से मारपीट की जा रही है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने अब इस मामले की छानबीन भी शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि 15 से 20 छात्र यूनिवर्सिटी परिसर की तीसरी मंजिल पर आपस में मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। मारपीट के दौरान छात्रों को काफी अंदरूनी चोट भी लगी है। हालांकि, अभी तक इस मामले की किसी भी पक्ष की तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं की गयी है।

## बिना नोटिस 198 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, हंगामा

● 700 से ज्यादा कर्मचारी कोजिट कंपनी में करते हैं काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 2 स्थित कोजिटो कंपनी प्रबंधन ने करीब 198 कर्मचारियों को बिना नोटिस के नौकरी से निकाल दिया है। इसके बाद बाहर किए गए कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गयी। नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों ने कहा कि नौकरी से निकालने से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया था।

कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी श्रुति का कहना है कि वह अपने साथियों के साथ नौकरी पर गयी थी। कंपनी में काम करने के दौरान मैनेजर ने उनके पास आकर जानकारी दी कि अब नौकरी पर मत आना। किसी भी कर्मचारी को कंपनी की तरफ से नोटिस जारी नहीं किया गया। ऐसे में बिना नोटिस के वह किस प्रकार से निकाल सकते हैं। कंपनी के मैनेजर ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर 198 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। कंपनी में 700 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। अंदर हंगामा होता देख कंपनी के गेट के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच कई बार बातचीत का दौर शुरू करने की कोशिश की। कर्मचारियों की मांग है कि जब तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वह पीछे नहीं हटने वाले हैं।

### *कर्मियों और प्रबंधन में वार्ता विफल : भूषण दुबे*

*कोतवाली प्रभारी ध्रूव भूषण दुबे ने बताया कि प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच लगातार वार्ता चल रही है। अभी तक किसी भी प्रकार के नतीजे पर नहीं पहुचा गया है। कर्मचारियों को एग्रीमेंट के तहत महज 180 दिनों के लिए रखा गया था। यह अवधि अब पूरी होने के बाद ही कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। सभी कर्मचारियों को छह महीने की सैलरी भी दे दी गयी।*

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतदद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री गौरव मदान (कर्ज़दार), सुश्री पल्लवी मदान (सह-कर्ज़दार) QZDEL00005017511 | प्रॉपर्टी नंबर 24ए, पहली मंज़िल, रियर साइड (अधिकार के बिना छत), ब्लॉक बी 1, गली नंबर 5, खसरा नंबर 104/13, गाँव-पालम, राजापुरी, नई दिल्ली-110059। क्षेत्रफल 50 वर्ग यार्ड | रु. 21,33,434/- (अप्रैल 21, 2023 तक) | रु. 16,20,000/- / रु. 1,62,000/- | मई 03, 2023 को दो. 02:30 बजे से दो. 04:00 बजे तक | मई 26, 2023 को सु. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को मई 25, 2023 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005 में मई 25, 2023 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित मई 25, 2023 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को मई 25, 2023 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 9599281817/ 8584874809 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ 1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।
तिथि : अप्रैल 29, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर,तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री रूप नारायण कौशिक (कर्ज़दार), चंचल कौशिक, फ्रेम्स ट्वेंटी फोर कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड (सह कर्ज़दार) LBFDB00003334292 | संपत्ति संख्या 10ए, दूसरी मंज़िल (पीछे की तरफ) सार्वजनिक छत के साथ, ब्लॉक ए, ग्रीन पार्क, दिल्ली-110016, क्षेत्रफल- 1150 वर्ग फीट | रु. 3,35,67,516/- (अप्रैल 21, 2023 तक) | रु. 2,25,00,000/- / रु. 22,50,000/- | मई 04, 2023 को दोप. 02:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | मई 26, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को मई 25, 2023 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005 में मई 25, 2023 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, मई 25, 2023 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को मई 25, 2023 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की दिल्ली शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 9599281817/ 8584874809 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ 1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।
तिथि : अप्रैल 29, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## नोएडा जिला अस्पताल में दवाओं का अभाव

● संक्रामक बीमारी की दवा तक उपलब्ध नहीं, मरीज हलकान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 39 स्थित नवर्निमित जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है।

मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होने के चलते अस्पताल में आवश्यक दवाओं की भारी कमी पड़ गयी है। जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूर होकर लोग बाहर से दवा खरीद रहे हैं। गौरतलब है कि नवनिर्मित जिला अस्पताल में रोजाना करीब एक से डेढ़ हजार की ओपीडी रहती है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ ही अस्पतालों में काफी अच्छी सुविधा मुहैया कराने का दावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार किया जा रहा है। लेकिन, नवनिर्मित जिला अस्पताल में यह दवा पूरी तरह से गलत साबित हो रहा है।

इसके पीछे का मुख्य कारण यह है कि नवर्निमित जिला अस्पताल के आठवें तल पर खुद स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय मौजूद है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला अस्पताल की किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। नवनिर्मित जिला अस्पताल में संक्रामक बीमारी (सर्दी, बुखा, खांसी, उल्टी, दस्त, दाद, खुजली, आंख में जलन और पानी आने) तक की दवाएं उपलब्ध नहीं है। वहीं, शुगर, मानसिक रोग, दांत तक की दवाएं जिला अस्पताल में मौजूद नहीं है। सबसे ज्यादा दिक्कत मानसिक रोगियों को हो रही है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सतिंदर सिंह निझावां/ जसवंत कौर निझावां/ तरणप्रीत सिंह निझावां/ LBDEL00004764053 | प्लॉट नंबर 61, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक-एम, गांव बसई दारापुर, कीर्ति नगर, दिल्ली/ अप्रैल 27, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 11,347,198/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : अप्रैल 29, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ ज़मानतदार/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुभाष (कर्ज़दार), श्रीमती विनीता बी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBKOL00005114435 | 4.65 Ares (11.49 सेंट), ब्लॉक नंबर 27, आरई एसवाई नं 211/ 13/2/1, एनादिमंगलम गाँव, अडूर तालुक, पठानमथिट्टा, संपत्ति का खाली भूमि क्षेत्र 5005 वर्ग फुट है | रु. 26,27,591/- (अप्रैल 26, 2023 तक) | रु. 19,35,000/- / रु. 1,93,500/- | मई 12, 2023 को दोप. 02:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | मई 29, 2023 को सुबह 10:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को मई 26, 2023 को शाम 04:00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024 में मई 26, 2023 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, मई 26, 2023 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को मई 26, 2023 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की कोचीन शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 8138023587/ 9004474395 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।
तिथि : अप्रैल 29, 2023
स्थान : पठानमथिट्टा और गुडगाँव
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## संक्षिप्त समाचार



रबूपुरा नगर निकाय में अध्यक्ष और 12 सभासद प्रमाण पत्र के साथ।

### रबूपुरा नगर पंचायत में चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में होने वाले नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहली बार एक रिकॉर्ड कायम किया है। जेवर विधान सभा क्षेत्र की रबूपुरा नगर पंचायत से भाजपा ने जीत का आगाज किया है। गौरतलब है कि रबूपुरा नगर निकाय का परिणाम 13 मई से पहले ही आ गया है। इसके पीछे का मुख्य कारण यह है कि रबूपुरा नगर निकाय में अध्यक्ष समेत सभी 12 सभासद निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। सभी निर्वाचित सदस्यों को रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रमाण पत्र का भी वितरण जारी कर दिया है। विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह जीत का जश्न नहीं है। बल्कि, भाजपा की लोक सभा में जीत का आगाज है।

### विस्तारा एयरलाइंस के मैनेजर ने किया सुसाइड

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजीडेंशिया हाउसिंग सोसायटी में 32 वर्षीय निशांत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, निशांत विस्तारा एरलाइंस में मैनेजर के पद पर काम कर रहा था। सूचना मिलने के बाद बिसरख कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि व्यक्ति ने आखिरकार आत्महत्या किन कारणों से की थी। पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित ला रेजीडेंशिया हाउसिंग सोसायटी में 32 वर्षीय निशांत रहता था। निशांत गुरुग्राम में स्थित विस्तारा एयरलाइंस के कार्यालय में मैनेजर के पद पर काम करता था। वह रोजाना सुबह जल्दी ग्रेटर नोएडा वेस्ट से गुरुग्राम जाते थे। लेकिन, शुक्रवार सुबह उनकी गाड़ी वहीं पर खड़ी हुई देखी। निशांत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सूर्या संस्थान में होम्योपैथी शिविर लगा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 12 स्थित सूर्या संस्थान में केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान द्वारा एक निशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सूर्या संस्थान के देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान करीब 80 से अधिक छात्र-छात्राओं और सदस्यों ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए निशुल्क होम्योपैथी की दवा ली। होम्योपैथी चिकित्सक हरप्रीत कौर ने बताया कि कोरोना वायरस की यह डोज तीन दिन तक आठ-आठ गोली दिन में एक बार लेनी होती है। प्रत्येक 21 दिनों में आठ गोली दिन में एक बार लेनी होती है। इससे व्यक्ति की इम्यूनिटी काफी बढ़ जाती है। व्यक्ति को भोजन में नियमित रूप से मोटा अनाज अवश्य लेना चाहिए। इससे मधुमेह में भी लाभ होता है। इसके अलावा खराब कोलोस्ट्रॉल, ह्रदय को स्वस्थ, वजट को घटना, पेट को साफ रखना और फाइबर का एक बड़ा स्त्रोत होता है।

### चलती थार पर असलहों के साथ स्टंट, गाड़ी जब्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आधा दर्जन से ज्यादा युवक थार पर सवार हैं और हाथों में हथियार लेकर स्टंटबाजी कर रहे हैं। बैकग्राउंड में गाना चल रहा है और सभी बेखौफ होकर बीच सड़क पर हुल्लड़बाजी भी कर रहे हैं। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थार जीप को जब्त कर लिया है और उस पर 25 हजार 500 रुपए का चालान भी काट दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो थाना फेस-2 का बताया जा रहा है। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा युवक एक थार गाड़ी पर सवार हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विपक्षी नेताओं के निशाने पर आईं पीटी उषा

## राजनीतिक दलों ने लगाया आरोप, सरकार का मुखपत्र बन गईं उड़नपरी

**पहलवानों का प्रदर्शन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जंतर-मंतर पर समर्थन में आए लोगों का अभिवादन करतीं विनेश फोगाट व साथ में बजरंग पुनिया। फोटो: रंजन डिमरी।

उत्पीड़न के विरोध में किए जा रहे पहलवानों के प्रदर्शन के संबंध में तल्ख टिप्पणी करने के कारण भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई हैं। राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया कि उषा राजनीतिक मुखपत्र बन गई हैं।

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न करने और धमकी देने जैसे आरोपों के साथ पहलवानों ने उनके खिलाफ विरोध का दूसरा दौर शुरू किया है। राज्यसभा सदस्य उषा ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सड़कों पर प्रदर्शन अनुशासनहीनता है और इससे देश की छवि खराब हो रही है।

उषा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की मांगों को नजरअंदाज करने से देश की छवि खराब होती है और उनकी बात को सुना नहीं जाता।

उन्होंने कहा कि पीटी उषा, बार-बार यौन उत्पीड़न के कारण अपने साथी खिलाड़ियों के न्यायोचित विरोध की अनदेखी करना आपको शोभा नहीं देता है। अपने अधिकारों के लिए उनके खड़े होने से राष्ट्र की छवि धूमिल नहीं होती है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद बिनय विश्वम ने भी उषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उषा पूरे सम्मान और स्नेह के साथ, मुझे कहना होगा कि आपको पीड़ित पहलवानों पर अपनी टिप्पणियों से बचना चाहिए था। दुखद है, आपके नए मित्र आपको अपना राजनीतिक मुखपत्र बनाना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यहां प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने एक ट्वीट में कहा कि हम सभी को प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ खड़ा होना चाहिए। वे एक स्वर में बोल रहे हैं। हमारे खिलाड़ी हमारे देश का गौरव हैं। वे चैंपियन हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने उषा के रुख के लिए राज्यसभा की सदस्यता को जिम्मेदार ठहराया।

कांग्रेस के युवा नेता दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि ओलंपियन के गले में लटका मेडल किसी जाति का नहीं होता। खिलाड़ी सबके हैं और सबको उनके लिए आवाज उठानी चाहिए।

आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि जिन पहलवानों ने देश का नाम रोशन किया, उनका शोषण करने वाले भाजपा नेता की प्रधानमंत्री रक्षा कर रहे हैं।

## महंगा साबित हो रहा पहलवानों का धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अब तक 5 लाख खर्च, अपनी जेब से जुटा रहे जरूरत का सामान



भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबी लड़ाई का ऐलान कर चुके पहलवानों के लिए प्रदर्शन काफी महंगा साबित हो रहा है। बुनियादी जरूरतों पर अब तक खिलाड़ी पांच लाख रुपये से अधिक खर्च कर चुके हैं। यह खर्च लगातार बढ़ रहा है। अभी तक पूरा खर्च खिलाड़ी अपनी जेब से ही उठा रहे हैं। पहलवानों ने पांच दिनों में गद्दे, चादर, पंखे, स्पीकर, माइक्रोफोन, पानी और खाने के अलावा एक छोटे जनरेटर की व्यवस्था पर पांच लाख से अधिक खर्च किए हैं।


पहलवानों को महसूस किया कि अगर उन्हें लंबे समय तक बैठना पड़ा तो छोटी-छोटी चीजों की व्यवस्था करना एक बड़ा वित्तीय बोझ बन जाएगा। विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी ने कहा कि इसलिए हमने गद्दे खरीदने का फैसला किया। मैंने अपने गांव खरखौदा से 50,000 रुपए देकर 80 गद्दे खरीदे। हमसे प्रतिदिन गद्दे के लिए 12,000 रुपए प्रतिदिन का किराया लिया जा रहा था। यह बहुत बड़ी रकम है। उन्होंने बताया कि शुरू में हमने स्पीकर और माइक्रोफोन किराए पर लिए थे, लेकिन एक दिन की लागत 12,000 रुपए थी। यह बहुत अधिक थी। अब हमने चांदनी चौक बाजार से अपना साउंड सिस्टम 60,000 रुपए में खरीदा है। दुकानदार पहलवानों के बारे में जानता था इस लिए उसने हमें इसे बिना कोई मुनाफा कमाए बेचा।

पंखे और जेनरेटर अब भी किराए पर है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो हम कूलर खरीद लेंगे। विनेश, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया इस विरोध का चेहरा हैं। सोमवीर, उनके दोस्त योगेश और कई अन्य लोग विरोध को जारी रखने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। सोमवीर ने कहा कि हमने काम आपस में बांट लिया है। कुछ कोच यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि रसोइयों द्वारा गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार किया जाए, जबकि युवा पहलवान विरोध स्थल पर भोजन पहुंचा रहे हैं। सोमवीर इसके साथ ही हरियाणा के विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों को यहां जंतर-मंतर नहीं आने के लिए मना रहे हैं।

# खेल बिरादरी ने प्रदर्शनकारी पहलवानों का किया समर्थन

- मुक्केबाज निकहत जरीन, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान खुलकर आए सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और अभिनव बिंद्रा सहित भारतीय खेल बिरादरी ने यहां विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का शुक्रवार को समर्थन करते हुए न्याय सुनिश्चित करने के साथ त्वरित कार्रवाई की मांग की। चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा, पूर्व निशानेबाज बिंद्रा के अलावा, मुक्केबाज निकहत जरीन, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान, मदन लाल और नवजोत सिंह सिद्धू ने पहलवानों का समर्थन किया।

एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले भाला फेंक के एथलीट चोपड़ा ने कहा कि पहलवानों को न्याय के लिए सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा जो कि आहत करने वाला है। चोपड़ा ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटा जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले बीजिंग ओलंपिक 2008 में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले अभिनव बिंद्रा ने हाल में पहलवानों के प्रति अपना समर्थन जताया था।

विश्व चैंपियनशिप की दो बार स्वर्ण पदक विजेता जरीन ने कहा कि हमारे ओलंपिक और विश्व पदक विजेताओं को इस हाल में देखकर मेरा दिल टूट गया है। खेल से जुड़े लोग भी गौरव और सम्मान लाकर देश की सेवा करते हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि कानून अपना काम करेगा और इस मामले में जल्द से जल्द न्याय मिले।

सानिया मिर्जा ने ट्वीट किया कि एक एथलीट और उससे भी अधिक एक महिला के तौर पर यह देखना बहुत मुश्किल है। अब संकट के समय में उनके साथ खड़े होने का समय आ गया है।

इस मामले पर हालांकि भारत के किसी भी सक्रिय क्रिकेटर ने अपनी राय नहीं रखी है, लेकिन कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने अपने विचार साझा किए। सहवाग ने ट्वीट किया कि यह बेहद दुख की बात है कि देश का नाम रोशन करने वाले, झंडा ऊंचा रखने वाले और हम सबके लिए इतनी खुशियां लाने वाले हमारे चैंपियन को आज सड़क पर उतरना पड़ रहा है। यह बेहद संवेदनशील मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आशा है कि खिलाड़ियों को न्याय मिलेगा। पूर्व ऑफ स्पिनर और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद हरभजन ने लिखा कि साक्षी, विनेश भारत का गौरव हैं।

देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को सड़कों पर विरोध करते देखकर एक खिलाड़ी के रूप में मुझे पीड़ा हो रही है। इरफान पठान ने लिखा कि भारतीय एथलीट हमेशा हमारा गौरव होते हैं न केवल तब जब वे हमारे लिए पदक प्राप्त करते हैं,

मदन लाल ने कहा कि हमारे खेल में पुरुषों और महिलाओं के साथ समस्या यह है कि दूसरे खिलाड़ी ही उनके साथ खड़े नहीं होते हैं। पीटी. उषा की टिप्पणियां खिलाड़ियों की एकता के लिए सही नहीं है।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि वह सोमवार को खिलाड़ियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जंतर मंतर जाएंगे।

भारतीय महिला टीम की स्टार हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल ने कहा कि हमारे प्रसिद्ध पहलवानों को सड़क पर न्याय की मांग करते हुए देखना बेहद दर्दनाक है। वे न्याय के हकदार है।

### तीन मई को देशभर में संयुक्त किसान मोर्चा करेगा प्रदर्शन

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने कहा कि वह पहलवानों के समर्थन में तीन मई को देश भर में प्रदर्शन करेगा। एसकेएम (गैर-राजनीतिक), संयुक्त किसान मोर्चा से टूटकर बना समूह है। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था। पहलवानों ने यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोपों को लेकर सिंह के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू किया है।

# अदालत का सिसोदिया को जमानत देने से इनकार

**आबकारी नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कोर्ट ने धनशोधन मामले में कहा, यह जमानत देने का उपयुक्त समय नहीं



दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने यह कहते हुए सिसोदिया को राहत देने से इनकार कर दिया कि यह उन्हें जमानत देने के लिए उपयुक्त समय नहीं है।

न्यायाधीश ने सिसोदिया की याचिका पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिनमें दावा किया गया था कि जांच के लिए उनकी हिरासत की अब आवश्यकता नहीं है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने याचिका का विरोध किया था और कहा था कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। संघीय एजेंसी ने यह भी कहा था कि उसे कथित अपराध में उनकी मिलीभगत के नए सबूत मिले हैं। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर दर्ज मामले में 31 मार्च को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा था कि सिसोदिया ने दिल्ली सरकार में अपने और अपने सहयोगियों के लिए लगभग 90-100 करोड़ रुपए की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अदालत ने कहा था कि इस समय उनकी रिहाई से जारी जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और इसकी प्रगति गंभीर रूप से बाधित हो सकती है। सीबीआई और ईडी ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से सीबीआई ने की पांच घंटे पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बीमा घोटाले मामले में रिश्वत पेशकश को लेकर दिया था बयान

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर में कथित बीमा घोटाले की जांच के संबंध में शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। यह घोटाला मलिक के इस बयान के बाद सामने आया था कि उन्हें इससे संबंधित फाइल को मंजूरी देने के लिए रिश्वत की पेशकश की गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई का एक दल मलिक के दावों पर उनसे सवाल-जवाब करने के लिए आर के पुरम इलाके में उनके सोम विहार आवास पर सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर पहुंचा।

करीब पांच घंटे तक पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि इस दौरान पिछले साल सीबीआई के पास दर्ज कराए गए मलिक के बयानों में किए गए दावों के बारे में उनसे कई सवाल किए गए। सात महीने में दूसरी बार मलिक से सीबीआई ने पूछताछ की।

# कोविड-19 से आठ दिन में 40 लोगों की मौत

- बुजुर्ग और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों में संक्रमण से गंभीर हो रही स्थिति



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में 19 से 27 अप्रैल के बीच कोविड-19 संबंधी कम से कम 40 मौत दर्ज की गईं। विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण ज्यादातर बुजुर्ग रोगियों और अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों में गंभीर होता जा रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या कुल मिलाकर अभी कम नहीं हुई है और मामलों में कमी आने की शुरुआत होने संबंधी बात कहने से पहले अगले कुछ दिनों में संख्या पर नजर रखने की जरूरत है।

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, नए मामलों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़कर 20,37,061 हो गई है तथा महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 26,620 है।

विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि बृहस्पतिवार को जिन सात लोगों की मौत हुई, उनमें से तीन मामलों में कोविड-19 मौत का प्रमुख कारण था। गत 19 से 27 अप्रैल तक की अवधि के दौरान, शहर के स्वास्थ्य विभाग ने 21 अप्रैल को बुलेटिन जारी नहीं किया। इस अवधि में, शहर में 19, 22 और 25 अप्रैल को कोविड संबंधी छह-छह मौत दर्ज की गईं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 19 अप्रैल को दिल्ली में 28.63 प्रतिशत की संक्रमण दर के साथ 1,757 मामले दर्ज किए गए। 20 अप्रैल को, शहर में 26.75 प्रतिशत संक्रमण दर और कोविड संबंधी तीन मौतों के साथ 1,603 मामले दर्ज किए गए।


दैनिक मामलों की संख्या 22 अप्रैल को।,515 थी, जो 23 अप्रैल को 948 रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में 29.42 प्रतिशत की संक्रमण दर के साथ 689 मामले दर्ज किए गए और कोविड संबंधी तीन मौत दर्ज की गईं।

दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुरनजीत चटर्जी ने कहा कि मौतें हो रही हैं लेकिन ज्यादातर बुजुर्ग मरीज और सह-रुग्णता वाले लोग गंभीर रूप से संक्रमित हो रहे हैं।

# साल के अंत तक तैयार हो जाएंगे कई फ्लाईओवर

- पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने की फ्लाईओवरों के निर्माण और मरम्मत कार्य की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अधिकारियों संग बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

राष्ट्रीय राजधानी में 2 दर्जन से अधिक फ्लाईओवर परियोजनाओं की प्रगति व कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस साल के अंत तक दिल्लीवासियों की सुविधा के लिए 4 नए फ्लाईओवर व 2 अंडरपास समर्पित किए जायेंगे। इसमें सराय काले खां टी-जंक्शन फ्लाईओवर, पंजाबी बाग से राजा गार्डन तक के फ्लाइओवर का दोहरीकरण व विस्तार, आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर के बीच छह लेन के फ्लाईओवर, करावल नगर, घोंडा-बृजपुरी जंक्शन पर डबल डेकर फ्लाईओवर, मुकरबा चौक अंडरपास जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट्स दिल्ली को जाममुक्त बनाने के मुख्यमंत्री केजरीवाल के विजन को पूरा करेंगे।

समीक्षा बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि, वर्तमान में जितने भी फ्लाईओवरों का काम चल रहा है, उनका मासिक टारगेट बनाकर टाइमलाइन के साथ सभी प्रोजेक्ट्स को पूरा किया जाए और हर महीने उन्हें इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपी जाए।

# जंतर-मंतर के संरक्षण और संचालन के लिए बनी समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि यहां जंतर-मंतर वेधशाला के संरक्षण, जीर्णोद्धार और समुचित संचालन के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।

अदालत ने कहा कि उसे उम्मीद है कि स्मारक के संरक्षण, जीर्णोद्धार और समुचित संचालन की दिशा में कदम उठाने के लिए समिति जल्द से जल्द अपनी बैठक आयोजित करगी। अदालत ने इस संबंध में उसके द्वारा किए गए उपायों का संकेत देने संबंधी एक स्थिति रिपोर्ट मांगी। अदालत का यह आदेश उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 आदेश का पालन न करने के लिए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध संबंधी एक अवमानना याचिका पर आया है।

एएसआई ने एक शपथ पत्र दिया था कि जंतर-मंतर के मूल गौरव को बहाल किया जाएगा।

### नाइजीरियाई महिला का शव मैदान गढ़ी के फ्लैट में मिला

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके में शुक्रवार को एक नाइजीरियाई महिला का शव उसके किराए के फ्लैट में मिला।

पुलिस ने बताया कि महिला का शव बेड के बॉक्स के अंदर चादर में लिपटा हुआ था। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने बंद फ्लैट से बदबू आने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नकली चाबी बनाने वाले की मदद से फ्लैट को खोला गया और उन्होंने देखा कि एक महिला का शव चादर में लिपटा हुआ है।

उन्होंने बताया कि महिला की पहचान ओबिनोज एलेक्जेंडर के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# कचरा उठाने वाले वाहनों में लगेंगे जीपीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उच्च स्तरीय समिति के आदेश पर पायलट परियोजना शुरू

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा नियुक्त एक उच्च स्तरीय समिति ने आदेश दिया कि दिल्ली के पश्चिमी क्षेत्र और द्वारका इलाकों में कचरा संग्रहण वाहनों में जीपीएस उपकरण लगाने और उनकी निगरानी के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की जाए।

उप राज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में ठोस कचरे के प्रबंधन और निपटान की निगरानी के लिए गठित समिति की पहली बैठक 25 अप्रैल को हुई थी। समिति का गठन फरवरी में एनजीटी द्वारा किया गया था। राज निवास के अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान समिति ने पश्चिमी क्षेत्र और द्वारका में पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक परियोजना शुरू करने का फैसला किया, जहां सफाई और कचरों का संग्रहण सुबह पांच से बजे शुरू होता है।

उन्होंने बताया कि कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाने और उस पर निगरानी के लिए जीपीएस उपकरण लगाने का भी फैसला किया गया है।

समिति ने अधिकारियों को हर दिन तस्वीरों के साथ एक रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया।



# मोरपंख के रंगों से सजेंगे रैपिडएक्स स्टेशन

## यात्रियों के लिए होंगी अनेक सुविधाएँ, परिचालन के लिए तैयार हुए खूबसूरत स्टेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश के पहले रीजनल रेल कॉरिडोर पर रैपिडएक्स स्टेशनों के निर्माण पूरा होने के बाद इसके डिजाइन व राष्ट्रीय पक्षी मोर के रंग से सजे स्टेशन लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। एनसीआरटीसी द्वारा भारत के प्रथम रीजनल रेल कॉरिडोर के लिए निर्मित रैपिडएक्स स्टेशनों के रंगों की प्रेरणा मोरपंख के रंगों से ली गई है।

इन रैपिडएक्स स्टेशनों को मोरपंख की तरह सजाया गया है। यहां स्टेशनों के बाहरी फसाड को नीले रंग के शेड्स और बेज रंग में रंगा गया है। ये स्टेशन दिखने में काफी सुंदर लग रहे हैं। इन स्टेशनों की बाहरी छत के दोनों किनारे उठे हुए हैं।

इन सभी खूबियों से सजे रैपिडएक्स स्टेशन जल्द ही यात्रियों के लिए संचालित होने वाले हैं। एनसीआरटीसी जल्द ही, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड को निर्धारित समय से पहले ही जनता के लिए परिचालित करने जा रहा है।

**अबतक 5 स्टेशन हुए तैयार**

रीजनल रेल कॉरिडोर पर दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक पांच स्टेशन करीब-करीब तैयार हो चुके हैं। दुहाई डिपो, दुहाई, गुलधर, गाजियाबाद, साहिबाबाद स्टेशन के बाहरी फसाड के रंग राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित हैं। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल

### जल्द ही चलने लगेंगी ट्रेनें

रीजनल रेल कॉरिडोर पर जल्द ही पहले फेज में रैपिडएक्स का संचालन शुरू हो सकता है। दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक 5 स्टेशन लगभग तैयार हैं। रैपिडएक्स स्टेशनों को हवादार और खुला बनाया गया है। यहां आसानी से प्राकृतिक रोशनी से आ सकती है। स्टेशनों की दीवार के लिए बेज रंग के छिद्रित पैनल लगाए गए हैं। रेलिंग के साथ-साथ बेज रंग के लूव्र भी लगाए गए हैं।

'रैपिडएक्स' के सभी स्टेशन मोरपंख के रंगों से सजे हैं। फसाड को नीले रंग के दो शेड्स और बेज़ रंग में बनाया गया है।

### स्पीड को दिखाते हैं छत पर उठे हुए किनारे



*रैपिडएक्स की सबसे खास बात है इसकी स्पीड। स्टेशनों की डिजाइन में भी यह देखने को मिलेगा। रैपिडएक्स स्टेशनों की बाहरी छत के दोनों किनारे उठे हुए हैं। यह स्पीड को दर्शाता है। रैपिडएक्स स्टेशनों की चौड़ाई हर स्टेशन के हिसाब से अलग-अलग हैं। वहीं देश के पहले रीजनल रेल कॉरिडोर पर आपको कई जगहों पर मोरपंख देखने को मिल जाएंगे। रैपिडएक्स स्टेशन ही नहीं, बल्कि फुट ओवरब्रिज भी मोरपंख के रंगों से रंगे हैं। उन फुट ओवरब्रिज को कवर किया गया है, जिससे यात्री धूप और बारिश से बच सकें।*

# अब सेक्टर-37 में नहीं डलेगा सेक्टर-10ए, कादीपुर का कूड़ा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**सेक्टर-37** में खाली ग्राउंड में सेक्टर-10ए व कादीपुर के कूड़े का डंपिंग करने को लेकर लोगों के अनुरोध पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कदम बढ़ाया।

उन्होंने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार का वहां दौरा कराकर मुआयना करवाया और लोगों की समस्या बताई। संयुक्त आयुक्त ने आश्वस्त किया कि यहां आगे से कूड़ा नहीं डालने दिया जाएगा और यहां की सफाई भी करवाई जाएगी। नवीन गोयल ने

## नवीन गोयल के अनुरोध पर संयुक्त आयुक्त नगर निगम ने किया दौरा

## विश्व मजदूर दिवस मनाने के लिए हो रही है सफाई

बताया कि सेक्टर-37 में पेट्रोल पंप के पीछे एक खाली ग्राउंड है। यहां पर लोग कूड़ा डाल जाते हैं। पता चला कि सेक्टर-10ए और कादीपुर का कूड़ा यहां डाला जाता है। यहां



गुरुग्राम के सेक्टर-37 में गंदगी हटाने को लेकर दौरा करते नवीन गोयल व निगम के अधिकारी।

कूड़ा डालने के कारण सेक्टर-10 और आसपास के रिहायशी व व्यवसायिक क्षेत्रों में बदबू से परेशानी होती है। बीमारियां फैलने का डर भी रहता है। इस तरह अवैध से यहां कूड़ा डालकर से डंपिंग स्टेशन का रूप देना सही नहीं है। नवीन गोयल ने कहा कि हम सबको समझदारी दिखानी चाहिए। जो भी यहां कूड़ा डालते हैं, उसने आग्रह करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि वे ऐसा ना करें। जैसे हमें दूसरों की वजह से परेशानी होती है, ऐसे ही आपकी वजह से दूसरों को परेशानी हो रही है। कूड़ा निर्धारित जगह पर ही डाला जाना चाहिए, ताकि उसका उठान हो सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य कोई भी करता हो, लेकिन समस्या हजारों लोगों को हो रही है।

सिर्फ बदबू ही नहीं, ऐसे कूड़ा डालने से हमारा वातावरण भी अशुद्ध होता है। कूड़ा, गंदगी डालने के लिए नगर निगम द्वारा स्थान निर्धारित किए गए हैं। वहां पर हम कूड़ा डालकर अच्छे नागरिक होने का परिचय दें। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण विभाग यहां तीन दिन से सफाई भी करवा रहा है। इस दौरान सफाई इंस्पेक्टर सुधीर, गुरदीप साही भी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि पूर्वांचल एकता मंच की ओर से हरियाणा-पूर्वांचल मैत्री कार्यक्रम किया जाना है। जिसकी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में यहां कूड़ा डालकर जाने वालों को सोचना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार से आग्रह किया कि वे निगम की ओर से यहां अगर सफाई का कार्य करवा दें तो लोगों को सहूलियत होगी। कूड़ा कहीं और डलवाने की व्यवस्था भी करें, ताकि आगे भी कोई यहां कूड़ा ना डाले।

# ओला इलेक्ट्रिक ने गुड़गांव में अपने डी2सी कदमों का विस्तार किया, दो नए एक्सपीरियंस सेंटर खोले

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारत** की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने पूरे देश में अपनी डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर पहुंच का विस्तार करने की कार्ययोजना के तहत कई अन्य शहरों के साथ गुड़गांव में अपने दो नए ओला एक्सपीरियंस सेंटर्स (ईसी) के लॉन्च की घोषणा की है। ये नए लॉन्च किए गए एक्सपीरियंस सेंटर मनोहर नगर, सेक्टर 8 में न्यू रेलवे रोड और इस्लामपुर गांव, सेक्टर-38 में सोहना गुड़गाँव रोड पर स्थित हैं, जिसके बाद गुड़गांव में ओला एक्सपीरियंस सेंटर्स की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इसके पहले लॉन्च किया गया। सेंटर डीएलएफ सिटी फेज 2, सेक्टर 25 में है।

ओला एक्सपीरियंस सेंटर्स को ग्राहकों को सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे देने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां ग्राहक एस1 और एस1 प्रो स्कूटर्स की टेस्ट राईड ले सकते हैं, खरीद की पूरी प्रक्रिया में एक्सपर्ट मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। यहां ग्राहक ओला ऐप से खरीद प्रक्रिया पूरी करने से पहले फाईनेंसिंग के विकल्पों की विस्तृत जानकारी पा सकते हैं। ये एक्सपीरियंस सेंटर ओला स्कूटर की पोस्ट सेल केयर एवं मेंटेनेंस के लिए भी वन-स्टॉप डेस्टिनेशन हैं। ओला अब अपने 2,50,000 ग्राहकों के समुदाय से केवल 20 किलोमीटर दूर है, और उन्हें अपनी सर्विस की सभी जरूरतों एवं हर आवश्यकता के लिए आसानी से उपलब्ध




सहायता प्रदान करता है। ओला ने हाल ही में भिन्न-भिन्न रेंज की जरूरतों वाले ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। वर्तमान में ओला छह मॉडल उपलब्ध करा रहा है। ओला एस1 रेंज के हर वैरिएंट में स्लीक और मिनिमलिस्ट डिज़ाईन, अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी और अतुलनीय परफॉर्मेंस मिलती है। एस1 और एस1 प्रो मॉडल्स की अपार सफलता ने ओला को अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता बना दिया है, जिसके पास 30 प्रतिशत से ज्यादा बाजार अंश है। ओला भारत में अपने फिज़िकल फुटप्रिंट्स का विस्तार करने के लिए बड़े कदम उठा रहा है। इन नए एक्सपीरियंस सेंटर्स के साथ कंपनी अप्रैल के अंत तक 500 टचप्वाईंट्स पूरे करने की ओर बढ़ रही है। साथ ही, ओला इलेक्ट्रिक ने 15 अगस्त तक 1,000 टच प्वाईंट्स तक पहुँचने का लक्ष्य स्थापित किया है, और उसकी ओर तत्परता से कार्य जारी है।

# नीदरलैंड के पैटर्न पर आइस स्केटिंग सीखेंगे गुरुग्राम के स्केटर्स

**गुरुग्राम।** वर्ष 2024 में होने वाले यूथ गेम्स, वर्ल्ड कप सहित विदेशों में होने वाले आइस स्केटिंग के सभी प्रकार के ईवेंट को लेकर उनकी टीम की नीति एवं रणनीति स्पष्ट है। नीदरलैंड के पैटर्न पर गुरुग्राम के खिलाड़ी भी आइस स्केटिंग सीखेंगे। यह कहना है गुरुग्राम आइस स्केटिंग एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश बत्रा की। उन्होंने कहा कि जिले के टॉप चयनित खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के आधार पर सुविधा, प्रशिक्षण एवं दूसरे प्रकार की मदद प्रदान की जाएगी।

मुकेश बत्रा ने कहा कि जिले में आइस स्केटिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए नीदरलैंड का पैट्रन अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड में आईस स्केटिंग रिंगों की कमी को देखते हुए वहां के खिलाड़ी साधारण स्केटिंग रिंग में अभ्यास करते हैं, और उसके बाद उन खिलाड़ियों को उनकी दक्षता एवं जरुरत के हिसाब से आईस स्केटिंग रिंग में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। समाजसेवी मुकेश बत्रा को गुरुग्राम आइस स्केटिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़ के अनुमोदन पर प्रदेशाध्यक्ष बिजेंद्र लोहान एवं महासचिव नरेश सेलपाड़ ने उन्हें सेक्टर-37-डी के क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में इस संबंध में नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस दौरान गुरुग्राम आइस स्केटिंग एसोसिएशन के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश बत्रा ने कहा कि उनका लक्ष्य हर हाल में ओलम्पिक में पदक लाना होगा। इस दौरान आइस स्केटिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़, रश्मी राय, कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा, हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार वर्मा, सोनीपत की महासचिव सुमन, फरीदाबाद की अध्यक्षा ममता सिंह, फरीदाबाद की सचिव सोनू सहरावत सहित कई जिलों के पदाधिकारी एवं कोच मौजूद रहे।

**सहकारिता मंत्री की एनडीडीबी को सलाह**

# कोऑपरेटिवों को केंद्र में रख भारत को 'विश्व की डेरी' के रूप में करें स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**अमित** शाह, गृह और सहकारिता मंत्री, भारत सरकार ने भारतीय डेरी क्षेत्र में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पहल की सराहना की और डेरी बोर्ड से सहकारी डेरियों को और मजबूत करने और जिन पंचायतों/गांवों में डेरी उद्योग की क्षमता है वहां डेरी सहकारी समितियों का गठन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा।

मंत्री ने बहु वस्तु सहकारी समितियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कहा कि सहकारी समितियों के उत्पादन के निर्यात के लिए एक ब्रांड होना चाहिए, जैविक उत्पाद को बढ़ावा देना चाहिए, सहकारी समितियों के बीच सहयोग से दुग्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का बेहतर उपयोग होना चाहिए। डेरी मशीनरी के निर्माण में आत्मनिर्भरता लाना होगा और एनडीडीबी की सहायक कंपनी




आईडीएमसी लिमिटेड के माध्यम से स्वदेशी डेरी उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देना होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि एनडीडीबी की सहायक कंपनियों को इन लक्ष्यों को हासिल करने में अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। एनडीडीबी के अध्यक्ष मीनेश शाह ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत, सहकारिता सचिव ज्ञानेश कुमार, संयुक्त सचिव पंकज कुमार बंसल और एनडीडीबी निदेशक मंडल के सदस्य वर्षा जोशी, अतिरिक्त सचिव (डेरी विकास), पशुपालन विभाग, भारत सरकार, शामलभाई बालाभाई पटेल, अध्यक्ष, गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड, निहाल चंद शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, डॉ. एनएच केलावाला, कुलपति, कामधेनु विश्वविद्यालय की उपस्थिति में किया। मंत्री ने पड़ोसी देशों और अफ्रीकी देशों में डेरी को मजबूत करने के लिए एनडीडीबी की पहल को भी सराहा। किसानों की आय को और बढ़ाने के लिए भारत को गुणवत्ता वाले दूध और दूध उत्पादों के निर्यात के माध्यम से "विश्व की डेरी" बनने की जरूरत है। इससे प्रधानमंत्री के "वसुधैव कुटुम्बकम" के लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। एनडीडीबी चेयरमैन ने माननीय मंत्री को भारत के डेरी परिदृश्य के बारे में अवगत कराया।

# रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स का मशहूर पेय ब्रैंड "कैंपा" उड़ान प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**रिलायंस** कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (आरपीसीएल) ने आज उड़ान पर अपना प्रतिष्ठित पेय ब्रांड, 'कैम्पा' रेंज उपलब्ध कराने के लिए अखिल-भारतीय वितरण साझेदारी की घोषणा की। उड़ान खुदरा विक्रेताओं और छोटे किराना दुकानों के लिए भारत का सबसे बड़ा ई-बी2बी प्लैटफॉर्म है। शुरुआत में आरसीपीएल के कैम्पा पेय की रेंज 50,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं/किराना दुकानों पर मिलेगी। इस वितरण को अगले दो महीनों में धीरे-धीरे 1 लाख से अधिक खुदरा विक्रेताओं/किराना दुकानों तक विस्तारित किया जाएगा।

उड़ान ने हाल ही में अपनी ग्रामीण पहल "प्रोजेक्ट विस्तार" को शुरू किया है, जिसका लक्ष्य भारत में विशाल अवसर का लाभ उठाकर फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) और फूड प्रॉडक्ट्स




की श्रेणी का विस्तार करना है। इस परियोजना के तहत उड़ान तीन हजार तक की आबादी के हर गांव को अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में इस परियोजना को उत्तर प्रदेश के गांवों में लागू किया गया है और यह परियोजना 10 जिलों में 15 हजार से ज्यादा रिटेलर्स तक पहुंच चुकी है। कंपनी का लक्ष्य अगले 10-12 महीनों में 10 हजार से ज्यादा गांवों और कस्बों में अपनी पहुंच बढ़ाना है। प्रोजेक्ट विस्तार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दूरी को कम करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। उम्मीद है कि उड़ान के विशाल किराना नेटवर्क का लाभ उठाकर कंपनियां विस्तृत रेंज के एफएमसीजी प्रॉडक्ट्स को गांव के लोगों को उपलब्ध कराएंगी।

उड़ान के हेड-एफएमसीजी बिजनेस, विनय श्रीवास्तव ने कहा कि, "हम इस गर्मी में भारतीय उपभोक्ताओं के लिए 'शानदार भारतीय स्वाद' (द ग्रेट इंडियन टेस्ट) पेश करते हुए उत्साहित महसूस कर रहे हैं। हमारा मानना है कि हमारे बड़ी संख्या में रिटेल विक्रेताओं और किफायती वितरण नेटवर्क के संयोजन से हम सम्पूर्ण भारत में बाजार में 'कैम्पा' रेंज की व्यापक पहुंच के लिए आरसीपीएल की ज़रूरतें पूरी करने के लिए खास स्थिति में हैं।" उन्होंने आगे कहा, "उड़ान के विस्तृत वितरण नेटवर्क और रिटेल पार्टनर्स के साथ मजबूत संबंधों से कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय ब्रांडों को लाभ हुआ है।

**गैलाबॉक्स ने मजबूत वृद्धि दर्ज की, क्योंकि**

# बिक्री बढ़ाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए एसएमबीज कर रहे व्हाट्सऐप का उपयोग

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**एक** संवादपूर्ण वाणिज्य मंच, गैलाबॉक्स, जो छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) को व्हाट्सऐप द्वारा अपनी बिक्री बढ़ाने में मदद करता है, ने पिछले छह महीनों में जबरदस्त वृद्धि की घोषणा की है। गैलाबॉक्स का उपयोग 1,000 से ज्यादा संगठन यात्रा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उत्पाद वाणिज्य और रियल इस्टेट जैसे विभिन्न सेक्टर्स में कर रहे हैं। गैलाबॉक्स के ग्राहकों में पिकयोरट्रेल, गोआयरलैंड, वकीलसर्च, जुपे, कॉवेरीमेड्स, नेक्स्टवेव, शिपरॉकेट, एवं इल्यूजन एलाइनर्स आदि कंपनियां शामिल हैं। यह कंपनी वर्तमान में मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, कोलकाता में कार्य कर रही है और 2023 के अंत तक टियर-2 शहरों में विस्तार करने की भी इसकी योजना है। गैलाबॉक्स के ग्राहक भारत के अलावा 20 से ज्यादा देशों में मौजूद हैं, और यह अगले 6 महीनों में ब्राजील, मध्यपूर्व और एपीएसी देशों में विस्तार करने पर केंद्रित है।

कार्तिक जगन्नाथन, योगेश नारायणन और यथिन पंचनाथन द्वारा स्थापित, गैलाबॉक्स एसएमबी को व्हाट्सऐप पर अपनी बिक्री संबंधित बातचीत का प्रबंधन करने और लीगेसी टूल का उपयोग कर ग्राहक से बातचीत की कमी एवं खराब अनुभव को दूर करने में समर्थ बनाता है। यह नो-कोड संवादपूर्ण वाणिज्य मंच व्हाट्सऐप बिज़नेस एपीआई की मदद से एसएमबी को अपनी बिक्री से जुड़ी बातचीत की प्रक्रिया में सुधार लाने और मोबाइल ऐप के बिना ही अपने ग्राहकों को एक पूर्ण मोबाइल अनुभव प्रदान करने में समर्थ बनाता है।

कार्तिक जगन्नाथन, सीईओ एवं को-फाउंडर, गैलाबॉक्स "छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों को पारंपरिक टूल्स, जैसे एसएमएस, ईमेल, और कॉल सेंटर्स का उपयोग कर ग्राहक बनाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बड़ी कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उन्नत संवादपूर्ण कॉमर्स टूल्स ग्राहक बनाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन वो छोटे व्यवसायों के लिए बहुत महंगे और स्थापित करने में जटिल होते हैं। हम ऐसे टूल्स को जनसमूह तक पहुंचाना चाहते हैं। गैलाबॉक्स विकसित होते हुए व्यवसायों को इन बाधाओं को पार करने और अपनी बिक्री तेजी से बढ़ाने में मदद करने के लिए व्हाट्सऐप का उपयोग करता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये टूल्स व्यवसायों को किफायती मूल्य में उपलब्ध हो सकें और इन्हें इस्तेमाल करना बहुत ही आसान हो।" जिन्नोव के अनुसार भारत में 75 मिलियन एसएमबी हैं, जिनमें से 20 मिलियन डिजिटल प्रभाव रखते हैं। व्हाट्सऐप के 2 बिलियन से ज्यादा यूज़र्स हैं, जिनमें से 500 मिलियन यूजर भारत में हैं। एसएमएस में स्पैम की संख्या बढ़ने के साथ ये बिजनेस अपने ग्राहकों के साथ संपर्क करने के लिए व्हाट्सऐप को सबसे अच्छा तरीका पा रहे हैं। जहां बड़े उद्यमों के पास व्हाट्सऐप पर अपने ग्राहकों के साथ संचार और विनिमय करने के लिए संवादपूर्ण टूल मौजूद हैं।

# प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बच्चे का शिक्षा का आधार बनाने के लिए जरूरी



निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत अधिकारियों की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**शिक्षा** विभाग की ओर से कक्षा एक से तीन तक के स्कूली बच्चों को खेल ही खेल में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने व शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए शुरू की गई निपुण हरियाणा कार्यक्रम के संबंध में शुक्रवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों की बैठक ली।

डीसी ने कहा कि विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर से ही शिक्षा की क्षेत्र में मजबूत आधार बनाने के लिए शुरू से ही उन पर ध्यान देने की जरूरत है। इस लिहाज से बच्चों को गुणवत्ता प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए और इस दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा चलाया गया निपुण हरियाणा कार्यक्रम काफी कारगर सिद्ध हो रहा है है। इस कार्यक्रम से प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बेहतर ढंग सीख कर अपने कार्य में निपुण बन रहे हैं। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की कमेटी भी बनाई गई है, जो प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा की नींव को मजबूत करने व आगामी कक्षाओं में विशेष रूचि लेकर जहां शिक्षा ग्रहण कर सकें, वहीं कक्षा का सत्र पूरा होने से पूर्व छोड़ने पर अंकुश लगाना है।

# ब्लू डार्ट ने लाखों भारतीयों के लिए डिलीवरी बढ़ाने वाली अभिनव लोकेशन टेक्नोलॉजी व्हॉट3वर्ड्स को अपनाया है

**पयनियर समाचार सेवा। मुंबई**

**ब्लू** डार्ट, भारत की एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स कंपनी और डॉयचे पोस्ट डीएचएल ग्रुप के डीएचएल ई-कामर्स सॉल्यूशंस डिवीजन का हिस्सा है, जिसने आज अभिनव लोकेशन टेक्नोलॉजी व्हॉट3वर्ड्स के साथ साझेदारी की है। अब रिटेलर ग्राहकों को चेकआउट के समय अपने सेवाओं में एक व्हॉट3वर्ड्स फील्ड जोड़ सकते हैं ताकि ब्लू डार्ट कोरियर किसी भी 3द्व × 3द्व वर्ग तक सटीक डिलीवरी कर सकें। ग्राहक 'माय ब्लू डार्ट' ऐप, ब्लू डार्ट के वेबसाइट और ऑन द मूव (ओटीएम) प्लेटफॉर्म के एड्रेस सेक्शन में अपना व्हॉट3वर्ड्स पता जोड़कर डिलीवरी लोकेशन स्पष्ट कर सकते हैं, चाहे वह अपने घर या मकान का प्रवेश द्वार हो, या एक छुपी हुई मार्ग।

भारत में पते पिन-कोड के रूप में डिलीवरी डाकघरों से जुड़े होते हैं। ये बहुत बड़े क्षेत्रों से सम्बंधित हैं जिसमें अक्सर सड़क के नाम दोहराए जाते हैं या इनके गलत होने की संभावना होती है। इससे ग्राहकों को यह बताने में दिक्कत आती है कि डिलीवरी कहाँ करनी है, और डिलीवरी ड्राइवरों को मंज़िल का पता लगाने में मुश्किल आती है। इन मुद्दों को हल करने के लिए ही व्हॉट3वर्ड्स बनाया गया है।

व्हॉट3वर्ड्स ने दुनिया को 3m × 3m वर्गों के एक ग्रिड में बांटा है और




हर वर्ग को तीन शब्दों का एक अनूठा पता दिया है : एक व्हॉट3वर्ड्स पता। जैसे ///शहद.मानवता.मुक्त, ब्लू डार्ट के अंधेरी हेड ऑफिस का व्हॉट3वर्ड्स पता है। यह दुनिया में किसी भी सटीक पते को खोजने, शेयर और वहां तक नेविगेट करने का एक सरल तरीका है। यह टेक्नोलॉजी ऑफलाइन और 54 अन्य भाषाओं के साथ साथ, 12 दक्षिण एशियाई भाषाओं में भी उपलब्ध है: हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, कन्नड़, नेपाली, उर्दू, गुजराती, मलयालम, पंजाबी और उड़िया। अब ब्लू डार्ट के रिटेलर चेकआउट करते समय एक व्हॉट3वर्ड्स पता जोड़ सकते हैं ताकि ग्राहक बता पाए कि वह डिलीवरी कहां करवाना चाहते हैं। ब्लू डार्ट के ग्राहक iOS और Android पर उपलब्ध नि:शुल्क व्हॉट3वर्ड्स के ऐप या व्हॉट3वर्ड्स के ऑनलाइन नक्शे पर अपना अनूठा व्हॉट3वर्ड्स पता प्राप्त कर सकते हैं। फिर माय ब्लू डार्ट ऐप, वेबसाइट या ओटीएम के एड्रेस सेक्शन में अपना व्हॉट3वर्ड्स पता सेव कर सकते हैं। ब्लू डार्ट के ग्राहक और डिलीवरी प्लेटफॉर्म ग्राहकों को अपने डिलीवरी में एक शक्तशाली और नम्य भूमिका निभाने का मौका देती है और व्हॉट3वर्ड्स के जुड़ने से डिलीवरी में सटीकता और बढ़ेगी। केतन कुलकर्णी, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, ब्लू डार्ट, "ब्लू डार्ट के ग्राहक केंद्रित मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, हमने ग्राहकों की सुविधा और प्रसन्नता से जुड़े ब्रांड प्रतिबद्धता पर खरा उतरने के लिए व्हॉट3वर्ड्स के साथ साझेदारी की है। तीन शब्दों का पता ना सिर्फ एक 'आखिरी मील' डिलीवरी देगा बल्कि ग्राहक द्वारा बताये सटीक 3 मीटर पते तक पहुंचकर डिलीवरी में क्षमता बढ़ाएगा। हमारा मानना है कि जैसे व्हॉट3वर्ड्स का उपयोग बढ़ता जाएगा।" व्हॉट3वर्ड्स के को-फाउंडर और सीईओ, क्रिस शेल्ड्रिक : "व्हॉट3वर्ड्स भारत जैसे बाज़ार में डिलीवरी के लिए एक आदर्श टेक्नोलॉजी है क्यूंकि भारत में पता ढूंढना जटिल और अक्सर त्रुटिपूर्ण होता है। ब्लू डार्ट के साथ हमारी साझेदारी का मतलब है कि कोई भी, चाहे उनके घर को ढूंढना कितना भी मुश्किल क्यों न हो, ये सुनिश्चित कर सकता है कि उनकी डिलीवरी सही जगह पर हो जाए।"

# अमेजन फैशन ने किए जेन-जी शॉपर्स के लिए 1 मिलियन से अधिक प्रोडक्ट पेश

## भारत का पहला 'नेक्स्ट जेन स्टोर'

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**470** मिलियन से अधिक आबादी वाले भारत की पहली 'डिजिटल' पीढ़ी, जेन-जी लेटेस्ट ट्रेंड पेश करने के साथ ही आज की संस्कृति को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। जेनरेशन ज़ी की सोच और जीवन शैली को लेकर उनकी पसंद, पहनावे को लेकर उनकी प्राथमिकताएं भविष्य के उपभोग का पैटर्न तय कर रही हैं। यह ग्राहक वर्ग सिर्फ एक क्लिक में दिखने में बेहद खूबसूरत और आकर्षक जीवन शैली चाहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अमेज़न फैशन ने 'नेक्स्ट जेन स्टोर' के लॉन्च की घोषणा की है। अमेजन फैशन के पास 200 से अधिक लोकल और ग्लोबल फैशन ब्रांड हैं जो जेन-ज़ी ग्राहकों के लिए बेहद खास, आधुनिक और फैशनेबल स्टाइल प्रदान करते हैं।

'द नेक्स्ट जेन स्टोर' को जेन जी की लगातार बदलती हुई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहद सावधानी के साथ डिजाइन किया गया है, साथ ही यहां वाइब्रेंट प्रिंट, मोनोक्रोम, नियॉन, कॉटन, लिनेन, कलर-पॉप फुटवियर, बैगूएट बैग, लेयरिंग, ओवरसाइज फिट आदि जैसे ट्रेंडिंग प्रोडक्ट का संग्रह पेश किया गया है। इसके अलावा, नेक्स्ट जेन स्टोर' पर कपड़ों के संग्रह के अलावा एक्सेसरीज, स्मार्टवॉच, स्नीकर्स, स्पोर्ट्स शूज़ और हाई बूट्स की रेंज भी पेश की गई है। यहां मौजूद कुछ प्रमुख ब्रांडों में लेवाइस, सॉल्ड स्टोर, मार्स, लैकोस्टे, क्रॉक्स, टाइमेक्स, माईग्लैम, ओनली, वेरो मोडा, टॉमी हिलफिगर, जैक एंड जोन्स, एंड, फास्ट्रैक, फॉसिल, प्यूमा, एडिडास, लोरियल आदि शामिल हैं।

सौरभ श्रीवास्तव, डायरेक्टर और हेड, अमेजन फैशन इंडिया, ने लॉन्च के मौके पर कहा, "90 के दशक के मध्य ओर 2000 के दशक की शुरुआत में पैदा हुए, ये युवा और फ्यूचरिस्टिक न्यूरोट्रांसमिटर्स एक शक्तिशाली युवा शक्ति के रूप में काम कर रहे हैं। जेन-जी फैशन बोल्डनेस और साहस का मंत्र देते हैं, वे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल इंफोर्मेशन और सशक्तिकरण के लिए साधन के तौर पर करते हैं। एक खरीदार के रूप में, वे 'हर जगह कॉमर्स', बटन के एक क्लिक पर सुविधा चाहते हैं, और इस जरूरत को पूरा करने के लिए हमनें जेन-जी के लिए समर्पित भारत में अपनी तरह के पहले वन-स्टॉप-ऑनलाइन-स्टोरफ्रंट 'नेक्स्ट जेन स्टोर' को लॉन्च किया है। इस अनूठे स्टोरफ्रंट में 200 से अधिक जेन-जी के पसंदीदा ब्रांड्स हैं और इसका उद्देश्य उनके वार्डरोब की सभी जरूरतों को पूरा करना है।

# फोर्स IX ने मैक्सिमम सिटी में किया अपना विस्तार !

## अक्षय कुमार के इस एथलेजर लेबल ने मुंबई में अपने फ्लैगशिप स्टोर को किया लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**इस** साल जनवरी में एक नए सिरे से परिभाषित अपने एथलेजर-वियर लेबल के 'सॉफ्ट लॉन्च' के बाद अब बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार मुंबई के 'क्वीन ऑफ द सबअर्ब्स', बांद्रा में फोर्स IX के फ्लैगशिप बुटीक को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चहल-पहल वाले लिंकिंग रोड के शॉपिंग डिस्ट्रिक्ट के बीचों बीच स्थित, 1,800 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर नेशंस फोर्सेज द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के बूट कैम्प्स एवं ट्रेनिंग कैम्प्स से प्रेरित है और कुछ इस तरह से डिज़ाइन किया गया है, जहां पर फॉर्म फंक्शन के साथ मिलकर, स्पेस को एक अलग पहचान तथा कैरेक्टर प्रदान करता है।

फोर्स IX का यह नया स्टोर पहला फिजिकल एड्रेस वाला स्टोर है जो कि मुंबई के लिए एक फ्लैगशिप स्टोर के रूप में काम करेगा, साथ ही पूरे शहर में फैशन-फॉरवर्ड पेट्रोनस अर्थात



संरक्षकों को एक नए सिरे से परिभाषित एथलेजर वियर प्रदान करेगा। ब्रांड के इस पहले फ्लैगशिप स्टोर के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, फोर्स IX के पीछे के विजिनरी और को-फाउंडर अक्षय कुमार कहते हैं कि, "फोर्स IX के पीछे का हमारा पूरा आईडिया एक ऐसे ब्रांड को बनाना था जो कि स्टाइल और आराम को पूरा ध्यान रखता हो। जब हमने इस ब्रांड पर काम करना शुरू किया, तो हमें कम ही पता था कि यह हमारे लिए इतना महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगा और कुछ ही महीनों के इस अथक परिश्रम के बाद, मुझे फोर्स IX का पहला फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च करने पर बेहद गर्व है, इसके साथ ही मेरा मानना है कि यह केवल एक शॉपिंग एक्सपीरियंस न होकर लाइफ स्टाइल एक्सपीरियंस है। मुझे पूरी आशा है कि फोर्स IX का यह फ्लैगशिप स्टोर हमारे पेट्रोन्स को प्रोडक्ट और रिटेल एक्सपीरियंस के माध्यम से मेरे लाइफस्टाइल की एक छोटी सी झलक प्रदान करेगा।" इसी पर आगे जोड़ते हुए, ब्रांड के लॉन्च को लेकर बात करते हुए, फोर्स IX की पैरेंट कंपनी, 9 एएम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर श्री मनीष मंधाना कहते हैं, फोर्स IX ब्रांड को बहुत सोच-विचार, गहन शोध एवं अद्वितीय भावनाओं के साथ तैयार किया गया है। इसके साथ ही मुझे पूरी उम्मीद है कि मुंबई में ब्रांड का यह फ्लैगशिप स्टोर हमारे पेट्रोन्स के लिए एक नए सिरे से परिभाषित एथलेजर वियर की खरीदारी करने का एक महत्वपूर्ण 'डेस्टिनेशन' बन जाएगा, जिसमे तमाम डिटेल्स को बड़ी बारीकी के साथ क्रिएट तथा एक उद्देश्य के साथ क्यूरेट किया गया है।" फोर्स IX के कलेक्शंस में पाए जाने वाले डिजाइन जो कि इस नए स्टोर में पेश किए जाएंगे, आर्म्ड फोर्सेज के एस्थेटिक्स से प्रेरित हैं और इन्हे न्यू-ऐज सेंसिबिलिटीज में तब्दील करते हैं,जो कि जेन-जी पीढ़ी को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। इसके अलावा ब्रांड का उद्देश्य ऐसा स्टाइल क्रिएट करना है जो कि न केवल यूनिक हो बल्कि सहज और वर्सेटाइल होने के साथ साथ, ब्रांड का एक मूल में भी निहित हो।

# सड़क से ज्यादा दिखाई दे रहे मेनहोल कहीं बाहर तो कहीं सड़क के अंदर

## कहीं चार से छह इंच ऊपर ढक्कन रखे हैं तो कहीं गड्ढे में ढक्कन हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



मीनार गेट स्थित मुख्य बाजार की सड़क पर ऊंचा बनाया गया चैंबर।



माल गोदाम रोड पर चार इंच नीचे चैंबर का ढक्कन।



शिव कालोनी में एक स्कूल के पास सड़क से नीचे चैंबर का ढक्कन।

**शहर** में बिछाई गई सीवरेज लाइन की ज्यादातर जगह पर सीवरेज के चैंबरों पर लगे ढक्कन लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। सीवरेज बिछने के बाद नगर परिषद व लोक निर्माण विभाग द्वारा जो सड़कें बनाई गई, उसमें ढक्कन कई जगह तो सड़क के लेवल से काफी नीचे चले गए, जिस कारण वहां पर अक्सर वाहन झटके खाते हैं, इसके अलावा उस जगह पर पानी भी इकट्ठा हो जाता है।

कई जगह ढक्कन सड़क के लेवल से ऊंचे होने से भी वाहनों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। पलवल शहर में करीब 175 किलोमीटर लंबी सीवर लाइनें डाली गई हैं। एक सीवरेज गटर की दूरी दूसरे गटर से करीब 30 मीटर होती है। इस हिसाब से करीब छह हजार सीवरेज के मेनहोल है। करीब करीब हर दूसरे मेनहोल का ढक्कन या नीचा है, या ऊंचा।

ढक्कन नीचे व ऊंचे होने की कमी जन स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग तथा नगर परिषद में तालमेल न होना बताया गया है। इन महकमों की लापरवाही का नतीजा ये सामने आया है कि जब लोक निर्माण सड़क बनवाता है, तो सीवरेज को सड़क के लेवल पर बनाने की तरफ ध्यान ही देता। वहीं, नई सड़क बनने के बाद सीवरेज सफाई करते समय जन स्वास्थ्य विभाग नई सड़क के बीच बने हुए सीवरेज मेनहोल के ढक्कन को खोलने पर उसके आसपास की जगह को उखाड़ देते हैं और सीवरेज की सफाई करने के बाद इसकी सूचना लोक निर्माण विभाग को नहीं दी जाती। नतीजा ये सामने आ रहा है कि नई बनी सड़क के बीच चैंबर के ढक्कन नीचे होने पर गहरे गड्ढे के तौर पर ये उभर चुके के हैं और इनके कारण नई बनाई गई लाखों की सड़कें भी उखड़ने लगी है।

बता दें, रेलवे रोड, माल गोदाम रोड, हुडा चौक से मीनार गेट, सोहना रोड, अलावलपुर रोड, अलीगढ़ रोड, न्यू कालोनी रोड पर सड़कों पर लगाए गए ढक्कन का लेवल सही नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। शहर के भीतरी भाग हो या फिर कालोनियां, सभी जगह एक जैसे हालात हैं। कहीं सड़क से कम से कम चार से छह इंच ऊपर ढक्कन हैं, तो कहीं गड्ढे में ढक्कन हैं। ज्यादा हालत खराब तो माल गोदाम रोड की है, जहां सड़क पर से नीचे पड़े ढक्कन पर चढ़ने से दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। अफसरों के ध्यान नहीं देने से सीवर व सड़क बनाने वाले ठेकेदारों ने अपने हिसाब से काम कर दिया और उसमें रही खामियां संबंधित अफसरों को दिखाई नहीं दे रही।

### कालोनियों में भी ढक्कन ऊंचे-नीचे

**शहर** की शिव कालोनी, कृष्णा कालोनी, आदर्श कालोनी, श्याम नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, देव नगर, शिव विहार सहित अन्य कालोनियों में सीवरेज के ढक्कन से सड़क कई जगह ऊंचे हैं, तो कई जगह नीचे है। इससे दो पहिया वाहन कभी गड्ढे में गिरता हैं तो कभी ऊंचे ढक्कन पर चढ़ने से असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। दो पहिया वाहन चालक तो इनसे बचने का प्रयास करते हैं। ऐसे में दुर्घटना का अंदेशा रहता है।

**सीवरेज** सफाई के समय शिव कालोनी में मेनहोल खोले थे। उसके बाद तो इंटरलाकिंग वहां से उखाड़ी गई। आज हालात ये हैं कि मेन होल गड्ढे के तौर पर बने हुए हैं और सड़क भी टूटने लगी है।



**राम किशन शर्मा, निवासी शिव कालोनी**

**रात** के समय या तो बाइक चालक को मेनहोल के ऊंचे नीचे ढक्कन दिखाई नहीं देते या फिर एकदम दिखाई देने से ब्रेक लगाने पड़ते हैं। वह गिर जाते हैं। रेलवे रोड, माल गोदाम रोड पर सबसे ज्यादा वाहनों का दबाव रहता है।



**राजवीर यादव, शिक्षाविद्, आदर्श कालोनी**

**राजीव** कालोनी व आसपास क्षेत्र की गलियों में डाली गई सीवरेज लाइन के लिए बने चैंबरों के ढक्कन कई जगह पर तो एक साइड से नीचे ही धंस गए हैं। टायर उस पर आने से वाहन उसमें फंस सकता है। कई जगह चैंबर के ढक्कन सड़क से इतने ऊपर है कि वहां कारों की नीचे से चैसिस ढक्कन से लगती है।



**देवेंद्र कुमार बघेल**

**शहर** की सड़कों व गलियों में सीवरेज की लाइनें काफी पुरानी हैं। सड़क हर पांच साल में दोबारा बनाई जाती हैं, जब सड़क बनाई जाती है, तो उस समय ठेकेदार को ढक्कन उठाकर सड़क को बनाना होता है। जोकि ठेकेदार नहीं करते। इसलिए चैंबर के ढक्कन नीचे पड़ जाते हैं। कई बार तो चैंबर के ऊपर ही सड़क बना दी जाती है, जो सीवरेज जाम होने की स्थिति में ढूंढना पड़ता है। इसलिए सड़क को तोड़ना मजबूरी बन जाती है।



**त्रिलोक चंद मंगला, एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग**

**जब** हमारा विभाग सड़क बनाता है तो उस समय जन स्वास्थ्य विभाग को अपने इंजीनियर भेजकर चैंबर का लेवल करना होता है। ऐसा आमतौर पर होता नहीं है। जब सड़क बन जाती है तो जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सड़क को तोड़ देते हैं, जिस कारण सड़कों के बीच में गड्ढे बन जाते हैं।



**नरेंद्र यादव, एक्सइएन, लोक निर्माण विभाग**

# एमवीएन विश्वविद्यालय में डिग्री वितरण समारोह का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एमवीएन** विश्वविद्यालय पलवल में बैचलर आफ फिजियोथेरेपी और पीएचडी के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष डिग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति संतोष शर्मा, मुख्य अतिथि डॉक्टर रुचि वार्ष्णेय (आईएपी,वूमेन नेशनल हेड), डॉक्टर उदय यादव (आईएपी, अध्यक्ष हरियाणा), डॉक्टर विनोद कौशिक (आईएपी, उप अध्यक्ष, हरियाणा) द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चिकित्सकों की बढ़ती मांग एवं चिकित्सा क्षेत्र में पेशेवर लोगों की कमी की वजह से इस कोर्स के विद्यार्थियों का भविष्य अति उज्जवल है। इस पेशे के साथ विद्यार्थियों को समाजसेवा का अवसर भी मिलता है। साथ ही साथ उन्होंने पीएचडी डिग्री लेने वाले विधार्थियों को भी अपनी शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने विद्यार्थियों से लगातार कठिन परिश्रम के साथ भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय की प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, अध्यक्ष वरूण शर्मा, कुलाधिपति संतोष शर्मा, कुलपति डा अरुण गर्ग, उपकुलपति डा. एनपी सिंह एवं कुलसचिव डा. राजीव रतन ने अपना एवं अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों के सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में भौतिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष महेश दानू एवं डा मंजू रॉय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा सचिन गुप्ता, डा तरूण विरमानी, डा राहुल वार्ष्णेय, डा कुलदीप, डॉक्टर पाठक, डॉक्टर स्नेही, डॉक्टर श्रीवर्धन धीमान, देवेश भटनागर, बबीता यादव, दयाशंकर प्रसाद एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मी सही तरीके से लें मीटर की रीडिंग नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई : डा. बनवारी लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**आमजन** की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए शिकायतों का समाधान अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित करें। सहकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल ने यह निर्देश शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मासिक बैठक के एजेंडा में कुल 19 परिवाद शामिल किए गए, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। उन्होंने शेष शिकायत के निपटान के लिए संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाए, ताकि आमजन को चक्कर न काटने पड़ें। गांव दीघौट निवासी वीरवती की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर सहकारिता मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए पुलिस अधिकारियों को कहा कि वे केस में शामिल शेष आरोपियों की आगामी बैठक से पूर्व जल्द गिरफ्तारी करें। गांव टीकरी ब्राह्मण के रहने वाले भीकम सिंह की शिकायत पर मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि यह केस स्टेट क्राइम के पास जांच के लिए भेजा हुआ है, जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। इसके अलावा अगर शिकायतकर्ता के साथ आरोपी द्वारा झगड़ा किया जाता है तो प्रार्थी पुलिस को सूचना देवे तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गांव रनियाला खुर्द निवासी रसीदन की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह को यह केस सीआईए को सौंपकर अगली बैठक तक कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। गांव डींग निवासी प्रदीप कुमार की गलत तरीके से की गई एफआईआर को रद् करवाने की शिकायत पर मंत्री डा. बनवारी लाल ने एसपी को जांच कर एफआईआर रद् करवाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी पलवल के निवासी बनी सिंह की परिवार पहचान पत्र संबंधी शिकायत पर मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रार्थी के पीपीपी में दिव्यांगता को जोड दिया गया है और वैरीफिकेशन रिपोर्ट के आधार पर ही इनकम को ठीक किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने गांव कोट के रहने वाले मौहम्मद इब्राहिम की बगैर स्वीकृति के अवैध रूप से मिट्टी उठाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की शिकायत पर एसडीएम लक्ष्मी नारायण को मौके पर जाकर जायजा लेकर प्रार्थी की तसल्ली करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार भुलवाना के रहने वाले लक्ष्मी नारायण की जिला नगर योजनाकार से संबंधित शिकायत पर संबंधित एसडीएम को कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ता को जमीन की तसदीक करवाने के लिए राजस्व विभाग में संपर्क करने को कहा। गांव घोडी की रहने वाली मायावती की जिला नगर योजनाकार से संबंधित शिकायत पर प्रार्थिया को संबंधित तहसीलदार की कोर्ट में केस दायर कर समाधान करवाने के लिए कहा।

# खिलाड़ियों का विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। हाल के महीनों में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और किक बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

कुलपति प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक ने बताया कि विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने जनवरी 2023 में आंध्र प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक और एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता है।

# उच्च कोलेस्ट्राल, धूम्रपान व गलत जीवनशैली बनती है हृदय के रोगों का कारण : डा. सिद्धांत बंसल

## दिल का दौरा होता है भारत में हर वर्ष 28 प्रतिशत मृत्यु का कारण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भारत** में हर वर्ष 28 प्रतिशत मृत्यु का कारण दिल का दौरा होता है जो कि पहले 15 प्रतिशत था और यह दर कोविड के बाद से लगातार बढ़ती ही जा रही है, लेकिन इसे सही कदमों से रोका जा सकता है।

उक्त वक्तव्य एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के वरिष्ठ कंसल्टेंट कार्डिलॉजी एंड डायरेक्टर डा. सिद्धांत बंसल ने व्यक्त करते हुए कहा कि हमने हाल ही में कई रोगियों को उनके 20 से 25 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ते देखा है; इसलिए, दिल की देखभाल जरुरी है। परिवार में हृदय रोग का इतिहास, 60 वर्ष से अधिक आयु, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, धूम्रपान और तनाव जैसे विभिन्न कारकों के कारण दिल का दौरा पडने् का खतरा बढ़ सकता है। डा. बंसल ने बताया कि यदि आपसे पहले आपके परिवार में किसी को कम उम्र (50 वर्ष की आयु) में दौरा पड़ा था तो, इससे आपको कम उम्र में दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि हृदय पर तनाव बढ़ाता है और हृदय की मांसपेशियों पर ज़ोर पड़ता है। इसका परिणाम अनियमित हृदय क्रिया में होता है और दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है। वहीं अगर आपको मधुमेह है तो हृदय रोगों के विकसित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। मधुमेह के मरीज अपना ब्लड शुगर नियंत्रण में रखें क्यूंकि उच्च ब्लड शुगर हृदय की धमनियों में रुकावट पैदा करता है जिससे दिल का दौरा हो जाता है। डा. सिद्धांत बंसल ने बताया कि अधिक स्तर का कोलेस्ट्रॉल आपके दिल के दौरा पडने् की संभावना को बढ़ाता है। यदि आपको उच्च कोलेस्ट्रॉल है जो आपकी धमनियों में रुकावट पैदा कर सकता है और आपके रक्त वाहिकाओं में जमा होकर उन्हें बंद भी कर सकता है। वहीं धूम्रपान करने से हृदय रोग होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान कम आयु में दिल का दौरा पड़ने का प्रमुख कारण होता है, नियमित शारीरिक गतिविधि जैसे प्रतिदिन 30 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकते हैं, अधिक तनाव आपका ब्लड प्रेशर बढ़ता है जिससे हृदय रोग का खतरा बढ़ता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान छोड़ कर दिल के दौरे के जोखिम को कई गुना कम करा जा सकता है।


एक अच्छी जीवनशैली बनाए रखने के लिए रक्तचाप, मधुमेह, वजन और तनाव पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। हालाँकि, यदि आप अभी भी हृदय रोग के जोखिम में हैं, तो बिना चूके नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना और उनकी दवाएं लेना महत्वपूर्ण है। जितनी जल्दी आप इलाज करवाते हैं, आपके ठीक होने की संभावना उतनी ही बेहतर होती है, क्योंकि दिल के दौरे में पहला एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को बीस वर्ष की आयु के बाद अपना ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, और ब्लड कोलेस्ट्रॉल की जांच हर साल करानी चाहिए।

# बच्चों के जन्मदिन मनाकर चेहरे पर मुस्कुराहट लाती है संस्था

**फरीदाबाद।** सड़कों पर रहने वाले ऐसे अनेक बच्चे हैं जिन्हें अपना जन्मदिन तक पता नहीं होगा। पर एक संस्था है जो ऐसे बच्चों का जन्मदिन मनाती है। यह संस्था है मिशन जागृति जो बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कुराहट लाने के अपनी तरह का अनूठा प्रयास कर रही है। मिशन जागृति संस्था ने इसके लिए एक प्रोजेक्ट शुरू किया है जिसका नाम है हैप्पी बर्थडे टू मी।

इस प्रोजेक्ट की निदेशेक भावना चौधरी ने बताया कि बच्चों की मुस्कराहट देख कर मुझे आत्मिक खुशी मिलती है। भावना ने बताया कि फरीदाबाद की सड़कों पर झुग्गी बस्तियों मे रहने वाले काफी बच्चे हैं, इनमें से कई बच्चे भीख मांग रहे होते हैं तो कई बच्चे पैन और खिलौने वगैरह बेच रहे हैं। टीम उन बच्चों को देखती है जिनको अपना बर्थडे नहीं पता है और फिर हम उस बच्चे का जन्मदिन उसके झुग्गी बस्ती या पार्क मे मनाते हैं। भावना चौधरी ने बताया कि इस बर्थडे पार्टी में केक कटिंग सेरेमनी कर केवल औपचारिकता पूरी नहीं की जाती बल्कि दिल से बच्चे को महसूस करवाया जाता है कि आज उसका विशेष दिन है ।

# रतन कॉलेज में कल लगेगा रोजगार मेला



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते आयोजक।

**पलवल।** रतन इंस्टीटयूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज, सेवली पलवल में 30 अप्रैल रविवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला को लेकर कॉलेज हाल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले के बारे में जानकारी देते हुए रतन इंस्टीटयूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन यशवीर डागर ने बताया कि उनके कॉलेज द्वारा पहली बार इतने बड़े स्तर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में राष्ट्रीय कंपनियां भाग ले रही हैं। मेले का मुख्य मकसद यहां के युवाओं को रोजगार मुहैया कराना है। 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले के लिए कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं रखी गई है। कोई भी विद्यार्थी कहीं से भी आकर निशुल्क रोजगार मेला में भाग ले सकता है।

इस रोजगार मेले में वास्मे, पीएचडी चेंबर, कजारिया, इंडियन ऑयल समेत कई नामी कंपनियों द्वारा कैंपस से ही छात्रों को सीधे रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इंटरव्यू लिया जाएगा। इंटरव्यू में चयनित छात्र-छात्राओं को मौके पर ही जॉइनिंग लैटर दिया जाएगा। अभी तक करीब 1000 बच्चे रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं और 1500 बच्चों के इस मेले में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। रोजगार मेला में बीटेक, एमटेक, बीबीए, एमबीए, एमसीए, बीसीए, डिप्लोमा आईटीआई और दूसरे कोर्सो से जुड़े बच्चे भाग ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय "ऐस : प्री-प्लेसमेंट प्रिपरेशन ड्राइव" का आयोजन




**फरीदाबाद।** को सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के तत्वावधान में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में इमार्टिकस लर्निंग के सहयोग से कॉलेज ऑडिटोरियम में दो दिवसीय ''ऐस : प्री-प्लेसमेंट प्रिपरेशन ड्राइव'' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता और प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इंचार्ज विंग-III डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, निदेशक करियर काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र के प्रारंभ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के एच ओ डी डॉ. सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को ऐसे आयोजनों का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया क्योंकि ये आयोजन उनके समग्र व्यक्तित्व को निखार ने में मदद करते हैं। कार्यक्रम के वक्ता श्री सचिन जुनेजा जो इमार्टिक सलर्निंग के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने प्लेसमेंट ड्राइव के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया कि अधिकांश कंपनियां छात्रों के चयन के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट का उपयोग करती हैं, और आपको सामान्य प्रश्नों और एप्टीट्यूड टेस्ट के आधार पर जाने की आवश्यकता होती है। उन्होंने छात्रों को भविष्यकी तकनीक : फुलस्टैक डेवलपर के बारे में भी बताया। उन्होंने सॉफ्टस्किल्स के साथ-साथ वैश्विक बाजार में आवश्यक तकनीकी कौशल पर भी जोर दिया। इस कार्यक्रम में बीसीए, बी वॉक, बीबीए, बीकॉम के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन मनोज सिंह द्वारा किया गया। ज्योति गुप्ता, शिल्पी गोयल, निशा, पूनम शर्मा, प्रीती शर्मा, ऋतू, सुश्री अंकिता और सोनिया इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। सत्र अत्यधिक संवादात्मक था।

### सेवानिवृति नौकरी का अहम हिस्सा होता है : राकेश गौतम



**फरीदाबाद।** डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी नौकरी का अहम हिस्सा होता है। वह जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के खण्ड प्रचार कार्यकर्ता टेक सिंह रावत के सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। डीआईपीआरओ सहित स्टाफ सदस्यों ने टेक सिंह रावत को भावभीनी सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी दी। रावत के सम्मान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में सेवानिवृत विदाई पार्टी का आयोजन किया गया था। इसमें डीआईपीआरओ राकेश गौतम, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार और अधीक्षक सुनीता देशवाल मोर ने विदाई समारोह में बीपीडब्लू टेक सिंह रावत का फूल माला व सम्मान की सूचक पगड़ी भेंट कर अभिनंदन किया।

### एसडी कॉलेज में एड्स से बचाव को प्रतियोगिता आयोजित




**पलवल।** स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में एचआईवी/एडस कारण और बचाव पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ चढकर कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में साक्षी, बीएससी ने प्रथम स्थान, कल्पना, बीकॉम. ने द्वितीय स्थान व प्रीति, बीकॉम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डॉ. जितेन्द्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा सिंगला और आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. पीके वर्मा ने सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को बधाई दी। डॉ. नरेश सिंह, प्रभारी, रेड रिबन क्लब ने प्रतियोगिता को सुचारू रूप से आयोजित करवाया।

### गुरू नानक अस्पताल में जोड़ों के दर्द पर विशेष संगोष्ठी आयोजित



**पलवल।** मल्टी सुपर स्पेशलिटी गुरु नानक हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस रूम में अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के जाने-माने वरिष्ठ डॉक्टर (हेड ऑर्थोपेडिक्स और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विभाग) डॉक्टर डॉ मृणाल शर्मा ने पलवल जिले के सभी फिजियोथैरेपिस्ट के साथ मिलकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका मुख्य विषय आजकल के बदलते हुए हालात में घुटने व जोड़ों में दर्द व इनके रिप्लेसमेंट प्रत्यारोपण के समाधान पर विशेष चर्चा करना था और उसकी नवीनतम तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। जिसमें कुछ नियमित एक्सरसाइज पर चर्चा हुई, जिससे नियमित एक्सरसाइज करने पर मरीज जल्दी से जल्दी ठीक हो सके। इस मौके पर गुरु नानक अस्पताल के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ जितेंद्र सिंगला, गामा फिजियोथैरेपी डॉ काजल मलिक, पवार कॉसमॉस हॉस्पिटल पलवल से डॉ चंद्रांशु सिंगला, फिजियोमैक्स क्लीनिक पलवल, डॉ चेतन कौशिक शीतल हॉस्पिटल पलवल, डॉ शेरोन पूनिया फिजियोथैरेपी, डॉ दीपक मुखीजा फिजियोथैरेपी, डॉक्टर सौरभ शर्मा अपेक्स हॉस्पिटल पलवल, डॉ एसएस चौहान फर्स्ट फिजियोथैरेपी पलवल सेक्टर-2, गुरु नानक हॉस्पिटल से पूजा तेवतिया व वीरेंद्र डागर भी उपस्थित रहे।

### एक मई को मनाया जाएगा मजदूर दिवस, सैकड़ों मजदूर लेंगे भाग

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय महासचिव सुनील खटाना ने बताया कि एक मई 2023 को समस्त प्रदेश में होने वाले श्रमिक संगठनों द्वारा कार्यक्रमों की भांति जिला फरीदाबाद में भी एक मई को राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जायेगा। जिसमे सैंकड़ों की भारी संख्या में भिन्न-भिन्न विभागों के कर्मचारियों सहित तमाम मजदूर वर्ग हिस्सा लेंगे और हरियाणा कर्मचारी महासंघ के द्वारा प्रदेशभर में जिला स्तर पर होने वाले तय कार्यक्रमों की श्रृंखला में इसका आगाज सुबह 10 बजे से बीके चौक स्थित नगर निगम मुख्यालय के गेट से करेंगे। 01 मई को होने वाले राष्ट्रीय मजदूर दिवस को अपनी मांगों के प्रति सभी कर्मचारी और मजदूर इसे मांग दिवस के रूप में मनायेंगे। प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने बताया कि एक मई को मांग दिवस के इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रमिक संगठन प्रदेश सरकार से मांग करते हुए एनपीएस की प्रणाली को खत्म कर पुरानी पेंशन की प्रणाली को बहाल करवाने की मांग के साथ-साथ पुरानी एक्सग्रेसिया स्कीम को लागू करवाने, फ्री मेडिकल कैशलेस स्कीम को सभी बीमारियों पर लागू करवाने, प्रदेश में अनुबन्ध के आधार पर लगे सभी विभागों के कच्चे कर्मचारियों को पक्के करने सहित हरियाणा कौशल रोजगार को बन्द कर आगामी सभी भर्तियों को स्थायी रोजगार के माध्यम से भरने, निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगवाने जैसी तमाम मांगें की जाएंगी।

# हत्यारे माओवादी

## सतर्कता जरूरी

**माओवादी** विभीषिका में कमी आ रही है, पर उनके हमलों को निराशा की अभिव्यक्ति मान कर कम नहीं आंका जाना चाहिए, सतर्कता जरूरी है। जनवरी, 2013 में माओवादियों ने झारखंड के लातेहार में 10 सुरक्षा बलों को विस्फोट से उड़ा दिया था व उनके मृत शरीरों को क्षत-विक्षत कर दिया था। सुरक्षा अवस्थापना ने कहा था कि यह हमला माओवादियों की हताशा का प्रतीक है। मार्च, 2014 में किए एक अन्य हमले में माओवादियों ने छत्तीसगढ़ में 16 लोगों को लैंडमाइन विस्फोट से मार डाला था और उसके बाद गोलियां भी चलाई थीं। अधिकारियों ने उस समय भी कहा था कि यह माओवादियों की हताशा का संकेत है। सितंबर, 2020 में छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों ने कई हत्याकांड किए थे। खबरों के अनुसार बस्तर डिवीजन की पुलिस ने कहा था कि माओवादियों की कार्रवाई हताशा के कारण है। तीन दिन पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शक्तिशाली 50 किलो की 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस'-आईईडी में विस्फोट कर एक ड्राइवर व 10 पुलिसजनों की हत्या कर दी है। यह विस्फोट इतना भयानक था कि सड़क में 20 फुट चौड़ा व 10 फुट गहरा गड्ढा हो गया तथा पेड़ उखड़ गए। एक बार फिर कहा जा रहा है कि यह नक्सलियों की हताशा का परिणाम है। सरकारें बदल जाती हैं, समय गुजर जाता है, पर अधिकारियों के बहाने वही बने रहते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन बहानों से उन जिला रिजर्व गार्ड कर्मियों के परिवारों को कोई राहत नहीं मिलेगी



जिन्होंने कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। बस्तर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल पी. सुंदरराज ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के बाद हर साल 400 माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं। लेकिन अपने हमलों से नक्सलियों का इरादा अपनी खतरनाक उपस्थिति दर्ज कराना है। सर्वोच्च पुलिस व खुफिया अधिकारियों का तर्क सही हो सकता है, पर हर माओवादी हिंसा के बाद ऐसे बयानों से समस्यायें भी सामने आती हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि मानक कार्रवाई प्रक्रिया-एसओपी का हर हाल में पालन किया जाए तथा हर समय सतर्कता बरती जाए। मीडिया में खबरें हैं कि संभवत: हालिया विस्फोट में जवानों के शहीद होने का कारण एसओपी का उल्लंघन है। चार वाहनों पर जहां निशाना लगाया गया, वह अरनपुर पुलिस थाने से 700 मीटर दूर है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सड़क में गड्ढे से संकेत मिलता है कि माओवादियों ने रात में विस्फोटक लगाने के लिए एक छोटी सुरंग बनाई थी। खबर में अपना नाम उजागर न करने वाले अधिकारी के हवाले से बताया गया, 'यह चिन्ता का विषय है कि अरनपुर थाने के इतना निकट ऐसी गतिविधि का पता नहीं लगा।' दरभा डिवीजन में माओवादियों की उपस्थिति की खुफिया सूचना थी जिसके बाद 200 सुरक्षाबलों ने इलाके में छापा मारा था। गोलीबारी के बाद दो संदिग्धों को पकड़ा भी गया था। सुरक्षाकर्मियों के वापस लौटते समय उनको आईईडी का निशाना बनाया गया। कहने का यह अर्थ नहीं कि सुरक्षा अवस्थापना नक्सली हिंसा रोकने में विफल रही है। 2014 से ऐसी घटनाओं में 77 प्रतिशत कमी आई है जो 2009 में 2,258 से घट कर 2021 में 509 रह गईं। यह अच्छी प्रगति है। मृतकों की संख्या में भी 85 प्रतिशत कमी आई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2010 में सर्वाधिक 1,005 जवान शहीद हुए थे, जबकि यह संख्या 2021 में घट कर 147 रह गई। माओवादी विभीषिका घटी है, पर किसी हिंसक घटना को 'माओवादियों की हताशा' बता कर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

# मानसिक स्वास्थ्य की समस्या गंभीर

**कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां बढ़ रही हैं।**





पी के बाजपेयी
अनुकृति बाजपेयी



मांडूक्य उपनिषद में कहा गया है, 'जब मस्तिष्क सुस्त हो तो इसे प्रेरित कर जागरूक करें। जब जागरूक मस्तिष्क अशांत हो जाए तो इसे शांत करें। इस प्रक्रिया में जम चुकी धूल को पहचानें। जब मस्तिष्क सबके प्रति समानता की स्थिति में पहुंच जाए तो इसे व्यथित न करें।' हाल ही एक 77 वर्षीय एनआरआई करतारपुर कारीडोर जाने के लिए भारत आया और दिल्ली में अपने होटल के कमरे से गायब हो गया। उसकी पत्नी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने तलाशने के लिए 6 टीमों का गठन किया। उसका पता 24 घंटे बाद तब लगा जब एक सैनिक अधिकारी ने पुलिस को होटल स्लिपर व कैजुअल कपड़े पहने प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमते एक व्यक्ति की जानकारी दी। जांच के बाद मनुष्य की भुलक्कड़पन की समस्या का पता लगा जो उसकी आयु में सामान्य है। अनेक लोगों को ऐसी समस्यायें होती हैं जिनका संबंध बढ़ती आयु या अतीत के किसी अनुभव से होता है, पर वे विरले ही मनोचिकित्सक या मनोविकार संबंधी सामजिक कार्यकर्ता से संपर्क करते हैं। इसी प्रकार धूम्रपान, चोरी, अत्यधिक भोजन, झूठ बोलने, लड़खड़ाने या नींद न आने, आदि की समस्यायें हैं। लेकिन समुदाय और आम आदमी इसे समस्यायें नहीं मानते हैं और कष्ट झेलते हुए अपना मजाक बनवाते हैं या कभी-कभी दया का विषय बनते हैं। स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक बेहतरी के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसे कोविड-19 तथा उसके बाद अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों का जीवन एवं आजीविकायें समाप्त होने के बाद लोग स्वयं को अलग-थलग पाते हैं जिसके कारण अवसाद, बेचैनी व आत्महत्यायें बढ़ रही हैं। अनुमान है कि भारत में 197.3 मिलियन लोग मानसिक विकृतियों का शिकार हैं और उनमें से बहुसंख्य की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बहुत कम या नहीं है। इस प्रकार देश में मानसिक विकृतियों का भारी बोझ है जो भयानक अज्ञानता व इलाज में भारी कमी से और भयानक हो रहा है। बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को देखते हुए सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य सेवायें सरकार की प्राथमिकता में होनी चाहिए।

डब्लूएचओ के अनुमानों के अनुसार कोविड के कारण दुनिया भर में बेचैनी के मामलों में 25 प्रतिशत तथा अवसाद के मामलों में 27 प्रतिशत वृद्धि हुई है। हर साल दुनिया की अर्थव्यवस्था को बेचैनी व अवसाद के कारण लगभग 12 मिलियन कार्यदिवसों का नुकसान होता है जिसका परिणाम अर्थव्यवस्था को लगभग 1 ट्रिलियन डालर का नुकसान है। बढ़ती सामाजिक व आर्थिक असमानताओं व टकराव तथा हिंसा व सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों के कारण मानवजीवन की बेहतरी संकट में पड़ गई है। पूर्वाग्रहों व पक्षपात के कारण अनेक लोगों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल नहीं मिल पाती है। हर सात में से एक व्यक्ति एक या दूसरी मानसिक बीमारी का शिकार है। 2021 में हृदय रोग से मरने वाले रोगियों की संख्या पिछले साल की तुलना में 6 गुना बढ़ गई जिससे परिवार की मानसिक स्वास्थ्य चिन्तायें भी बढ़ीं। इसका कारण भय, जीवन की अनिश्चिततायें तथा नजदीकी संबंधियों की मृत्यु के कारण पैदा मानसिक आघात था। गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य में भौगोलिक व सामाजिक-आर्थिक स्थितियों तथा सांस्कृतिक विश्वासों के चलते कमी 40 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के बीच है। भारत में प्रति एक लाख जनसंख्या पर केवल 0.75 योग्य मनोचिकित्सक उपलब्ध हैं। इसके कारण झोलाछाप डाक्टरों व 'फेथहीलर्स' को मौका मिल जाता है जिसमें प्रार्थना से रोगमुक्ति का दावा करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या भी शामिल है। मानसिक बीमारी का कारण यथार्थ जीवन की स्थितियों से निपटने में कठिनाई है जिससे मनुष्य का मनोवैज्ञानिक-भावनात्मक संतुलन बिगड़ जाता है जो दिन-प्रतिदिन के जीवन में सामने वाली यथार्थ चुनौतियों की तार्किक प्रतिक्रिया हेतु जरूरी है। इसका काफी प्रभाव किसी व्यक्ति के विश्वास, समझदारी व प्रतिक्रिया पर पड़ता है। विभिन्न प्रकार की मानसिक बीमारियां गंभीरता व लक्षणों के आधार पर अलग-अलग होती हैं। आम मानसिक बीमारियों में अवसाद, बेचैनी, भय, खानपान की विकृतियां तथा दबाव हैं जिनके कारण गंभीर मानसिक स्थितियां, जैसे शीजोफ्रीनिया, बाइपोलर डिसआर्डर, भयानक अवसाद, क्लीनिकल अवसाद, आत्महत्या क प्रवृत्ति, व्यक्तित्व में विकृति, आदि सामने आ सकती हैं।


वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपने घर में एकान्त में लंबे समय तक रहना पड़ा है जहां लोगों के प्रिय लोग विचित्र व्यवहार कर रहे थे तथा सारा प्रेम नष्ट हो गया था। इसके कारण गंभीर मानसिक परेशानी पैदा हुई जिनमें अवसाद, अलगाव व आत्महत्या जैसी गंभीर भावनायें पैदा हुईं। रोजगार व मेहनत से कमाया धन समाप्त होने तथा दवाओं की निष्प्रभाविता के कारण निराशा, असहायता व अलगाव की स्थितियां बनीं। परिवार व मित्रों से लंबे समय तक अलगाव 'फ्रंटलाइन वर्कर्स' व रोगियों के लिए समान रूप से घातक सिद्ध हुआ क्योंकि वे अपने परिवार के सदस्यों तथा बच्चों, बीमार मां-बाप या जीवनसाथी से नहीं मिल पा रहे थे। इसके कारण भावनात्मक आघात व खालीपन का अनुभव हुआ। मौत के लगातार भय के कारण असमय बुढ़ापा, थकान, ऊर्जा की कमी तथा सबकुछ खोने का भय पैदा हुआ। लाकडाउन के कारण लोगों को लंबे समय तक घर पर रहना पड़ा जिससे उनका स्क्रीन टाइम, एकरसता व उबाऊपन बढ़ा। कार्य-जीवन संतुलन पूरी तरह बिगड़ने के साथ ही कुछ लोगों को अक्सर निराशा व भावनायें प्रकट न कर पाने के कारण घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ा। देश भर में एनसीईआरटी द्वारा 3.8 लाख छात्रों के सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ कि 81 प्रतिशत स्कूली छात्र पढ़ाई व परीक्षा परिणामों के बारे में चिन्तित थे। इसमें सभी श्रेणियों व जेंडरों तथा स्कूलों में 'मूड स्विंग' तथा अनेक अन्य कारणों से स्कूली छात्रों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का पता चला। पहले के किसी भी समय की तुलना में स्कूली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की आवश्यकता का अनुभव हुआ। प्रशिक्षित स्कूल सामाजिक कार्यकर्ता की अनिवार्य नियुक्ति की आवश्यकता अनुभव हुई ताकि छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य चिन्ताओं को बढ़ने से पहले ही संबोधित किया जा सके। अपने प्रति दृष्टिकोण पर आधारित एक समग्र डेटाबेस की आवश्यकता है जिसमें मानसिक स्वास्थ्य सरोकारों को संबोधित किया गया हो। इसमें सामाजिक संदर्भ में अपनी छवि तथा जीवन के प्रति व्यक्तिगत, परिवार, साथियों, सामाजिक समूहों व समाज की सोच शामिल है। इसके साथ ही अभिव्यक्त भावनाओं, भय व चुनौतियों तथा अपने भावनाओं के प्रबंधन व इनसे निपटने की रणनीतियां भी शामिल होनी चाहिए।

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज़, बैंगलुरू के सौजन्य ने 10 अक्टूबर, 2022 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर प एक सबकी पहुंच वाला गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम व पहल-टेली मानस शुरू की है। यह चौबीसों घंटे व सातों दिन टोलफ्री नंबर 14416 व 1-800-91-4416 पर काम करने वाली हेल्पलाइन है। यह फोन करने वाले द्वारा चयनित भाषा में उसकी गुणवत्तापूर्ण सहायता करती है। यह बिना सामाजिक पूर्वाग्रह व गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को संबोधित करने का प्रयास है। मानसिक स्वास्थ्यरक्षा कानून, 2017 में भारतीय दंड संहिता की धारा 309 में संशोधन कर आत्महत्या के प्रयास तथा आत्महत्या में सहायता को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया है। बीमा नियामक व विकास अथारिटी आफ इंडिया-इरडा ने आदेश दिया है कि प्रमुख मानसिक बीमारियों को चिकित्सा-स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत 31 अक्टूबर, 2022 से शामिल किया जाएगा तथा बीमा कंपनियों को अपने पालिसी दस्तावेजों में इस दृष्टिकोण से अनिवार्य परिवर्तन करने चाहिए। यह कानून खासतौर से सुनिश्चित करता हे कि हर बीमाकर्ता को मानसिक बीमा के अनिवार्य प्राविधान करने चाहिए और इनके लिए अन्य शारीरिक बीमारियों की तरह इलाज उपलब्ध होना चाहिए। हालांकि, पहले बीमा कंपनियों ने इसे लागू करने में विलंब किया पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से अंतत: उनको इसे स्वीकार करना पड़ा।

अब लोगों को मानसिक स्वास्थ्य बीमा के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करनी चाहिए तथा राज्यों को भी मानसिक चिकित्सा के ढांचे में सुधार करना चाहिए। निजी क्षेत्र तथा सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य पहलों को स्वीकार कर आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मानसिक स्वास्थ्य कौंसिलरों की नियुक्ति होनी चाहिए ताकि वे रोगियों से संपर्क कर उनको उपयुक्त मनोचिकित्सा सेवाओं से जोड़ सकें।

# हथियारों की होड़ से विश्व शांति को खतरा

> भू-राजनीति की बदलती प्रवृत्ति विश्व के देशों में हथियारों की होड़ को बढ़ावा दे रही है।



कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

सिपरी (स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट) से सामने आए नए आंकड़ों ने पुष्टि की है कि दुनिया हथियारों की होड़ से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन के आक्रामक सैन्य खर्च का मतलब है कि विश्व रक्षा व्यय ने 2022 में एक नई ऊंचाई दर्ज की है। अमेरिका लगभग 880 बिलियन डॉलर के शीर्ष खर्च पर रहा, इसके बाद चीन लगभग 292 बिलियन डॉलर था, भारत ने भी साल-दर-साल आधार पर अपने सैन्य खर्च में मामूली प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। हैरानी की बात है, अब तक कई निष्क्रिय, शांतिप्रिय , फ़िनलैंड, स्वीडन, लिथुआनिया और पोलैंड जैसे यूरोपीय देशों ने अपने पड़ोस में युद्ध की सीधी प्रतिक्रिया के रूप में अपने सैन्य खर्च में तेज वृद्धि देखी। डेटा कई देशों द्वारा भू-रणनीतिक नीतियों के उलट होने की ओर इशारा करता है (विशेष रूप से यूरोप में) क्योंकि वे किसी भी एकतरफा सैन्य आक्रमणकारी के खिलाफ अपनी सीमाओं को अधिक सुरक्षित बनाने की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। यह सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन जैसी कई अन्य वैश्विक चिंताओं का भी खामियाजा भुगत रहा है, जिससे नुकसान को रोकने के लिए तुरंत निपटने की आवश्यकता है। जो पहले ही लग चुका है। यह विश्व स्तर पर विश्वसनीय सहयोगियों और मित्रों के साथ राष्ट्रों को फिर से उन्मुख करने की ओर भी ले जाता है।



इस सप्ताह नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक भी हुई। रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु, साथ ही चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू ने दिल्ली में एक दुर्लभ उपस्थिति दर्ज की। यह पहली बार था जब चीनी रक्षा मंत्री ने भारत का दौरा किया, शरारतपूर्ण गालवान, मध्यकालीन युग की हाथापाई के बाद, जिसके कारण दोनों देशों ने लगभग दो दर्जन सैनिकों को खो दिया। रक्षा मंत्रियों की बैठक के क्रम में शीर्ष स्तर के सैन्य नेताओं ने सीमा के चीनी पक्ष में मुलाकात की, हालांकि, कोई सफलता हासिल नहीं हुई। बैठक के बाद जारी एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ प्रासंगिक मुद्दों के समाधान पर एक स्पष्ट और गहन चर्चा की ताकि सीमा क्षेत्रों में शांति और शांति बहाल की जा सके। जो द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को सक्षम करेगा।' मार्च 2023 में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठक में राज्य के नेताओं द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुसार, उन्होंने स्पष्ट रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बीच, दोनों पक्ष पश्चिमी क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए। वे निकट संपर्क में रहने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने और शेष मुद्दों के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर काम करने पर सहमत हुए।

भारत डेपसांग बुल्गे क्षेत्र और चारिंगिंग निंगलुंग नाला में तत्काल चीनी सैनिकों की वापसी के लिए जोर दे रहा है, जिसके बाद दोनों पक्षों के सैनिकों को हटाया जा सकता है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक से एक दिन पहले अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की और भारतीय चिंताओं पर जोर दिया, साथ ही अप्रैल 2020 की स्थिति पर लौटने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो चीन द्वारा एकतरफा रूप से बाधित किया गया था।

रक्षा मंत्री ने अपने रूसी समकक्ष से भी मुलाकात की, यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बाद श्री सर्गेई शोइगु की यह पहली यात्रा थी। भारत को एक सुरक्षित, सुरक्षित, पारदर्शी मध्य एशिया और बाद में भारत-प्रशांत के लिए सामान्य आधार खोजने में सक्षम होने के लिए रूस और चीन दोनों की आवश्यकता है।

द्विपक्षीय संबंधों पर यूरोप और अमेरिका की आलोचना का सामना करने के बावजूद भारत ने अब तक रूस के साथ मधुर संबंध बनाए रखे हैं। यूक्रेन पर हमला करने की सजा के रूप में रूस पर अमेरिका और यूरोप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हथियारों के निर्माण की क्षमता को सीमित कर रहे हैं और इसे वैश्विक मंच पर और अलग-थलग कर रहे हैं। इस बीच, चीन जिसके साथ भारत के संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं, रूस के काफी करीब आ गया है। चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग की हाल ही में संपन्न मास्को की राजकीय यात्रा ने विशेष मित्रता की पुष्टि की। भारत रूस को प्रभावित करके चीन को मनाने की कोशिश कर सकता था, लेकिन रूस की मौजूदा स्थिति उसे चीन पर दबाव बनाने से रोक सकती है।

## आप की बात

### केजरीवाल का कारनामा

**अन्ना** हजारे आंदोलन से उपजे अरविंद केजरीवाल ने अपने मकान के जीर्णोद्धार में लगभग 45 करोड़ खर्च कर दिए। आम जनता की राजनीति करने वाले केजरीवाल महलों में रह रहे हैं। जब देश में कोरोना चल रहा था तब उनका महल तैयार हो रहा था। ये वही अरविंद केजरीवाल है जो कहते थे कि मैं तो आम आदमी का मुख्यमंत्री हूं तथा एक झोपड़ी ही मेरा घर है मैं तो जनता का सेवक हूं तथा जनता की भलाई के लिए राजनीति करने आया हूं। मगर देखते ही देखते अरविंद केजरीवाल ने अपने लिए वह सब हासिल किया जो एक अमीर आदमी के नसीब में होता है। आज अरविंद केजरीवाल जो भी पैसा अपने ऊपर खर्च कर रहे हैं वह जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है। अपने सरकारी आवास पर 45 करोड़ खर्च कर उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है । उनके इस शाही अंदाज को देखकर तो आज अन्ना हजारे को भी काफी दुख पहुंच रहा होगा क्योंकि वे केजरीवाल को अपना शिष्य कहते थे। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि इस भारी-भरकम खर्च के पीछे कमीशनखोरी या रिश्वत छिपी हो सकती है। इस प्रकरण की पूरी कठोरता व पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### खड़गे की जुबान

**कांग्रेस** अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे द्वारा जहरीले सांप की टिप्पणी पर भाजपा का जोरदार हमला एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। कांग्रेस नेताओं के द्वारा देश के प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा एवं शब्दावली को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, खड़गे ने समय की नजाकत को देखते हुए इस प्रकरण पर खेद प्रकट किया और अपनी सफाई दी है। चुनावी घमासान में नेताओं की बदजुबानी स्वस्थ लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है और सभी दलों को इससे बचना होगा। इससे पहले भी गुजरात चुनाव में मलिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री को रावण की संज्ञा दी गई थी, सोनिया गांधी के द्वारा मौत का सौदागर बोला गया था तथा मणिशंकर अय्यर के द्वारा उनके लिए नीच शब्द का प्रयोग किया गया था । कांग्रेसी नेताओं को समझना चाहिए कि चुनावी प्रबंधन में बीजेपी उनसे बेहतर है और मीडिया प्रबंधन में तो उसका कोई जवाब नहीं है। बदजुबान होने के कारण राहुल गांधी की सदस्यता और सरकारी आवास इसी भेंट चढ़ चुका है। इसके बावजूद भी कांग्रेस को समझ न आए है तो यह उसके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

– **विरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### गिद्धों का संरक्षण

**भारत** में गिद्धों की नौ प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें से चार लुप्तप्राय हैं। गिद्धों के लिए विषमुक्त भोजन, स्वच्छ पानी, बोन चिप्स और सुरक्षा एवं स्वतंत्रता हेतु तार से घेरे हुए खुली छत वाले बसेरों के माध्यम से गिद्ध फीडिंग स्टेशन की स्थापना करने की जरूरत है। आसमान में मंडराते गिद्ध को देखते हुए अंदाजा लगा सकता है कि जमीन पर कोई मरा जानवर पड़ा होगा। उनकी पैनी निगाह उड़ते हुए जमीं पर पड़े मृत जानवर को पहचान लेती है। वर्तमान में गिद्ध दिखाई नहीं देते। गिद्धों की रक्षा में हर व्यक्ति व संस्थाओं को सहयोग हेतु आगे आना होगा ताकि गिद्धों के संरक्षण एवं पर्यावरण स्वच्छता के लाभ के साथ गिद्धों की संख्या में वृद्धि होकर उनके आवासीय स्थल सुरक्षित हो सकें। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्धों की संख्या में कमी का कारण प्रदूषण, घटते जंगल व विषैले पदार्थ हैं जिनको खा लेने के चलते इनका जीवन प्रभावित हुआ है। पर्यावरण-हितेषी गिद्ध धरती पर जहाँ संक्रमण को रोकते है वहीं स्वच्छता में हमारे सहयोगी रहे हैं। गिद्धों के हितों का ध्यान रखा जाए ताकि गिद्ध विलुप्ति के कगार पर ना पहुंचे। गिद्धों का संरक्षण पर्यावरण संरक्षण का अंग है।

– **संजय वर्मा,** धार

### मन की बात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी देश के लोगों से सौंवी बार अपने मन की बात करने वाले हैं। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए आरबीआई 100 रुपये का सिक्का भी निकालेगा। आईआईएम के एक सर्वे के अनुसार देश के लगभग 100 करोड़ बच्चे, वृद्ध, युवा और महिलाओं ने मन की बात को कम से कम एक बार तो अवश्य सुना है। प्रधानमंत्री के लिए यह एक उपलब्धि भी है। उन्होंने बहुत से अनछुए पहलुओं पर अपनी बात देशवासियों तक पहुंचाने की भरसक कोशिश की है। अनेक पहलुओं पर दिल से कही उनकी बातों ने देशवासियों के मन को बहुत ही नजदीक से छुआ भी और सराहा भी। बच्चों की पढ़ाई, नारी के विकास, युवाओं को सम्बल और वृद्धों को सहारा देने जैसे अनेक पहलुओं पर बात करने से मोदीजी हर दिल अजीज तो हुए ही साथ ही सीधी देशवासियों से बात करके उन्होंने उनको स्वयं अपनी समस्याओं से संघर्ष करने की प्रेरणा भी दी है। मन की बात से लोगों को स्वदेशी, स्वच्छता, जल संरक्षण, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, आदि की अधिकाधिक प्रेरणा मिली।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# सुरक्षा, सुशासन व समृद्धि की प्रतीक है भाजपाः योगी

## काशी, अयोध्या व मथुरा-वृंदावन की भांति अब नैमिषारण्य का भी होगा कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सीतापुर, लखीमपुर खीली व बलरामपुर में नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर धुआंधार जनसभा जारी है। चुनाव प्रचार के चौथे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने इन सभी जिलो में जनसभा कर भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया तो विपक्षियों पर करारा प्रहार करने से भी नहीं चूके। उन्होंने कहा कि काशी, अयोध्या व मथुरा-वृंदावन की भांति अब नैमिषारण्य का भी कायाकल्प होगा। धार्मिक पर्यटन बढ़ने से यहां रोजगार के काफी अवसर सृजित होंगे। लखीमपुर खीरी में मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय सिर्फ भाजपा ही लोगों के साथ खड़ी रहती है। वहीं बलरामपुर में सीएम ने कहा कि गोंडा से देवीपाटन का सफर पहले चार घंटे में पूरा होता थाए अब महज 45 मिनट में पूरा हो रहा है। सीतापुर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी चमक चुकी हैए अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मथुरा-वृंदावन के कायाकल्प का काम चल रहा है, अब नैमिषारण्य की बारी है। काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही नैमिषारण्य का कायाकल्प होने के बाद यहां धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, जिससे हर सेक्टर में रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर सृजित होंगे। उन्होंने यूपी में हो रहे नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम बताते हुए कहा कि कभी इसी नैमिषारण्य की भूमि से महर्षि दधीचि ने दैवीय शक्तियों के विजय के लिए अपनी अस्थियां वज्र बनाने के लिए दी थीं। यह समय भी इस चुनाव में दानव रूपी भ्रष्टाचारियों, दुराचारियों, माफिया और अपराधियों को सबक सिखाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का इतिहास भले ही उंगलियों पर गिना जाने वाला है, मगर नैमिषारण्य का इतिहास हजारों.हजार साल पुराना है। नैमिषारण्य हमारे वैदिक ज्ञान की धरोहर है। यहां आकर मेरा जन्म और जीवन दोनों धन्य हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत शीघ्र यहां इलेक्ट्रिक बस शुरू होने जा रही है। यही नहीं यहां अगले कुछ महीनों के बाद हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। सड़कों का चौड़ीकरण होगा। नैमिषारण्य का कायाकल्प होगा तो यहां लाखों.करोड़ों की संख्या में पर्यटक आएंगे, जिससे हर सेक्टर में रोजगार का सृजन होगा। लखीमपुर खीरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि की प्रतीक है। सामान्य दिनों में तो हर कोई हालचाल पूछता है लेकिन संकट के समय कोई नहीं आता। कोरोना कालखंड में देखा होगा सिर्फ भाजपा ने ही आपका हालचाल पूछा था। फ्री में राशन और गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से आपका ख्याल रखा। इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, एयरपोर्ट निर्माण जैसी विकासपरक योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य भाजपा ही करा रही है। कांग्रेस, सपा और बसपा के फेल इंजन प्रदेश के विकास को पीछे लेकर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को आपने जिताया तो सड़के बन रही हैं। मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है और टूरिज्म के कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थल राष्ट्रीय एकात्मता के प्रतीक है। इस दिशा में हमारी सरकार छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकरण धाम कॉरिडोर का निर्माण करा रही है। कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होगा तो यहां टूरिस्ट आएंगे।

# मुख्यमंत्री आज गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर देवरिया व वाराणसी में करेंगे विजय की शंखनाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया एवं वाराणसी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में विजय शंखनाद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10 बजे सरस्वती विद्या मंदिर आर्यनगर, उत्तरी गोरखपुर में व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे। वहीं सुबह 11:30 बजे मंडी समिति धनवा, धनजी पेट्रोल टंकी के सामने महराजगंज तथा दोपहर 1 बजे उदित नारायण डिग्री कालेज पडरौना, कुशीनगर में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 02:20 बजे राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में जनसभा तथा सायं 04:10 बजे सरोजा पैलेस पिपलानी कटरा वाराणसी में प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी शनिवार को झांसी में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को विजय का मंत्र सौपेगें।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी झांसी होटल झांसी में सुबह 11:00 बजे झांसी कमिश्नरी के अन्तर्गत झांसी, जालौन तथा ललितपुर जिलों की संगठनात्मक बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा करेंगे। चौधरी दोपहर 02:00 बजे झांसी होटल में ही प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक तथा झांसी नगर निगम चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक में चुनाव प्रबंधन पर चर्चा करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को रायबरेली, कौशाम्बी तथा प्रयागराज में प्रवास पर रहेंगे। मौर्य सुबह 11:00 बजे बस्तेपुर, रायबरेली तथा दोपहर 12:50 बजे डायट मैदान नगर पालिका मंझनपुर, कौशाम्बी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं सायं 05:00 बजे पृथ्वी गार्डन सिविल लाईन प्रयागराज में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन तथा सायं 06:00 बजे मामा.भान्जा, तिराहा, प्रयागराज में जनसभा को संबोधित करेंगे। मौर्य सायं 07:00 बजे पीएसी कालोनी नैनी, प्रयागराज तथा रात्रि 08:00 बजे सब्जी मंडी, राजरूपपुर, प्रयागराज में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को सुल्तानपुर, अयोध्या तथा लखनऊ में प्रवास पर रहेंगे। पाठक सुबह 11:55 बजे सर्वोदय इंटर कॉलेज ग्राउंड लम्भुआ सुल्तानपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं दोपहर 01:00 बजे तिकोनिया पार्क सुल्तानपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 02:35 बजे मणिराम दास छावनी अयोध्या में प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों से संवाद करेंगे। इसके पश्चात सायं 06:20 बजे कालेबीर बाबा मंदिर मोहनलालगंज, लखनऊ तथा सायं 07:30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर गोसाईगंज लखनऊ में सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

# नगर निकाय चुनाव में भी जनता विपक्ष का सूपड़ा साफ कर देगीः पाठक



## ● सपा को झटका, शिवपाल के नजदीकी अजय त्रिपाठी 'मुन्ना' समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी ने निकाय चुनाव के बीच शुक्रवार को समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। भाजपा मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं प्रसपा के पूर्व प्रमुख प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अजय त्रिपाठी मुन्ना सपा महासचिव शिवपाल सिंह के काफी नजदीकी माने जाते हैं।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय व रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे व महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी मुख्यालय पर हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी, व्यापारी नेताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं प्रसपा के पूर्व प्रमुख प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना के अलावा समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह, बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता, राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी ताज खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, प्रसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश शुक्ला, प्रसपा यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव शेर जंग सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद, पूर्व प्रदेश महासचिव काशीराम रावत, प्रसपा के पूर्व पार्षद व पूर्व प्रमुख महासचिव अजय अवस्थी बन्टी, प्रसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, प्रसपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश महासचिव सौरभ सिंह, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव शशिकान्त मिश्रा, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव व किसान यूनियन के मण्डल प्रभारी प्रशान्त मिश्रा, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राम दवन पटवा, प्रसपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव विमल यादव, मोहान विधानसभा से पूर्व विधान प्रत्याशी नीतू कनौजिया, सपा के संस्थापक सदस्य मनोज तिवारी सहित विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोग भाजपा से जुड़कर आम जनमानस के हित में कार्य करने का संकल्प ले रहें हैं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव के बाद अब नगर निकाय के चुनाव में भी जनता विपक्ष का सुपड़ा साफ कर देगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हताश व निराश विपक्ष के नेता जमीन पर कहीं नजर नही आ रहे उनका जनता के सुख-दुख से कोई सरोकार नही हैए ऐसे में उनके कार्यकर्ताओं में भी मायूसी है। दूसरी तरफ भाजपा पूरे उत्साह और जनसमर्थन के साथ नगर निकाय के चुनाव में मैदान में डटी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव में भी पार्टी को प्रचंड जीत मिलेगी। बृजेश पाठक ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वालों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते हुए नगर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत का मार्ग प्रशस्त करें।



# कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में वरिष्ठ नेताओं ने किया सघन जनसंपर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** नगर निकाय के चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विभिन्न वार्डो में सघन जनसम्पर्क करके कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी एवं सभासद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की तथा डोर-टू-डोर जाकर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव अनामिका यादव ने अपने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धेय अटल बिहारी वार्ड संख्या. 1 से कांग्रेस प्रत्याशी आशा रावत एवं लखनऊ की मेयर प्रत्याशी संगीता जायसवाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए वोट मांगा।

जनसम्पर्क के दौरान खेवली, निजामपुर, बरौना, राजखेरा, माइजीका पुरवा, सेवई, सौनाई का पुरवा आदि मोहल्लों में जाकर घर-घर कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी संगीता जायसवाल तथा पार्षद प्रत्याश आशा रावत के पक्ष में वोट करने की अपील की। आज के इस जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम में अनामिका यादव के साथ अमित सिंह, राकेश सिंह, नवाब अहमद, दिनेश सिंह सहित दर्जनों महिलाएं एवं कांग्रेसजन शामिल रहे।

# डीजी प्रशिक्षण अनिल अग्रवाल सेवानिवृत्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजी** प्रशिक्षण के पद पर तैनात अनिल कुमार अग्रवाल अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने उन्हें भावभीनी विदाई थी। डीजीपी ने अग्रवाल को मोमेन्टो भेट किया गया तथा सेवा काल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके एवं उनके परिवार के सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रकाश डी पुलिस महानिदेशक आवास निगम लिमिटेड लखनऊ, ज्योति नारायण अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण विद्यालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने तैनाती के समय के संस्मरण साझा किए। अनिल अग्रवाल वर्ष 1988 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। प्रशिक्षणोपरान्त उन्हें सहायक पुलिस अधीक्षक जनपद इलाहाबाद के पद पर पहली तैनाती मिली। वर्ष 2013 में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं यूपी-100 के पद पर नियुक्त रहे।

# नल कनेक्शन देने वाले जिलों की टॉप सूची में महोबा, बागपत, झांसी और ललितपुर

**लखनऊ।** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की बड़ी मुहिम उत्तर प्रदेश में रंग ला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना से प्रत्येक ग्रामीण तक नल से जल पहुंचाने का कार्य योगी सरकार तेज गति के साथ कर रही है। सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले जिलों की टॉप सूची में शुक्रवार को महोबा, बागपत, झांसी और ललितपुर जिले शामिल हुए। इन चारों जिलों में 75 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल पहुंचाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के मामले में बुंदेलखंड का महोबा जिला उप्र की सूची में टॉप पर है। इस जिले में 85.25 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है। महोबा में 133529 लक्ष्य के सापेक्ष में 113829 ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा दिया गया है। बागपत जिले ने 75.71 प्रतिशत नल कनेक्शन देकर टाप सूची में दूसरा स्थान, झांसी ने 75.62 फ ीसद नल कनेक्शन देकर तीसरा स्थान और ललितपुर जिले ने 75.33 प्रतिशत नल कनेक्शन देकर चौथा स्थान प्राप्त किया है।

इन चारों जिलों में 75 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। 70 प्रतिशत से अधिक नल कनेक्शन देने में ये जिले आगे राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश जहां देश में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों की टॉप थ्री सूची में शामिल है। तो वहीं जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के अधिकतर जिले तेज गति से कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस सूची में मीरजापुर, चित्रकूट और बांदा शामिल हैं।

# भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है शासन-प्रशासनः अखिलेश

## सपा मुख्यालय में 110 वार्ड के प्रभारियों की बैठक आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को लखनऊ नगर निगम के अन्तर्गत सभी 110 वार्ड के प्रभारियों की बैठक में एकमत से समाजवादी पार्टी की मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों को जिताकर भाजपा को करारी शिकस्त देने का संकल्प लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि निकाय चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। शासन प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। खुद मुख्यमंत्री भी नगर निकाय चुनावों में बुनियादी मुद्दों पर चर्चा नहीं करते है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि यह चुनाव क्या है और किस लिए हो रहा है, भाजपा नेतृत्व अनावश्यक मुद्दों पर बात क्यों करता है, नगरीय विकास के बारे में भाजपा चर्चा क्यों नहीं करती है, मुख्यमंत्री तमंचा, गुंडों की ही ज्यादा बातें क्यों करते है, लखनऊ की जनता चुनाव में इसका जवाब देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, लूट, हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है। लोगों में भाजपा सरकार के प्रति आक्रोश है। स्मार्ट सिटी नारा भर है। बुनियादी समस्याएं जहां की तहां है। भाजपा ने विकास योजनाओं में लूट की है। कूड़े का निस्तारण नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी के समर्थकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जीएसटी के छापे समाजवादी पार्टी समर्थक व्यापारियों के यहां ही क्यों पड़ते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय ही राजधानी लखनऊ में विकास कार्य हुए थे। रिवरफ्रंट, मेट्रो रेल, लोहिया और जनेश्वर मिश्र पार्क, इकाना स्टेडियम, जेपी इन्टरनेशनल सेंटर आदि के सापेक्ष भाजपा सरकार में एक भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है। अखिलेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से घर-घर जाकर सम्पर्क करने को कहा। भाजपा सरकार के रहते किसी को न्याय नहीं मिलेगा। निकाय चुनाव में भाजपा से सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। भाजपा की चालबाजियों से हमें सावधान रहना है। भाजपा को इस निकाय चुनाव में करारी शिकस्त देनी है। इस अवसर पर मेयर पद की सपा प्रत्याशी वंदना मिश्रा के अतिरिक्त राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, रविदास मेहरोत्रा, अभिषेक मिश्रा, मधु गुप्ता, मीरा वर्धन, प्रो. रमेश दीक्षित, डॉ. राजपाल कश्यप, जगदीप यादव, श्याम किशोर यादव, गोमती यादव, पूजा शुक्ला, पवन मनोचा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है।

# पुलवामा मामले पर पीएम जारी करें श्वेत पत्रः कैप्टन अजय सिंह यादव




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि पुलवामा हमले पर जम्मू कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खुलासे और पूर्व सेना प्रमुख जनरल शंकर राय चौधरी के सवालों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी गहरी खामोशी कई अनुत्तरित सवालों को फिर से खड़ा करती है।

यादव शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के चेयरमैन मनोज यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह तथा प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह भी मौजूद थे। यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार से मांग करती है कि प्रधानमंत्री मोदी इस महत्वपूर्ण मामले पर चुप्पी तोड़ें। राष्ट्रहित में पुलवामा हमले पर एक श्वेत पत्र जारी किया जाए। जिसमें सरकार यह बताए कि किस तरह हमला हुआ, कहां कोताही हुई, इंटेलिजेंस की क्या नाकामी रही? जवानों को एयरक्राफ्ट देने से मना क्यों किया गया? सुरक्षा में क्या चूक हुई? ऐसी घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए सरकार की ओर से क्या कदम उठाए गए हैं? उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों के जवाब के रूप में भाजपा समर्थकों द्वारा पेश किए जाने वाले फर्जी राष्ट्रवाद की हकीकत उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि यह कैसा राष्ट्रवाद है जो अपने जवानों की सलामती के लिए एयरक्राफ्ट का अनुरोध भी ठुकरा देता है, जो वायुसेना और नागरिक उड्डयन विभाग के पास उपलब्ध रहते हैं। वायु सेना के अधिकारियों के मुताबिक एयरफोर्स काट्राई सर्विस को रियर हमेशा मौजूद होता है तो फिर वह देने से मना क्यों किया गया।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि समाचारों के अनुसार 2 जनवरी, 2019 और 3 फरवरी 2019 के बीच जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती मिशन की ओर इशारा करती हुई कम से कम 11 खुफिया जानकारिया मिली थीं। इंटेलीजेंस के इनपुट्स लगातार आ रहे थे कि सुरक्षाबलों के काफिले सॉफ्ट टारगेट हैं, उनके ऊपर आतंकी हमला हो सकता है। जो मूलभूत ढांचा है उसके हिसाब से इंटेलिजेंस इनपुट्स देने की जो ज़िम्मेदारी है । आईबी और रॉ जैसी खुफिया एजेंसियों की वो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के अधिकार क्षेत्र में आती है तो इन खुफिया जानकारियों को नजरअंदाज क्यों किया गया।

# योगी सरकार ने अब तक की 1.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

## ● 187.52 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खाते में की गई प्रेषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ गेहूं की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की और इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत प्रदेश में गेहूं खरीद सीधे किसानों से की जा रही है। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग, पीसीएफ, पीसीयू यूपीएसएस मण्डी परिषद, नैफेड व भाखानि क्रय एजेन्सियों के द्वारा प्रदेश में 5674 कय केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 25531 किसानों से 1.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गयी है तथा 187.52 करोड़ की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खाते में प्रेषित करायी गयी है।

मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीद की व्यवस्था पर कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाये। किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाई जाये। पंचायती राज्य विभाग के जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित कर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों का सहयोग प्राप्त कर गेहूं खरीद करायी जाये। जिलाधिकारी अपने स्तर से संचालित क्रय केन्द्रों की समीक्षा कर, जहां गेहूं की आवक नहीं हो रही है, उन क्रय केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गेहूं की अच्छी आवक है, वहां संचालित कराया जाये। मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लायी जाये तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद पर प्रदेश सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी विशेष ध्यान है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने 24 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश में पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाए। आरएमएस के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से एफएक्यू गेहूं खरीद पर अन्य समितियों की भांति उन्हें नियमानुसार 27 रुपये प्रति कुंतल कमीशन देय होगा। खाद्य आयुक्त ने बताया कि असमय वर्षा व ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल प्रभावित होने व गेहूं की गुणवत्ता खराब होने के दृष्टिगत कृषक हित में शासन द्वारा गेहूं की गुणवत्ता मानकों में छूट प्रदान करते हुए 80 प्रतिशत की सीमा तक चमकविहीन गेहूं तथा 18 प्रतिशत तक की सीमा तक सिकुड़े व टूटे हुए दाने वाले गेहूं की भी खरीद बिना किसी कटौती के समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

# पलिया में शीघ्र बनेगा एयरपोर्ट: योगी

● खीरी की चुनावी जनसभा में बोले मुख्यमंत्री

● कहा कि सपा-बसपा-कांग्रेस ने विकास को अवरुद्ध किया

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लखीमपुर के जीआईसी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। नगरपालिका परिषद लखीमपुर, गोला, मोहम्मदी, पलिया व आठ नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सदस्य का चुनाव लड़ रहे बीजेपी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। सीएम ने कहा कि 2022 में सभी आठ विधान सभा सीटों पर बीजेपी का एमएलए बना कर जिले के वोटरों ने डबल इंजन की सरकार बनाई। जिले बहुमुखी विकास हो रहा है। मेडिकल कालेज बन रहा है। फोरलेन सड़को का जाल बिछा दिया गया है। पलिया की हवाई पट्टी को शीघ्र ही हवाई अड्डा बनाया जाएगा। कार्ययोजना प्रगति पर है। टूरिज्म पर कई प्रोजेक्ट चल रहे है। गोला में गोला गोकरण नाथ धाम कॉरिडोर प्रगति पर है। अब जिले में रेस्टारेंट, होटल, गेस्टहाउस की भरमार होगी। बोले काशी में कॉरिडोर, नीमसार तीर्थ सीतापुर में निर्माण कार्य चल रहा है। अयोध्या में जल्दी भव्य राम मंदिर बनेगा। बीजेपी सुरक्षा ध् अनुशासन का प्रतीक है। होली दीवाली में अब निःशुल्क एलपीजी सिलिंडर दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि लखीमपुर से पुष्पा सिंह, गोला से विजय शुक्ला रिंकू, मोहम्मदी से संदीप मेहरोत्रा, पलिया से केबी गुप्ता सहित सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के बीजेपी प्रत्याशियों व सभी 12 निकायों में बीजेपी के सदस्य पद के प्रत्याशियों के समर्थन में कमल के फूल पर मोहर लगाने का अनुरोध करने आया हूँ। सीएम ने गोला छोटी काशी का नाम लेते हुए गोला के विधायक अमन गिरी के पिता पूर्व विधायक स्व अरविंद गिरी को याद किया। कहा गोला शिव मंदिर कॉरिडोर उनका सपना था। यह पूर्ण हो रहा है। सीएम जनसभा समाप्त कर हेलीकाप्टर पर बैठ भी नही पाए थे कि तेज आंधी आ गयी। पंडाल गिर गए। जान बचा कर हजारों लोग भागे। गनीमत रही कि कोई अनहोनी नही हुई। इस दौरान मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री आशीष पटेल, प्रदेश बीजेपी महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, खीरी के सभी आठ विधायक, ज्ञान1 बाजपेयी, पुष्पा सिंह,रामजी मौर्य, श्यामू पांडे, अरविंद गुप्ता आदि जनसभा में उपस्थित रहे।

# सीएम ने नैमिष के लिए दी योजनाओं की सौगात

संवाददाता। सीतापुर

● मिश्रिख मेला मैदान पर आयोजित जनसभा को योगी ने किया सम्बोधित

● नैमिषारण्य के लिए हैलिकाप्टर और इलेक्ट्रिक बसों का किया जाएगा संचालन

● भाजपा प्रत्याशियों को वोट करने की अपील की

● नैमिषारण्य हमारे वैदिक ज्ञान की धरोहर, हमें इस पर गर्व है

**सीतापुर** के मिश्रिख मेला मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी नैमिषारण्य के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरु किया जाएगा। अगले कुछ महीनों में नैमिषारण्य के लिए हैलिकाप्टर सेवा भी शुरु होने जा रही है। सीएम योगी शुक्रवार को सीतापुर में नगर निकाय प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अपील की, कि स्मार्ट सिटी और अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने के लिए भाजपा को वोट दें। कहा कि नैमिषारण्य की सड़को का चौड़ीकरण होगा। जब नैमिषारण्य का कायाकल्प होगा तो यहां लाखों करड़ो की संख्या में पर्यटक आयेंगे। जिससे रोजगार का सृजन होगा। सीएम योगी ने कहा कि कोई होटल धर्मशाला और गेस्ट हाउस से कमाई करेगा। तो कोई पूजन सामग्री बेचकर और कोई पूजा कराकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैमिषारण्य हमारे वैदिक ज्ञान की धरोहर है हम भारतियों को इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने तय किया है कि जैसे काशी विश्वनाथ धाम का पुनरोद्धार हुआ है वैसे ही नैमिषारण्य का भी होगा। ओडी ओपी के तहत यहां की दरियों को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अमेरिका, यूरोप में सीतापुर की दरी जा रही है। इस मौके पर जनपद प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मिश्रिखि विधायक रामकृष्ण भार्गव, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, सिधौली विधायक मनीष रावत, डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चंद्रभान, एडीएम रामभरत तिवारी, सीएमओ डा0 मधु गैरोला, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, एन पी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, विद्या चौतन्य, वीरेन्द्राचार्य, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा नेत्री नीरज वर्मा, एसडीएम अनिल कुमार रस्तोगी, तहसीलदार मनीष कुमार, सीओ सुशील कुमार यादव, कोतवाल जीतेन्द्र ओझा, ईओ सुर्जीत कुमार, विश्राम सागर राठौर, अंकित शुक्ला, भास्कर मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, रामगोपाल अवस्थी, नगरपालिका परिषद सीतापुर से भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी नेहा अवस्थी, नगरपालिका खैराबाद से पार्टी प्रत्याशी बेबी गुप्ता, मिश्रिख से प्रत्याशी सुमन देवी, महमूदाबाद से प्रत्याशी अम्ब्रीष गुप्ता, बिसवां से भाजपा प्रत्याशी सीमा जैन, नगर पंचायत महोली से भाजपा प्रत्याशी सरोजनी, नगर पंचायत हरगांव से हरिनाम बाबू मिश्रा, नगर पंचायत तंबौर से प्रत्याशी झब्बन बेग, नगर पंचायत सिधौली से भाजपा प्रत्याशी गंगाराम राजपूत सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी



**लखीमपुर खीरी**। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्सए पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफसुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड उपस्थित अधि0/कर्मचारी गणों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# डीएम ने दिए अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में नारकोटिक्स विभाग की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थो के विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने, गोपनीय सूचनाओं का इनपुट बढ़ाने तथा अवैध करोवार में संलप्ति लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे की लत अत्यंत खतरनाक है और इसके बहुत अधिक दुष्प्रभाव होते हैं। यह स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करने के साथ ही भविष्य को भी बिगाड़ देती है। विशेष रूप से नवयुवक इसकी चपेट में जल्दी आ जाते है। उन्होने अवैध रूप से नशे की बिक्री रोके जाने हेतु भी व्यापक अभियान चलाकर इसके परिवहन, बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होने कहा कि संदिग्ध क्षेत्रों में विशेष रूप से संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी ने नशे के विरूद्ध अभियान में जनपद में की गयी कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। उन्होने कहा कि नारोटिक्स सम्बन्धित अपराधों की जांच शीघ्र पूर्ण कराते हुये आरोप पत्र दाखिल किये जाये तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल मे लायी जाये। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राउण्ड लेवल अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते हुये सूचनाये संलकलित करें। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहो कि नशे के लत से प्रभावित लोगो को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के साथ उन्हे जागरूक भी किया जाये। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया जाये। अफीम की खेती हेतु जारी लाइसेंसों की स्थानीय जांच हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री संजीव बाजपेई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बसपा प्रत्याशी ने जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन



संवाददाता। लखीमपुर–खीरी।

**नगर** निकाय चुनाव जोर शोर से अपने शबाब पर दिखाई पड़ रहा है। सभी राजनीतिक पार्टियां अपने अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए अपना दमखम लगा रही हैं।वही बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी अंजू सुबोध मिश्रा पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में दिखाई पड़ रही है। रोजाना हजारों की तादाद में समर्थकों के साथ शहर के सभी मोहल्ले गलियों में जाकर बुजुर्ग महिलाएं माताएं बहनों से आशीर्वाद ले रही हैं। अंजू सुबोध मिश्रा ने हजारों की तादाद में कार्यकर्ताओं के साथ शहर के कपूरथला सिविल लाइन थरवन गंज मोहल्ले में जाकर लोगों से बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस चुनावी डोर टू डोर भ्रमण के दौरान बहुजन समाज पार्टी के मंडल मुख्य कोऑर्डिनेटर अजय चौधरीए हेमराज वर्माए सुरेश चंद गौतमए जय वीर सिंह गौतम जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष बसपाए राम नरेश सुमन विधानसभा सदर अध्यक्षए रंजीत गौतम सचिवए विनोद कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष श्रीनगरए मुकेश कुमार एडवोकेटए मोहम्मद हनीफ शंकर लाल कश्यप निसार अहमद अंकित कुमार गौतम उमाशंकर मुंशी रामस्वरूप गौतम ओम प्रकाश गौतम बुद्धेश्वर करवा गौतम रामसहाय गौतम सीमा मिश्रा प्रियंका तिवारी अरुण मिश्रा व आशीष मिश्रा मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र में नाला सफाई का जायजा लिया

**शाहजहांपुर।** प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से नगर की सफाई एवं नाला सफाई के सम्बंध में दिये गये नगर आयुक्त संतोष शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र में नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ एमके मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, पवन कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा हरबंस दीक्षित, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य रूप से निम्नलिखित स्थानों पर किया गया तथा निर्देश दिये । मोहल्ला बहादुरपुरा स्थित जेल एवं इस्लामिया इन्टर कालेज के पास नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। नाला सफाई कार्य में कुल 7 सफाई कर्मचारी कार्य करते हुये पाये गये, जो हेल्मेट,गमबूट, एपरन एवं मास्क पहने हुये थे। नगर आयुक्त द्वारा तारीन जलालनगर में नाईयों वाली मस्जिद के पास स्थित नाले का निरीक्षण किया गया। नाला सफाई कार्य में कुल 6 सफाई कर्मचारी कार्य करते हुये पाये गये।



### राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन के लिए कार्यशाला

**बरेली।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 हेतु शिक्षकों एवं बाल वैज्ञानिकों की कार्यशाला आयोजित की जाएगी । राष्ट्रपति पुरस्कृत राष्ट्रीय विज्ञान संचारक डॉ रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि पूरे देश में 10 से 17 वर्ष के युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे । जूनियर वर्ग में 10 से 14 और सीनियर वर्ग में 14 से 17 आयु वर्ग के विद्यार्थी शिक्षकों के निर्देशन में प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। जिला कार्यक्रम समन्वयक फरहान अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। मूल विषय पर आधारित उपविषयों में पारितंत्र को समझना, स्वास्थ्य पोषण और कल्याण को बढ़ावा देना, पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएं , आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण, पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार पर स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक हल पर विद्यार्थी प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे।

# जिन्हें पुलिस गधे पर बिठाती थी उन्हें मायावती ने हाथी पर बिठाया: नरेश

● भाजपा प्रत्याशी नेहा अवस्थी के समर्थन में सीतापुर पहुंचे

● सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

संवाददाता। सीतापुर

**नगर** पालिका परिषद सीतापुर से भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष पद प्रत्याशी नेहा अवस्थी के समर्थन में सीतापुर पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल ने व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओ में जोश भरा। बीजेपी प्रत्याशी नेहा अवस्थी के चुनाव कार्यालय उत्सव कुंज में वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने व्यापारियों से एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की । इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यों के दम पर ट्रिपल इंजन की सरकार बनायेगी। नरेश अग्रवाल ने हरदोई का उदहारण देते हुए कहा कि वैश्य समाज की हनक देखनी है तो हरदोई आइए, वहां के व्यापारी कैसे सीना तान के चलते हैं। उन्होंने सीतापुर के व्यापारियों से भी कहा कि आप भी सीना तान कर चलें जब भी कोई बात होगी नरेश अग्रवाल आपके साथ खड़ा दिखेगा। निकाय चुनाव के साथ-साथ नरेश अग्रवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी आश्वस्त किया कि 2024 में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता और भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 75 सीटें जीतेगी। सपा, कांग्रेस व बसपा पर तीखे बाण चलाते हुए उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में गुंडो का बोलबाला था लेकिन अब वह गुंडे पता नहीं कहां चले गए। बसपा पर हमलावर होते हुए नरेश अग्रवाल ने कहा कि जिन्हें पुलिस गधे पर बिठाकर घुमाती थी उन्हें मायावती ने हाथी पर बिठाने का काम किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि तीन बार हम युद्ध में पाकिस्तान से जीते लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में कांग्रेस सरकार नहीं ला सकी। इससे पूर्व सीतापुर पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल का स्वागत पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, मुनीन्द्र अवस्थी, व्यापारी विजय बंसल, सागर गुप्ता, भाजपा नेता ललित श्रीवास्तव 'चंचल', नमीन्द्र अवस्थी, बबिता गुप्ता, आकाश अग्रवाल बजरंगी, संजीव गुप्ता टिंचू, कमल नयन आर्य, मनोज मिश्रा, हिमांशू पाण्डेय आदि ने माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर किया। भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने व्यापारियों को जागरूक करने के साथ उनमें जोश भरा और सभी से नगर पालिका सीतापुर से अध्यक्ष पद भाजपा प्रत्याशी नेहा अवस्थी को भारी बहुमत से जिताने का आवाहन भी किया। इस दौरान पूरा कार्यालय जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इसके अलावा भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी नेहा अवस्थी के बारे में कहा कि इन्हें देखकर यह साफ लगता है कि यह कोई प्रतिनिधि नहीं रखेंगी बल्कि खुद निर्णय लेंगी।

# मतदान अधिकारी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराएं

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** निकाय निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सेंट पॉल इण्टर कालेज में दिनांक 28-30 अप्रैल,23 को प्रथम मतदान अधिकारियों/ पीठासीन अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण कराया जा रहा है। डीएम ने दिये जा रहे प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन में जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है वह कार्मिक अपने कार्यस्थल पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न वरती जाये। निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने समस्त पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यों को गंभीरता से लें। कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण पा रहे कार्मिकों को सही ढंग से प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों से प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी भी ली। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया, आयोग के निर्देशों आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**INTEGRATED TECHNOLOGIES LTD.**
CIN - L31909DL1995PLC277176
Reg. Office: Plot No. 11, SSI Industrial Estate GT Karnal Road Delhi-110033
Tel: +91-11- 41552579,
Email: info@integratedtech.in | Website: www.integratedtech.in

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2023**

(Rs. In lacs, except per share data)

| S. NO. | Particulars | QUARTER ENDED ON 31.03.2023 (Audited) | QUARTER ENDED ON 31.12.2022 (Unaudited) | QUARTER ENDED ON 31.03.2022 (Audited) | YEAR ENDED ON 31.03.2023 (Audited) | YEAR ENDED ON 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operations | | | | | |
| | (a) Net sales/ Income from operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (b) Other operating Income | 3.73 | 0.00 | 12.01 | 513.64 | 12.01 |
| | Total Revenue from operations {1(a)+1(b)} | 3.73 | 0.00 | 12.01 | 513.64 | 12.01 |
| 2 | Other Income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | Total Income (1+2) | 3.73 | 0.00 | 12.01 | 513.64 | 12.01 |
| 4 | Expenses | | | | | |
| | a) Cost of material consumed | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | b) Purchase of stock in trade | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | c) Changes in inventories of finished goods, work in progress and stock in trade | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | d) Employee benefits expense | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 3.61 | 4.21 |
| | e) Finance cost | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | f) Depreciation expense | 0.03 | 0.00 | 0.00 | 0.03 | 0.00 |
| | g) Other Expenses | 2.47 | 2.24 | 9.65 | 11.13 | 11.97 |
| | Total Expenses {4(a) to 4(g)} | 3.09 | 3.14 | 10.70 | 14.76 | 16.18 |
| 5 | Total profit before exceptional and extraordinary items and tax (3-4) | 0.63 | (3.14) | 1.31 | 498.89 | (4.17) |
| 6 | Exceptional Items | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | Profit before taxes (5-6) | 0.63 | (3.14) | 1.31 | 498.89 | (4.17) |
| 8 | Tax Expense | | | | | |
| | Current Tax | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | Deferred Tax | 362.52 | 0.00 | (9.87) | 362.52 | (9.87) |
| | Total Tax Expense | 362.52 | 0.00 | (9.87) | 362.52 | (9.87) |
| 9 | Profit for the period after tax (7-8) | (361.89) | (3.14) | (8.56) | 136.36 | (14.04) |
| 10 | Other Comprehensive Income (OCI) | | | | | |
| | i) items that will be reclassified to Profit and Loss (net of tax) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | ii) items that will not be reclassified to Profit and Loss (net of tax) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | Total Comprehensive Income for the period (9 + 10) | (361.89) | (3.14) | (8.56) | 136.36 | (14.04) |
| 12 | Paid-up equity share capital (Equity Share of Rs.10/- each, fully paid) | 478.15 | 478.15 | 478.15 | 478.15 | 478.15 |
| 13 | Other Equity | | | | | |
| 14 | Earnings per share [Nominal value of shares Rs.10 (previous year Rs.10)] ( not annualised) | | | | | |
| | a) Basic | (7.57) | (0.07) | (0.18) | 2.85 | (0.29) |
| | b) Diluted | (7.57) | (0.07) | (0.18) | 2.85 | (0.29) |

**Notes:**

1 The above financial results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with the relevant Rules thereunder.

2 The operating segment of the Company is identified to be as 'printed circuit board", as the 'Chief Operating Decision Maker' ("CODM") reviews business performance at an overall Company level as one segment. Therefore, the disclosure as per Regulations 33 (1) (e) read with the Clause (L) of Schedule IV of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 is not applicable to the Company.

3 The above results of the Company have been audited by the Statutory Auditors and have issued an unqualified audit opinion on the same. The figures for the quarters ended 31st March 2023 and 31st March 2022 are the balancing figures between the audited figures of the full financial year and the unaudited year to date figure upto the third quarter of the respective financial years. Also, the figures upto the end of third quarter were only reviewed and not subjected to audit.

4 The certificate obtained from the Managing Director and CFO in respect of above results in terms of Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 has been placed before Board of Directors.

5 Loan from directors and other payable, no longer payable is written back during the quarter ending 30th September 2022 and the same is booked as other income.

6 The audited financial results of the Company for the quarter and year ended 31st March 2023 have been reviewed by the Audit Committee of the Board and approved by the Board of Directors at their meeting on 28th April 2023.

7. Previous period figures are regrouped/reclassified in line with the current period.

**For and on behalf of the Board of Directors of Integrated Technologies Limited**
**Sd/-**
**(Rajeev Bali)**
**Managing Director**
**DIN : 00772978**

**Place : New Delhi**
**Date : 28.04.2023**

# प्रो. चारू मेहरोत्रा को मिला श्रीलंका में सम्मान

संवाददाता। बरेली



**गोकुलदास** हिंदू महिला महाविद्यालय मुरादाबाद की प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, होराइजन विवि, मलवे, श्रीलंका में अपना शोध पत्र दी कांसेप्ट ऑफ नाडा इन द शार्ट स्टोरीज ऑफ हेमिंग्वे पर प्रस्तुत किया इस शोध पत्र द्वारा डॉ चारू ने युद्ध की विभीषिका का मनुष्य के अंदर असुरक्षा , डर , भय, जीवन के प्रति विरक्ति की भावना आदि उत्पन्न होने का कारण बताया। डॉ चारू ने लेखक के 50 वर्ष पूर्व के अनुभवों को वर्तमान में कोविड-19 महामारी के समय काल का तुलनात्मक अध्ययन किया और युद्ध के वातावरण तथा महामारी के समय लोगों के अंदर असुरक्षा की भावना, जीवन के प्रति नजरिए का बदलना, आत्म केंद्रित होना व सामाजिक दूरियां बना लेना जैसे भावों का अध्ययन किया। वर्तमान में चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध के प्रभाव का भी अध्ययन करते हुए स्पष्ट किया कि युद्ध से किसी को लाभ नहीं होता, इसके दूरगामी परिणाम केवल युद्ध में संलिप्त को ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्य एवं लोगों को भी युद्ध के दुष्परिणाम सहने होते हैं और आज का समय तो तकनीकी क्षेत्र में अत्यंत विकसित है, अगर रासायनिक युद्ध होते हैं तो उसका नुकसान पूरे विश्व को उठाना पड़ता है। डॉ चारू ने कहा कि हेमिंग्वे की युद्ध पृष्ठभूमि पर लिखी गई कहानियों में सबसे ज्यादा जो बात प्रभावित करती है वो है मानवीय दृष्टिकोण, मानवीय पहलू जिसमें नायक युद्ध की विभीषिका से गुजरने के बाद भी अपने जीवन को पुनः सामान्य लय में लाने का प्रयास करता है, उसके लिए वह आशावादी दृष्टिकोण अपनाता है यही बात विश्व महामारी के दौरान भी हुई कि लोगों ने यह पाया कि पैसा भी कभी कभी काम नहीं आता। पैसा रखकर भी व्यक्ति खुद को असहाय महसूस करता है। इस विभीषिका ने कुछ समय के लिए तो पूरे विश्व को हिला दिया था परंतु धीरे-धीरे अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर लोगों ने महामारी पर विजय प्राप्त की और अब सामान्य जीवन की ओर पूरा विश्व बढ़ रहा है जीवन में इस प्रकार की अकाल्पनिक विपत्तियां हमारे सामने नई चुनौतियां खड़ी कर देती हैं परंतु ऐसे समय में आत्मविश्वास, दृढ़ इच्छाशक्ति और संतुलन, संतोष ही उस पर विजय प्राप्त करने के साधन है। डॉ चारू के शोध पत्र को वहां के पैनल ने बहुत सराहा व उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस श्रीलंका में एक सत्र की अध्यक्षता भी करने का अवसर प्रदान किया गया उनकी इस सफलता पर उनके सहयोगियों, सहकर्मियों व मित्रों एवं शुभचिंतकों तथा छात्राओं ने बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

## लोटस संस्थान के चेयरमैन को गोली मारने वाला छात्र गिरफ्तार

**बरेली।** लोटस इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक अग्रवाल पर हमला कर गोली मारने के आरोपी छात्र को फरीदपुर पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया उसके पास से तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले के मुकदमे के साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया । बुधवार को लोटस संस्थान मे बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र श्रेष्ठ सैनी पुत्र देवेंद्र कुमार सैनी ने कालेज के चेयरमैन अभिषेक अग्रवाल को जान से मारने की नियत से गोली मारी थी गोली उनके कान के पास से छूती हुई निकल गई इससे वह घायल हो गए थे घटना की फरीदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल सीओ फरीदपुर के निर्देश पर इंस्पेक्टर फरीदपुर दयाशंकर की टीम ने शुक्रवार को आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद कर लिया। छात्र का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने प्रैक्टिकल में नंबर काट दिए, कॉलेज से निलंबित कर दिया था परेशान होकर उसने घटना को अंजाम दिया।

## एसडीएम ने बूथों पर जाकर किया निरीक्षण

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**नगर** पालिका परिषद मोहम्मदी मे बने बूथों का निरीक्षण पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने किया। जहां बूथो पर जाकर उसका जायजा लिया। इसी को देखने के लिए एसडीएम पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमे प्राथमिक विद्यालय सरैया, शिशु निकेतन, जेपी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, युग निर्माण समेत कई बूथों का निरीक्षण किया गया, साथ ही सभी बूथों पर जरूरी सुविधा जैसे पानी, टॉयलेट, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि व्यवस्था देखी गई। इस मौके पर अधिशसी अधिकारी, तहसीलदार, चौकी प्रभारी कस्बा भी उपस्थित रहे। बर बर नगर पचायत ने तीन मतदान केंद्र पर 11 मतदान स्थल बूथ है, वही मोहम्मदी नगर पालिका में 13 मतदान केंद्र पर 50 मतदान स्थल बूथ बनाऐ गये हैं, जिसमें अनेकों बूथ अतिसंवेदनशील और संवेदनशील भी हैं।

# शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, शातिर बदमाश गिरफ्तार

● भारी मात्रा में निर्मित शस्त्र हुये बरामद

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**कोतवाली** पुलिस की टीम ने चुंगी नंबर 4 के पास खंडहर में चल रही असलहा फैक्टरी पकड़ी। टीमों ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया जबकि दूसरा आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में असलहे बरामद किए हैं। सीओ रविंद्र गौतम ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया।

कुछ लोग अवैध असलहों का निर्माण कर युवाओं को चंद रुपयों के खतिर अपराधी बना रहे हैं। पुलिस ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। कोतवाली में सीओ रविंद्र गौतम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरूवार की रात कोतवाल कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि चुंगी नंबर 4 से 500 मीटर दूर वेदप्रकाश के खेत में एक खंडहरनुमा मकान है। उक्त मकान में कुछ लोग असलहा बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल, एसएसआई आनंद सिंह आदि की टीम ने छापेमारी कर अवैध असलहा बना रहे अशफाक उर्फ चिरकुट्टा निवासी मोहल्ला खटीकान को पकड़ लिया। जबकि दूसरा आरोपी रुस्तम मौके से भाग निकला। पुलिस ने मौके से 10 अदद तमंचा व पौनिया के साथ 2 जिंदा कारतूस व तमंचा बनाने वाले उपकण भी बरामद किए। कोतवाल कुलदीप तिवारी ने बताया कि 4 तमंचा 315 बोर 1 पौनिया व 1 तमंचा 12 बोर चालू हालत में बरामद किए। इसके अलावा 1 पौनिया, 1 तमंचा 315 बोर, 1 तमंचा 32 बोर व 1 तमंचा 12 बोर बिगड़ी हालत में बरामद किए। एक तमंचा की नाल व बॉडी अलग अलग मिली। वहीं, 4 नाल 315 बोर, 4 नाल 12 बोर व 2 जिंदा कारतूस भी मौके से बरामद किए गए हैं।

# चौबीस घंटे में हुआ हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

● मंगेतर ने प्रेमी संग मिलकर की थी हत्या

**संवाददाता।** फतेहपुर

**राधानगर** थाना क्षेत्र के तपस्वी नगर एफसीआई गोदाम के समीप स्थित मोदी गार्डेन में बुधवार की रात हुए हत्याकांड से पुलिस ने चौबीस घंटे में पर्दा उठाते हुए इसमें शामिल मृतक की मंगेतर, उसके प्रेमी व एक अन्य साथी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मंगेतर ने ही प्रेमी व एक अन्य साथी के साथ मिलकर शत्रुघन पाल को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी रामखेलावन पाल के 25 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न पाल को बुधवार की रात मोदी गार्डेन में धारदार हथियार गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई विजयपाल की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके हत्याकांड के खुलासे में जुट गई थी।

छानबीन के दौरान पुलिस के हाथ कई सुराग लगे थे। पुलिस ने मृतक की मंगेतर ननकी उर्फ अंजली पुत्री श्रीनाथ पाल निवासी ग्राम टिकरिया थाना खागा को गिरफ्तार कर जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। अभियुक्ता ने बताया कि उसकी शादी शत्रुघन पाल से होनी थी जबकि वह महेश सिंह से प्रेम करती थी और उसी से शादी करना चाहती थी। प्यार में रोड़ा बने शत्रुघन पाल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और अपने प्रेमी व उसके एक साथी के साथ मिलकर शत्रुघन की हत्या करवा दी। पुलिस ने महेश सिंह पुत्र शिव प्रसाद सिंह निवासी ग्राम टिकरिया थाना खागा व राजन पुत्र महेश प्रसाद निवासी ग्राम पाई थाना खागा को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने जुर्म कबूल कर लिया।

# ऐतिहासिक होगा 'मन की बात' का 100वां संस्करण

## मंदाकिनी पैलेस में एक हजार से अधिक बुद्धिजीवी सुनेंगे पीएम मोदी की मन की बात

● कार्यक्रम को खास बनाने में जुटे चित्रकूट सांसद

**संवाददाता।** चित्रकूट



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले 100वें संस्करण को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल खास बनाने में जुटे हुए है। सांसद ने बताया कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव और बूथों पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रहीं है। उन्होने कहा कि पीएम के मन की बात का 100वां संस्करण देश के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होने बताया कि चित्रकूट जिला मुख्यालय स्थित मंदाकिनी पैलैस में विशेष आयोजन होगा। जिसमें एक हजार बुद्धजीवी लोग एक साथ पीएम मोदी के मन कीी बात कार्यक्रम को सुनेगें।

शुक्रवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को लेकर संसदीय क्षेत्र में विशेष तैयारियां की जा रहीं है। सभी बूथों पर जनता के साथ सुनने की योजना पार्टी द्वारा बनायी जा रहीं है। बताया कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने के लिए पार्टी संगठन द्वारा वृहद कार्ययोजना बनाई जा रहीं है। गांव-गांव जाकर भाजपाईयों द्वारा आमजनमानस के बीच आमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने चित्रकूट को दी एफ एम रेडियो स्टेशन की सौगात

**चित्रकूट।** देश में रेडियो कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 वाट के 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया है। इसमें चित्रकूट जनपद भी शामिल है। पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 91 एफएम रेडियो ट्रांसमीटर का शुभारंभ किया।बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि अब आत से चित्रकूट वासी एमएफरेडियो का मजा ले सकेंगें। वहीं एफएम रेडियो सेंटर की शुरुआत होने पर जनपदवासियों में खुशी की लहर है। शहरवासी गाना, समाचार, किसानों और खेल के विविध कार्यक्रमों इत्यादि का लुफ्त उठा सकेंगे।

# भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा पहाड़ी ब्लाक का पथरामानी गांव



**पहाड़ी**, चित्रकूट। जनपद चित्रकूट के पहाड़ी ब्लाक के पथरा मानी गांव में गर्मियों में पानी की त्राहि-त्राहि मची रहती है। शासन-प्रशासन के चित्रकूट जिले को पेयजल संकट से निजात दिलाने के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी पहाड़ी ब्लाक के पथरा मानी ग्राम पंचायत के पीने के पानी की समस्या का समाधान शासन-प्रशासन आज तक नहीं कर पाया है। आपको बताते चलें कि इस ग्राम पंचायत में लगभग पांच से छह हजार लोगों की आबादी है। यहां की जनता जनप्रतिनिधियों से लेकर जिलाधिकारी तक अपनी व्यथा की गुहार लगा चुकी है। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं किया गयां लोगों का कहना है कि मई जून के माह में यह कुआं भी सूख जाता है। जिससे हम लोग रात रात भर पानी इकट्ठे होने का इंतजार करते हैं और तो और बगल में बने नाले मे गड्ढा खोदकर पीने का पानी निकालते हैं। गांव वासियों का कहना है कि यहां जो हैंडपंप भी हैं उनका पानी एकदम खारा है।

गांव वासियों द्वारा बताया गया हर वर्ष मई जून में यहां टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे पीने के पानी के लिए गांव निवासियों को दूर-दूर तक दर-दर न भटकना पड़े।

# प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह

**मौदहा,** हमीरपुर। निकाय चुनाव की लम्बी प्रक्रिया गुजरने के बाद आखिरकार शुक्रवार के दिन मैदान में उतरे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित हो गए और सभी अध्यक्ष तथा सदस्य पद के प्रत्याशी अपने चिन्ह को लेकर जनसम्पर्क में जुट गए हैं। वहीं नगर में एक ऐसा उम्मीदवार जो चिन्ह आवंटन से पहले चित्रकूट की धरा पहुंचकर भगवान कामतानाथ के दर्शन कर वापस आए और उसे मिले हुए चिन्ह की नगर में एक अलग ही प्रशंसा हो रही है।

● चुनाव के चलते प्रशासन सतर्क, 86 लोगो पर लगा गुंडा एक्ट

वहीं पूरे चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराने के मकसद से प्रशासन ने नगर समेत क्षेत्र भर के 1165 लोगों को पाबंद किया है तथा 86 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

निकाय चुनाव में 11 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस प्रक्रिया में शुक्रवार के दिन मैदान में उतरे उम्मीदवारों को चुनाव अधिकारी की तरफ से चिन्ह आवंटित किए गए जिसमें राजनीतिक दलों से अधिकृत प्रत्याशियों को पार्टी का चिन्ह मिला तो वहीं बगावती तेवरों के साथ चुनाव मैदान में उतरे आशीष सिंह अल्लू को आवंटित चिन्ह नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं चुनाव अधिकारी की तरफ से आवंटित चिन्ह को लेकर सभी उम्मीदवार जनसम्पर्क में जुट गए हैं ौर जनता जनार्दन से अपने को विजयी बनाने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रहे हैं।

# चित्रकूट को गौरवान्वित करने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

● डीएम और सीडीओ ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता।** चित्रकूट



**शिक्षा** के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल/ इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रदेश व जनपद चित्रकूट में प्रथम दस स्थान में सम्मिलित मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र छात्राओं, माता-पिता, अभिभावकों, शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज बड़े हर्ष की बात है कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में चित्रकूट के छात्र-छात्राओं ने जिले में अव्वल रहते हुए प्रदेश की सूची में नाम दर्ज कर चित्रकूट के नाम को गौरवांवित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों से पूछा गया की शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर क्या कार्य करना चाहते हैं। जिसमें बच्चों ने जवाब देते हुए बताया कि नीट, आईएएस, पीसीएस आदि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करें। आप लोगों ने कठिन परिश्रम करके यह परीक्षा पास किया है। जिससे आपके माता-पिता, गुरुजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मेहनत हमेशा करना है यही जीवन का सत्य है और जीवन में कुछ पाने के लिए कार्य अवश्य करना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है उसी के अनुसार तैयारी करके किसी बड़े पद पर पहुंचकर जनपद चित्रकूट का नाम देश-दुनिया में रोशन करें। ताकि जनपद चित्रकूट का विकास हो सके।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने कहा कि हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद चित्रकूट प्रदेश में 51वें स्थान पर है, कुल पंजीकृत छात्र छात्राओं में 88.68 प्रतिशत छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें प्रदेश में दिव्यांशु शुक्ला एवं सत्यम चौरसिया 9वां एवं विनायक भास्करम 10वां स्थान प्राप्त किया है।

## क्विक न्यूज

### ओवरलोड ट्रक ने दम्पत्ति को रौंदा, पति की दर्दनाक मौत

**राजापुर, चित्रकूट।** जिले के राजापुर थानान्तर्गत ग्राम पंचायत अर्की के मजरा कुटी का पुरवा से विजय निषाद अपनी पत्नी वन्दना उर्फसरिता को बाइक से लेकर घर जा रहा था।इसी बीच कुसेली मोड़ के पास बीती रात बालू से लदा ओवरलोड ट्रक ने सड़क किनारे फोन पर बात कर रहे दम्पत्ति को रौंद डाला। जिससे पति की मौत हो गई और पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहां डॉक्टरों ने विजय निषाद को मृत घोषित कर दिया और पत्नी वन्दना उर्फ सरिता को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### साधू की झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी जलकर खाक

**फर्रुखाबाद।** साधू की झोपड़ी में अचानक आग लगनें से गृहस्थी जलकर राख हो गयी। आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नया गाँव निवासी बाबा सूरज पाल गाँव के बाहर झोपड़ी डालकर मन्दिर के पास रह रहें है। शुक्रवार दोपहर उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग नें विकराल रूप ले लियाद्य आग की लपटें उठती देख आस.पास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गयेद्य उन्होंने दमकल को सूचना नही दी और पम्पंग सेट की मदद से कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग बुझी तब तक झोपड़ी का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। लेखपाल कुलदीप तिवारी जांच करने मौके पर पहुंचे और बाबा को मुआवजा दिलाने का पूर्ण भरोसा दिलाया।

### दो बाईकों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** दो बाईकों की सीधी टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। दोनों घायल युवकों की हालत नाजुक होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसमरी में दो बाईकों की सीधी टक्कर हो गई टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में तीन युवक बुरी तरह से घायल हो गए जिनमें से सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा लेवा निवासी ठाकुरदीन(35)पुत्र इंद्रजीत,बांदा जनपद के मरौली निवासी कुलदीप पुत्र बरदानी और रोहित पुत्र बच्चीलाल को सिसोलर थाना पुलिस और एम्बुलेंस के सहयोग से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने ठाकुर दीन को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

### सायबर ठगों ने पीएसी जवान के खाते से उड़ाए 20 हजार

**फतेहपुर।** साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर पीएसी जवान के खाते से 20 हजार की रकम पार कर दी। मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है। 12वी वाहिनी पीएसी में तौनत सुरेश कुमार ने बताया कि 29 अक्टूबर 2022 की शाम उसके मोबाइल पर दोस्त बनकर एक युवक ने फोन किया। युवक ने कहा कि उसके खाते में रुपया ट्रांसफर नहीं हो रहा है वह उसके खाते में 20 हजार रुपया ट्रांसफर कर रहा है। बाद में 20 हजार रुपया उसके खाते में ट्रांसफर कर देना। सुरेश ने अपने दोस्त नवनीत के खाते में रुपया ट्रांसफर करवाया। सुरेश ने जब नवनीत के खाते से 20 हजार रुपया अखिलेश दुबे के खाते पर ट्रांसफर किया तो उसके खाते से 20 हजार रुपया अतिरिक्त कट गया।

### चोरी की शराब समेत चोर को दबोचा

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने वीरेन्द्र सोनकर पुत्र स्व कुन्जल निवासी कुसियापुरवा के कब्जे से 32 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे। इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने शराब की सरकारी दुकान से शराब चोरी करके बेचने वाले को चोरी के 115 क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्टेट आइकान स्वीप डा. अनुराग श्रीवास्तव की ओर से लगातार पहल की जा रही है। शुक्रवार को उनके नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज खुशवक्तरायनगर के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के जरिये मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

# कारागार मंत्री ने सियाशरण के समर्थन में किया जनसंपर्क

**संवाददाता।** कोटरा, जालौन



**नगर** पंचायत कोटरा पहुंचे प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सियाशरण व्यास के समर्थन में एक ओर जहां घर-घर मतदाताओं से जनसंपर्क कर समर्थन मांगा तो वहीं उन्होंने कस्बे में जनसभा को संबोधित करते हुये प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं की जनता को जानकारी भी दी। जनसभा में मंत्री ने कस्बे की जनता के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और एकजुट होकर कार्य करने को कहा। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि देश में विकास कार्य निरंतर हो रहा है और प्रदेश भी विकास के पथ पर है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और वर्तमान में प्रदेश में गुंडागर्दी भी समाप्ति की ओर है। कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे प्रदेश के कारागार मंत्री ने भाजपा के बूथ अध्यक्षों, सेक्टर अध्यक्ष एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

### पांच सीएचसी को मिला कायाकल्प अवार्ड

**उरई, जालौन।** जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने कायाकल्प अवार्ड में सांत्वना पुरस्कार जीता है। सभी अवार्ड विजेता स्वास्थ्य केंद्रों को एक एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें 75 प्रतिशत धनराशि अस्पताल के रखरखाव और 25 फीसदी धनराशि स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहन स्वरुप दी जाएगी। पांच स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प अवार्ड में चुने जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने चिकित्सक और स्टाफको बधाई दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच, रामपुरा, माधौगढ़, जालौन और कदौरा को कायाकल्प के राज्य स्तरीय अवार्ड में सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में स्वर्णकार समाज

**जालौन, उरई।** नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल का स्वर्णकार समाज के भाजपा समर्थकों ने स्वागत किया और नगर की जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। शुक्रवार को भव्य रथयात्रा का भी आयोजन किया गया। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा ने नेहा पुनीत मित्तल को अपना प्रत्याशी बनाया है। नेहा पुनीत मित्तल के समर्थन में समाज के सभी वर्गों के लोग नजर आ रहे हैं। गुरुवार की शाम उनके पति पुनीत मित्तल का स्वर्णकार समाज के भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान चुनाव रणनीति पर भी चर्चा की गई।

# बालक को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचला, दर्दनाक मौत

**फर्रुखाबाद।** मिट्टी खनन के लिए जा रही ट्रैक्टर ट्राली ने घर से दुकान जा रहे तीन वर्षीय बालक को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली लेकर चालक ने भागने का प्रयास किया। गांव के लोगों ने उसको घेर कर पकड़ लिया और वहीं बैठा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चालक व ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। पंचनामा भरकर बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक अपने माता.पिता का एकलौता पुत्र था। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उखरा में कुछ माह से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। सुबह होते ही ट्रैक्टर ट्राली खनने के लिए गांव भगौरा से होकर उखरा गांव जाती है। खनन कर मिट्टी भरकर इसी मार्ग से वापस जाती हैं। शुक्रवार को गांव के शिवलाल शाक्य का तीन वर्षीय पुत्र रुद्र गांव में स्थित दुकान पर जा रहा था। उसी समय मिट्टी का मिट्टी भरने चालक ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार लेकर जा रहा था। ट्रैक्टर की चपेट में बालक आ गया।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने भाजपा सरकार पर बोला हमला




**खागा**, फतेहपुर। किशनपुर रोड स्थित सपा कार्यालय में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का खागा नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु चुनाव लड़ रही प्रत्याशी चंद्रकली पुत्र इंदल सिंह ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान नगर निकाय सपा कार्यालय में चौपाल लगाकर सपा विचार धाराओं की चर्चा की। सपा कार्यालय में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की व्यवस्था बड़ी खराब है और गरीब गरीब होता जा रहा है। अमीर अमीर होता जा रहा है और इन्होंने कहा कि एक तो 132 करोड़ की आबादी भाजपा के महंगाई की मार झेल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि महंगाई कम कर देंगे किंतु उल्टा हो रहा है महंगाई चरम सीमा पर है। किसान भाई एवं मजदूर भाई महंगाई की मार झेल रहा है। ना तो पेट्रोल के दाम कम हुए हैं ना डीजल के, और ना ही रसोई सिलेंडर के दाम कम हुए। उत्तर प्रदेश की जनता परेशान है और कहा कि खागा एक ऐतिहासिक तहसील है। उसके पश्चात प्रत्याशी पुत्र को और नगर वासियों को धन्यवाद दिया। चंद्र कली प्रत्याशी पुत्र इंदल सिंह ने सभी सपा कार्यकर्ताओं एवं आए हुए नगरवासियों को धन्यवाद दिया।

# पेज एक का शेष

### बृजभूषण पर...

पूनिया ने कहा कि यदि किसी महासंघ के अध्यक्ष पर ऐसे आरोप हों तो खिलाड़ी कहां जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुराग ठाकुर के इस बयान पर कि उन्होंने पहलवानों के साथ 12 घंटे बिताए और सरकार उनके साथ थी, पूनिया ने कहा कि उन 12 घंटों में से ठाकुर मुश्किल से 12 मिनट तक मौजूद थे। यह पूछने पर कि वे खेल मंत्रालय वापिस क्यों नहीं गए, पूनिया ने कहा कि खेलमंत्री हमारे फोन नहीं उठाते।

### नफरती भाषण...

शीर्ष अदालत के 21 अक्टूबर, 2022 के आदेश को सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में लागू करने का अनुरोध करने के लिए पुन: याचिका दाखिल की थी।

### आतंकवाद पर...

देशों के वैध हितों का ध्यान रखते हुए उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का परस्पर सम्मान करे। उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की मौजूदगी में कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रावधानों के आधार पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने में विश्वास रखता है और इसलिए वह एससीओ सदस्यों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाने का प्रयास करता है। सिंह ने आतंकवाद को प्रभावशाली तरीके से काबू करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का आतंकवादी कृत्य या किसी भी रूप में इसका समर्थन मानवता के खिलाफ बड़ा अपराध है। इस खतरे के साथ विश्व में शांति एवं समृद्धि नहीं आ सकती। पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने दिल्ली में आकर इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि डिजिटल माध्यम से वार्ता में शामिल हुए। भारत ने समूह के अध्यक्ष के तौर पर बैठक की मेजबानी की।

### शंघाई सहयोग...

पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। एससीओ देशों के साथ संपर्क हमारी प्राथमिकता है। हमें हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए सहयोग और मांग आधारित विकास सुनिश्चित करना चाहिए। गडकरी ने कहा कि भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और भरोसेमंद बनाने के लिए समाधानों को बढ़ावा देने को लेकर प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा, भारत, एससीओ सदस्यों की पहल की सराहना करता है। एससीओ का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना और राजनीतिक व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाना है। उन्होंने कहा, हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि भारत इस क्षेत्र में संपर्क में सुधार के लिए सहयोग करने को तैयार है। गडकरी ने ट्विटर पर लिखा है कि सभी सदस्य देश डिजिटल परिवर्तन और नवीन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने, परिवहन को कार्बन मुक्त करने और दक्षता तथा स्थिरता बढ़ाने के लिए एससीओ सदस्य राष्ट्रों के साथ मिलकर काम करने के विचार से सहमत हैं।

### भाजपा विधायक...

एक बयान में कहा, कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं ने अपना मानसिक और राजनीतिक संतुलन खो दिया है। विधानसभा चुनावों में आसन्न हार से बौखलाई भाजपा अब घिनौनी राजनीति पर उतर आई है। सुरजेवाला ने दावा किया, मर्यादा और राजनीतिक शुचिता को ताक पर रख कर भाजपा नेता और मोदी जी के पसंदीदा बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी को विषकन्या और चीन और पाकिस्तान की एजेंट कह कर भाजपा के असली चरित्र का परिचय दिया है।

### न्यायालय ने...

बताया कि राज्य सरकार घटना की जांच कर रही है और उसने इसके लिए तीन सदस्ईय आयोग का गठन किया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस का एक विशेष जांच दल भी मामले की जांच कर रहा है। न्यायमूर्ति रोहतगी ने कहा, यह शख्स और उसका पूरा परिवार पिछले 30 साल से जघन्य मामलों में फंसा रहा है। यह घटना खासतौर से भीषण है। हमने हत्यारों को पकड़ा है और उन्होंने कहा है कि उन्होंने लोकप्रिय होने के लिए यह किया। रोहतगी ने न्यायालय में कहा, हर किसी ने हत्या को टेलीविजन पर देखा। हत्यारे खुद को समाचार फोटोग्राफर बताकर आए थे। उनके पास कैमरे और पहचान पत्र थे जो बाद में फर्जी पाए गए। वहां करीब 50 लोग थे तथा और इससे अधिक लोग बाहर भी थे। इस तरीके से उन्होंने हत्या को अंजाम दिया। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को घटना के बाद उठाए गए कदमों पर स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा, एक विस्तृत हलफनामा दायर करें जिनमें प्रयागराज में मोतीलाल नेहरू डिवीजनल हॉस्पिटल के समीप 15 अप्रैल को हुई हत्याओं की जांच करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी हो। हलफनामे में घटना के संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी जाए और न्यायमूर्ति बी एस चौहान आयोग की रिपोर्ट के बाद उठाए कदमों का भी खुलासा किया जाए।

### कांग्रेस के...

लोग वहां मोदी-मोदी के नारों के साथ उनका स्वागत करते हैं। धारवाड़ जिले के नवलगुंद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कहते हैं कि हमारे नेता मोदी, जिनका पूरा विश्व सम्मान और स्वागत करता है, एक जहरीले सांप की तरह हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप मोदी की तुलना जहरीले सांप से करने वाली कांग्रेस को चुनाव में विजई बना सकते हैं? वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि वही कांग्रेस है जो मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा देती है, सोनिया गांधी मौत का सौदागर बताती हैं, प्रियंका गांधी नीची जाति के लोग बताती हैं, और वह (खरगे) विषैला सांप कहते हैं। कांग्रेस वालो, आपका दिमाग खराब हो गया है। आप मोदी को जितनी भी गाली देंगे, कमल उतना ही खिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देकर कांग्रेस कर्नाटक के लोगों को नहीं भड़का सकती।

### सहपाठियों ने...

सूचना मिली। दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश देव ने कहा कि जहां स्कूल बैग पड़ा था, उसके कुछ दूरी पर ही खून लगे चार-पांच पत्थर भी पड़े थे और खून से सना तौलिया भी वहां से मिला है। उन्होंने कहा कि मौका-ए-वारदात की तस्वीरें ली गई हैं और सबूतों को कब्जे में ले लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि लड़के के सिर पर कई चोटों के निशान हैं। खून लगे पत्थर मिलने से संकेत मिलता है कि अपराध को अंजाम देने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। डीसीपी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित सौरभ की मां दर्पण ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पहले ही उसके बेटे का सेक्शन बदल दिया गया था, जिससे वह खुश नहीं था। उसने मुझसे बृहस्पतिवार को दो बजे स्कूल आकर क्लास टीचर से बात कर उसे पुराने सेक्शन में ही भेजने का अनुरोध किया था।

### शीर्ष अदालत...

सौंपने का निर्देश दिया। कुछ दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने एबीपी आनंदा चैनल को दिए गए न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के साक्षात्कार को लेकर निराशा प्रकट की थी। न्यायमूर्ति बोपन्ना ने कहा कि शीर्ष अदालत के कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को निर्देश देने के कुछ ही समय बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय का आदेश उचित नहीं है। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के विचार से सहमति जताई और कहा कि न्यायाधीश को आदेश पारित नहीं करना चाहिए। पीठ ने कहा, सॉलिसीटर जनरल का पक्ष सुनने के बाद, जैसा कि ठीक ही कहा गया है, मौजूदा प्रकृति का आदेश न्यायिक कार्यवाही में पारित नहीं किया जाना चाहिए था। वह भी न्यायिक अनुशासन को ध्यान में रखते हुए।

### सूरज पंचोली...

सामान्य हैं। सीबीआई अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि जिया की मां राबिया खान ने अभियोजन पक्ष के विपरीत बयान देकर मामला बिगाड़ दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा, अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त, ठोस और भरोसे लायक साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूरी तरह से विफल रहा। अदालत के आदेश में कहा गया है कि ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया गया कि तीन जून, 2013 को पंचोली ने ऐसा कोई काम किया था, जिससे पता चलता हो कि वह चाहते थे कि वह (जिया) आत्महत्या कर ले। अदालत ने कहा कि उस दिन पंचोली जिया से मिले तक नहीं थे। अदालत ने कहा, इसमें कोई शक नहीं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक युवती ने आत्महत्या कर ली। हालांकि, उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि वह अपनी भावनाओं की शिकार थी।

# यूक्रेन में मिसाइल और ड्रोन हमले में 19 की मौत

भाषा। उमान (यूक्रेन)

**रूस ने शुक्रवार** को तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव तथा आसपास के क्षेत्रों में 20 से अधिक क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर लोगों की जान मध्य यूक्रेन में एक आवासीय इमारत पर हुए दो मिसाइल हमलों में गई। कीव शहर के प्रशासन के अनुसार, लगभग दो महीने में पहली बार राजधानी के चारों ओर हवाई हमलों को लेकर आगाह करने वाले सायरन बजने लगे और यूक्रेन की वायु सेना ने कीव के ऊपर 11 क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन को रोका। उमान शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत पर हमला किया गया, जो कीव से लगभग 215 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। राजधानी क्षेत्र के गवर्नर इहोर ताबुरेत्स के मुताबिक इस हमले में तीन बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस के अनुसार,



17 लोग घायल हुए हैं और तीन बच्चों को मलबे से निकाला गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन जगहों पर क्रूज मिसाइल दागी गईं जहां यूक्रेनी सैन्य रिजर्व इकाइयां युद्ध के मैदान में अपनी तैनाती से पहले ठहरी हुई थीं। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा, हमले में लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा गया। सभी तयशुदा स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने किसी खास क्षेत्र या आवासीय इमारतों को निशाना बनाए जाने का उल्लेख नहीं किया। पूर्वी शहर निप्रो के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि शहर में एक हमले में 31 वर्षीय महिला और उसकी दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हुए हैं। ए हमले ऐसे वक्त किए गए हैं जब कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फोन पर लंबी और सार्थक बातचीत की। उनके मुताबिक, शी ने कहा कि उनकी सरकार यूक्रेन और अन्य देशों के लिए शांति दूत भेजेगी। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि शुक्रवार के हमले दिखाते हैं कि रूस शांति समझौते में दिलचस्पी नहीं रखता। उन्होंने ट्वीट किया, मिसाइल हमले में दो वर्षीय बच्चे समेत निर्दोष लोग मारे गए। सभी शांति प्रयासों के लिए रूस का यह जवाब है। कीव शहर के प्रशासन के अनुसार, कीव की विमान–रोधी प्रणाली सक्रिय हो गई थी।

### पोप फ्रांसिस ने यूरोप से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया

**बुडापेस्ट।** पोप फ्रांसिस ने यूरोप से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का शुक्रवार को आग्रह किया और कहा कि इस महाद्वीप को समस्या के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम करना चाहिए। हंगरी की तीन दिवसीय यात्रा पर आए फ्रांसिस ने यूरोप के भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होने मांग की कि यूरोपीय संघ प्रवासियों के प्रवेश के लिए सुरक्षित और कानूनी तरीकों को मंजूरी दे और हंगरी सरकार लोकलुभावन मांगो के लिए यूरोप को बंधक नही बनाए। फ्रांसिस ने कहा, ऐसा लगता है कि हम शांति के उस सामूहिक सपने को चकनाचूर होते देख रहे है, क्योंकि अब युद्ध के नायक सत्ता संभाल रहे है। इस ऐतिहासिक मोड़ पर, यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है।[8230]उन्होने कहा कि यूरोप को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और लोगो को एकजुट करना होगा। पोप फ्रांसिस ने रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया और यूक्रेनी लोगो के साथ एकजुटता व्यक्त की। हंगरी के अधिकारियो का कहना है कि फ्रांसिस यात्रा के दौरान देश के कैथोलिक समुदाय के बीच जाएंगे और उनके सदस्यो से मिलेंगे।

# जॉनसन के लिए ऋण की व्यवस्था करने से जुड़े विवाद के बाद बीबीसी प्रमुख का इस्तीफा

**लंदन।** बीबीसी के प्रमुख रिचर्ड शार्प ने पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को आठ लाख पाउंड का ऋण दिलाने में अपनी भूमिका का खुलासा नहीं करके नियमों को तोड़ने संबंधी रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। ब्रिटेन के करदाताओं के पैसे से वित्तपोषित ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के अध्यक्ष 67 वर्षीय पूर्व बैंकर ने कहा कि जांच में पाया गया है कि उन्होंने सरकारी नियुक्तियों के लिए शासन संबंधी संहिता का उल्लंघन किया था। बैरिस्टर एडम हेप्पिन्स्टॉल के नेतृत्व में की गई स्वतंत्र समीक्षा में शार्प की नियुक्ति और जॉनसन को आठ लाख पाउंड का ऋण दिलाने में उनकी संलिप्तता की पड़ताल की गई। पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें नियुक्त किए जाने से महज कुछ सप्ताह पहले ऋण दिलाने में मदद की गई थी। शार्प ने एक बयान में कहा, हेप्पिन्स्टॉल का मत है कि मैंने सरकारी नियुक्तियों के लिए शासन संहिता का उल्लंघन किया, वहीं उनका कहना है कि उल्लंघन से कोई नियुक्ति आवश्यक रूप से अवैध नहीं हो जाती। वास्तव में, मैंने हमेशा यह कहा है कि उल्लंघन अनजाने में हुआ था। फिर भी, मैंने तय किया है कि बीबीसी के हितों को प्राथमिकता देना सही है। मुझे लगता है कि अगर मैं अपने कार्यकाल के अंत तक इस पद पर बना रहा तो यह मामला अच्छे काम से ध्यान भटकाने वाला हो सकता है।

# पाकिस्तानी अदालत ने ईशनिंदा के आरोप में चीनी नागरिक को रिहा किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक को एक उच्च सुरक्षा वाली जेल से रिहा कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि एक आतंकवाद रोधी अदालत ने उसे जमानत दे दी है। अदालत का यह फैसला तब आया जब चीन के नए प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के अपने समकक्ष शहबाज शरीफ से बात की थी। उत्तरपश्चिमी एबटाबाद शहर की आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश सज्जाद अहमद ने 2,00,000 रुपए के मुचलके पर तियान नामक संदिग्ध को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। बाद में उसे सुरक्षा कारणों से एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। ईशनिंदा से संबंधित धारा का हवाला देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि यह मामला उचित आधार के दायरे में नहीं आता क्योंकि ईशनिंदा का आरोप एक गलतफहमी का नतीजा था।

## बुर्किना फासो में चरमपंथियों के हमले में 33 सैनिकों की मौत

**औगाडोउगोउ (बुर्किना फासो)।** (एपी) पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के पूर्वी हिस्से मे सेना पर इस्लामिक चरमपंथियो के हमले मे 33 सैनिको की मौत हो गई और एक दर्जन अन्य घायल हो गए। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना के एक बयान के मुताबिक, यह हमला बृहस्पतिवार को औगारू के गौरमा प्रांत में हुआ। बयान के मुताबिक,"लड़ाई के दौरान सैनिको ने बड़ी संख्या मे आए दुश्मनो का डटकर सामना किया और 40 जिहादी मार गिराए।

## इंडोनेशिया में एक नौका के डूबने से 11 लोगों की मौत, एक लापता

**पेकनबारू।** पश्चिमी इंडोनेशिया मे 74 लोगों को ले जा रही एक नौका के डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति अब भी लापता है। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेकनबारू तलाश एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख न्योमन सिदकार्य ने बताया कि बचावकर्मियो को अभी तक 11 शव बरामद हुए है, जिनमे से अधिकतर महिलाएं और बच्चे है। उन्होंने कहा कि अभी तक 62 लोगो को बचाया गया है, इनमे से कई लोग घंटो तक पानी में रहने के कारण बेहोश हो गए थे। स्थानीय टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो फुटेज मे एक पलटी हुई नौका (स्पीडबोट) पर खड़े लोग मछली पकड़ने वाली नौका तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आ रहे है।

## नीदरलैंड की अदालत ने शुक्राणु दान करने से रोका

**हेग।** नीदरलैंड की एक अदालत ने विभिन्न देशो मे कम से कम 550 बच्चो का जैविक पिता बनने वाले एक व्यक्ति को और शुक्राणु दान करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अदालत ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया। शुक्राणु दान करने वाले व्यक्ति पर भावी माता-पिताओ को इस बारे मे भी गुमराह करने का आरोप है कि उसने कितनी संतानो के लिए गर्भधारण करने मे मदद की। हेग जिला न्यायालय के एक न्यायाधीश ने व्यक्ति के शुक्राणु की मदद से गर्भधारण करने वाली एक महिला और अन्य माता-पिताओ का प्रतिनिधित्व करने वाले एक फाउंडेशन की याचिका पर यह रोक लगाने का आदेश दिया। ईवा के रूप मे अपनी पहचान उजागर करने वाली याचिकाकर्ता महिला ने अदालत के आदेश का स्वागत किया है।

## आतंकवादियों के पुनर्वास को लेकर इमरान व अन्य के खिलाफ याचिका दायर

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे कुछ वर्षो मे आतंकवादियो के फिर से संगठित होने के मामले की जांच की मांग करते हुए पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान और खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख फैज हमीद तथा अन्य के खिलाफ एक याचिका दायर की गई है। याचिका मे एक न्यायिक आयोग की स्थापना की मांग की गई है जो यह जांच करेगा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे पिछले कुछ वर्षो मे आतंकवादी कैसे फिर से संगठित एवं मजबूत हुए। पेशावर उच्च न्यायालय मे एएनपी द्वारा दायर याचिका मे अनुरोध किया गया कि अशांत प्रांत मे शांति की बहाली के लिए तत्काल और ठोस उपाय किए जाएं।

# सूडान में प्रतिद्वंद्वी बलों के बीच संघर्ष विराम समझौते के बावजूद राजधानी में हिंसा जारी

भाषा। काहिरा

**सूडान** की सेना और एक अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच हुए एक नाजुक संघर्ष विराम समझौते के बावजूद देश की राजधानी खार्तूम और ओमडुरमैन में शुक्रवार तड़के भीषण विस्फोट और गोलीबारी हुई। स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। हिंसाग्रस्त सूडान के दो शीर्ष जनरल के बीच हुए संघर्षविराम समझौते के बावजूद यह हिंसा हुई। सत्ता को लेकर इन दोनों जनरल के संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई है। दोनों प्रतिद्वंद्वी पक्षों ने बृहस्पतिवार देर रात 72 घंटे के संघर्ष विराम को स्वीकार किया। इस समझौते के बावजूद हिंसा नहीं रुकी, लेकिन इसने हजारों सूडानी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने और अन्य देशों को भूमि, हवाई और जलमार्ग के जरिए अपने नागरिकों को स्वदेश लाने का पर्याप्त समय दे दिया। तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अपने देश के नागिरकों को सूडान से बाहर निकालने के लिए वादी सईदना की ओर बढ़ रहे सी–130 विमान को हल्के हथियारों से निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने एक ट्वीट में बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया और कोई कर्मी हताहत नहीं हुआ। सूडानी सेना ने तुर्किए के विमान पर हुए इस हमले के लिए आरएसएफ को जिम्मेदार ठहराया है। आरएसएफ ने अभी इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। स्थानीय निवासियों ने खार्तूम के काफौरी में भीषण संघर्ष की सूचना दी। इससे पहले, इसी स्थान पर सेना ने अपने प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज पर बमबारी करने के लिए युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया था। सेना के मुख्यालय, सूडान में राष्ट्रपति के आवास रिपब्लिकन पैलेस और खार्तूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास के क्षेत्रों में भी झड़पों की सूचना मिली है। सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक बल के बीच 15 अप्रैल को संघर्ष शुरू हुआ था।

# चीन ने ताइवान के पास उड़ाए 38 युद्धक विमान, नौसेना के छह पोत भी दिखे

भाषा। ताइपे



**चीन की सेना** ने ताइवान के पास 38 लड़ाकू विमान और अन्य युद्धक विमान उड़ाए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्व–शासित द्वीप के खिलाफ चीन के लंबे समय से चले आ रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार सुबह छह बजे से शुक्रवार सुबह छह बजे के बीच ताइवान के जल क्षेत्र में नौसेना के छह पोत भी देखे गए थे। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने बाद में शुक्रवार को एक बयान में ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से अमेरिकी नौसेना पी–8ए पोसाइडन एंटी–सबमरीन गश्ती विमान की उड़ान का विरोध किया। पीएलए की सेना के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने बृहस्पतिवार की इस उड़ान को उकसावे वाला करार देते हुए कहा कि उसने उड़ान की निगरानी के लिए युद्धक विमान भेजे। बयान के अनुसार, इस तरह की कार्वाई पूरी तरह से साबित करती है कि अमेरिका ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न कर रहा है। जलडमरूमध्य, चीन और ताइवान के बीच एक सहमति के अनुसार एक अनौपचारिक सीमा है। इससे पहले ताइवान के मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, 19 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में उड़ान भरी। इनमें पांच एसयू–30 और दो जे–16 विमान शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, टीबी–001 ड्रोन ने द्वीप का चक्कर लगाया। चीन के आक्रामक रवैए के बावजूद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग–वेन की मेजबानी की थी। इसके बाद से चीन इस तरह की कार्वाई कर रहा है। गौरतलब है कि चीन सरकार दावा करती है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है, जबकि ताइवान की वर्तमान सरकार का कहना है कि यह स्वशासित द्वीप पहले से ही संप्रभु राष्ट्र है और चीन का हिस्सा नहीं है। चीन, ताइवान और अन्य देशों की सरकारों के बीच आधिकारिक स्तर पर किसी भी संपर्क का विरोध करता है। दोनों पक्ष 1949 में एक गृहयुद्ध के बाद अलग हो गए थे। द्वीप कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहा है, हालांकि चीन का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी तो द्वीप को बलपूर्वक मुख्य भूमि में शामिल किया जा सकता है।

# भारतीय समुदाय, अमेरिकी कांग्रेस ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई: संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा है कि भारतीय समुदाय और अमेरिकी कांग्रेस ने दोनों देशों के बीच संबंध बनाने और उन्हें मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। संधू ने बृहस्पतिवार को यहां एक स्वागत समारोह में भारतीय–अमेरिकियों को संबोधित करते हुए यह कहा। अमेरिका में भारतीय–अमेरिकियों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी संसद भवन यूएस कैपिटल के परिसर में इंडिया एडवोकेसी डे मनाया। इस दौरान 70 से अधिक सांसदों से बात की गई और इनमें से दर्जन भर से अधिक सांसदों ने स्वागत समारोह में समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया। संधू ने कहा कि इस समुदाय और अमेरिकी संसद ने भारत और अमेरिका के बीच संबंध स्थापित करने और उन्हें मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक गैरलाभकारी संस्था फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) द्वारा आयोजित समारोह में कहा, यह देखना दिलचस्प है कि पूरा भारतीय अमेरिकी समुदाय कैपिटल हिल में बहुत सक्रिय है। इस बीच एफआईआईडीएस के निदेशक खंडेराव कंद ने कहा, 45 लाख की आबादी वाले भारतीय अमेरिकियों ने योगदान के जरिए स्वयं को अच्छी तरह से स्थापित किया है।

Public Notice
To be known to all that I, **Ms. Gopa Sabharwal** D/o Late Pran Nath Sabharwal R/o DDA SFS Flat No.52A, GF Floor,Pocket-E, Alaknanda,New Delhi owner of DDA **SFS Flat No-52A,Ground Floor,Pocket-E,Cat-III, Alaknanda, New Delhi** by virtue of conveyance deed issued by DDA on **13.10.2007** as registered document no.20, 508 in book no.1, Vol.No. 2,739 on page 127 to 129 dt on 31.10.2007 in office of Sub Registrar VII New Delhi/Delhi. All the original documents ie Allocation Letter 5th & final Demand Letter, Possession Letter, NOC Electric & Water connection of the above property have been lost. An FIR against this effect has been lodged in police station. Any person claiming any right interest having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above add/Ph. 9910162225 within 15 days from the date of publication of this notice the person claiming any right interest objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director(SFS) or Director(H)-2 D-block, 2nd floor,Vikas Sadan, INA New Delhi

PUBLIC NOTICE
My Client Rachpal Kaur w/o Late S. Jasbir Singh R/o 2185/14, Guru Arjun Nagar, Shadi Khampur, New Delhi-110008 has disowned her son Mandeep Singh s/o Late S. Jasbir Singh from all their movable and immovable properties and severed all their relations with him. If anybody deals with him, he/she shall do so at his/her own risk and my clients shall not be responsible for any act and deeds.
Lalit Kumar Malik (Advocate)
G-90, First Floor, West Patel Nagar,
New Delhi-110008

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) ASHOK_LEY_AL_1214
UP37AT2456 -YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE-5,92,780.14
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 15.05.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT /+918510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

## युद्ध तैयारियों पर बाजवा की टिप्पणियां संदर्भ से काटकर पेश की गई : सेना

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** सेना ने युद्धक तैयारियों और देश के सामने भविष्य के खतरों पर अपने पूर्व प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के बयान के हवाले से मीडिया में आई खबरों को शुक्रवार को खारिज किया और कहा कि उनकी अनाधिकारिक रूप से की गई टिप्पणियों को संदर्भ से काटकर पेश किया गया। सेना की मीडिया इकाई इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने हाल में एक टीवी कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हामिद मीर के खुलासे के बाद एक बयान जारी किया। मीर ने दावा किया कि बाजवा ने 2021 में 20–25 पत्रकारों के साथ एक बैठक में कहा था कि पाकिस्तान सेना युद्ध करने के लिए सक्षम नहीं है। मीर ने टीवी कार्यक्रम में खुलासा किया कि बाजवा ने बैठक में कहा था कि पाकिस्तान, भारत के साथ युद्ध करने की स्थिति में नहीं है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सैन्य विद्रोह मामले में जमानत मिली



भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद** की एक शीर्ष अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ दर्ज सैन्य विद्रोह के मामले में शुक्रवार को उन्हें तीन मई तक गिरफ्तारी से संरक्षण दे दिया। मजिस्ट्रेट मंजूर अहमद खान ने इस्लामाबाद के रमना पुलिस थाने में इस महीने की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ संस्थानों तथा जनता के बीच नफरत फैलाने और संस्थानों और उनके शीर्ष अधिकारियों को अक्षम्य नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा गया है कि क्रिकेटर से नेता बने खान ने 19 मार्च को लाहौर में अपने जमान पार्क आवास से एक भाषण में इंटर–सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ कई आरोप लगाए तथा कथित तौर पर चरित्र हनन किया। खान ने आज इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी जहां मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने मामले की सुनवाई करने के बाद उन्हें 1,00,000 रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी।

### तोशाखाना मामला: भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान और उनकी पत्नी की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे जारी कॉल-अप नोटिस के खिलाफ दायर किया गया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आमरे फारूक और न्यायमूर्ति बाबर सत्तार की दो सदस्ईय पीठ ने बृहस्पतिवार को याचिकाओं को निष्प्रभावी घोषित कर दिया। यह जानकारी न्यूज इंटरनेशनल ने दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान तोशाखाना नामक राजकीय भंडारगृह से रियायती मूल्य पर उपहार खरीदने (इसमें उस महंगी ग्रेफ क्लाई घड़ी की खरीद शामिल है जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप मे प्राप्त किया था) और फिर लाभ लेकर उन्हे बेचने के आरोपो को लेकर निशाने पर रहे है। खरीदे गए उपहारो की बिक्री का ब्योरा नही देने पर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पिछले साल अक्टूबर मे इमरान को अयोग्य ठहराया था।

## अलास्का में अमेरिकी सेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन सैनिकों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिकी सेना के दो हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार को एक प्रशिक्षण उड़ान से लौटते वक्त अलास्का में आपस में टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन सैनिकों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। अलास्का में हीली के समीप दुर्घटनास्थल पर ही दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीसरे सैनिक की मौत फेयरबैंक्स में अस्पताल ले जाने के दौरान हुई। चौथे सैनिक का एक अस्पताल में उपचार हो रहा है। परिजनों को सूचित करने तक मृतक सैनिकों के नाम उजागर नहीं किए जाएंगे। अलास्का में अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता जॉन पेनेल ने बताया कि प्रत्एक एएच–64 अपाचे हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार थे। सेना के एक बयान में 11वीं एअरबोर्न डिवीजन के कमांडिंग जनरल मेजर जनरल ब्रायन एफलर ने कहा, यह इन सैनिकों के परिवारों, उनके साथी सैनिकों तथा इस डिवीजन के लिए अविश्वसनीय क्षति है।

LIQUID PAPER FINSERVE PRIVATE LIMITED
CIN:- U65993DL2004PTC129973
Regd. Office:- F-40,Second Floor Okhla Industrial Phase-1 New Delhi 110020
PUBLIC NOTICE
Certificate of Registration (COR No. N-14.03062) issued by RBI in the name of Liquid Paper Finserve Private Limited having registered office at F-40, Second Floor Okhla Industrial Phase-1 New Delhi-110020, has been misplaced/not traceable. FIR having LR No: 369672/2023 on 22nd April 2023 is lodged. If anyone finds the Certificate, do return to the company at above address. Public at large is cautioned against misuse of this certificate by unscrupulous elements. We will not be responsible for loss or damage caused due to such misuse. Public are requested to contact the company at its registered office before dealing with company.
For Liquid Paper Finserve Private Limited
Date:-29th April 2023 Sd/-
Manisha Shreshtha, Director,
DIN: 07746159

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of **Axis Bank Ltd** that **Mr. Prashant Omprakash Singh** intends to mortgage the **Flat No. B-1102, on 11th floor, in Tower-B, Situated at Plot No. 11, "Apex The Floors" Sector-18, Vasundhara, Ghaziabad, U.P,** with our client against the financial assistance. Whereas Mrs. Vijay Kirti Omprakash Singh and Mr. Prashant Omprakash Singh were the owners of above said property by way of Sale Deed dt. 16.11.2018 and after death Mrs. Vijay Kirti Omprakash Singh, his legal heirs Mr. Om Prakash Singh, Mr. Mohit Omprakash Singh, Mrs. Dipti Singh and Mrs. Dipali Prashant Brahmney **(as per SMC)** have executed a Gift Deed on 14.10.2022 in favour of Mr. Prashant Omprakash Singh, who becomes the sole owners of said property.
If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 15 days from the date of issue of this notice at below mentioned address. In the event no information is received within 15 days from date hereof, our Client i.e. **Axis Bank Ltd** will proceed with the mortgage process.
DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कन्नौज
याचिनी / याचीगण
शोभा मिश्रा **बनाम** अतुल मिश्रा
विपक्षी
प्रकीर्ण वाद सं0– 450 / 12 / 2022
धारा 125 द0प्र0सं0
थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज
तारीख पेशी– 03–05–23
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–
जनपद–
संबंधित थाना– मुखर्जीनगर जिला– 2 नार्थ बेस्ट नई दिल्ली।
सम्मन / नोटिस विपक्षी अतुल मिश्रा S/o अवधेश मिश्रा नि0 78A धीरपुर अपोजिट निरंकारी कालोनी माडल टाउन 2 नार्थ बेस्ट दिल्ली पिन कोड नं0 110009
की उपस्थिति हेतु
आपको अवगत कराया जाता है कि याचिनी / याचीगण शोभा मिश्रा द्वारा इस न्यायालय में भरण पोषण के संबंध में उपरोक्त वाद संस्थित किया है, जिसमें सुनवाई हेतु विपक्षी की उपस्थिति आवश्यक है।
अतः आपको आदेशित किया जाता है कि इस आदेशिका को उपरोक्त विपक्षी अतुल मिश्रा पर नियत तिथि से पूर्व प्रभावी रूप से निष्पादन सुनिश्चित कराते हुए आदेशिका की एक प्रति सम्यक पृष्ठांकन सहित न्यायालय में अविलम्ब प्रस्तुत करें। आदेश के अनुपालन में किसी भी प्रकार की असावधानी अक्षम्य होगी।
दिनांक 20.4.23 **प्रधान न्यायाधीश,**
**परिवार न्यायालय, कन्नौज**

# रोगों के निदान में चैटजीपीटी हो सकता है मददगार

भाषा। कैंब्रिज (यूके)

**कई वर्षों से,** कई लोगों ने आशंका जताई है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र पर काबिज हो जाएगी और इसका नतीजा मानव दासता, मानव समाज पर वर्चस्व और शायद मनुष्यों के विनाश के रूप में सामने आएगा। मनुष्यों को मारने का एक तरीका गलत चिकित्सा निदान है, इसलिए चैटजीपीटी, एआई चैटबॉट के प्रदर्शन की जांच करना उचित लगता है जो दुनिया में तूफान की तरह घुसा चला आ रहा है। यह अमेरिकी मेडिकल लाइसेंसिंग परीक्षा पास करने में चैटजीपीटी के हालिया उल्लेखनीय प्रदर्शन के आलोक में समयोचित है। पिछले कुछ वर्षों में कंप्यूटर–समर्थित डायग्नोसिस का कई बार प्रयास किया गया है, विशेष रूप से एपेंडिसाइटिस के निदान के लिए। लेकिन एआई का उद्भव जो निश्चित डेटाबेस तक सीमित होने के बजाय सवालों के जवाब के लिए पूरे इंटरनेट को खंगालता है, चिकित्सा निदान को बेहतर बनाने के लिए संभावित नए रास्ते खोलता है। हाल ही में, कई लेख चिकित्सा निदान करने में चैटजीपीटी के प्रदर्शन पर चर्चा करते हैं। एक अमेरिकी आपातकालीन चिकित्सा चिकित्सक ने हाल ही में बताया कि कैसे उन्होंने चैटजीपीटी से पेट के निचले हिस्से में दर्द वाली एक युवा महिला का संभावित निदान देने के लिए कहा। मशीन ने कई विश्वसनीय निदान दिए, जैसे एपेंडिसाइटिस और डिम्बग्रंथि सिस्ट की समस्याएं, लेकिन यह अस्थानिक गर्भावस्था के बारे में बताने से चूक गई। चिकित्सक द्वारा इसे एक गंभीर चूक के रूप में सही पहचाना, और मैं सहमत हूं। मेरी नजर में, चैटजीटीपी ने अपनी मेडिकल अंतिम परीक्षा उस घातक प्रदर्शन के साथ उत्तीर्ण नहीं की होगी। चैटजीपीटी सीखता है: मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि जब मैंने चैटजीपीटी से पेट के निचले हिस्से में दर्द वाली एक युवती के बारे में वही सवाल पूछा, तो चैटजीपीटी ने अंतर निदान में आत्मविश्वास से अस्थानिक गर्भावस्था के बारे में बताया। यह हमें एआई के बारे में एक महत्वपूर्ण बात की याद दिलाता है: यह सीखने में सक्षम है। संभवत:, किसी ने इस त्रुटि के बारे में चैटजीपीटी को बताया और उसने इस नए डेटा से सीखा है। यह सीखने की क्षमता है जो एआई के प्रदर्शन में सुधार करेगी और उन्हें कंप्यूटर–समर्थित डायग्नोसिस एल्गोरिदम से बाहर खड़ा करेगी। यह सब बहुत अच्छा है, लेकिन सवाल यह है कि लाल–चेहरे वाले, गले में खराश वाले बच्चों की कितनी चिंतित माताओं को मरीज के लक्षणों के बारे में बताते समय तकनीकी शब्द जैसे पेरियोरल स्पेरिंग की जानकारी होगी? क्या हमारा वर्चुअल डॉक्टर अभी हमें देखने के लिए तैयार है? पूरी तरह नहीं। हमें इसमें और अधिक ज्ञान डालने की आवश्यकता है।

### चैटजीपीटी तकनीकी भाषा को तरजीह देता है

अस्थानिक गर्भावस्था के साथ चैटजीपीटी के प्रदर्शन से उत्साहित होकर, मैने इसे एक सामान्य प्रस्तुति के साथ परीक्षण करने का निर्णय लिया: एक बच्चे के गले मे खराश और चेहरे पर लाल दाने। तेजी से, निदान क्या हो सकता है, इसके लिए मुझे कई समझदार सुझाव मिले। हालांकि इसमे स्ट्रेप्टोकोकल गले मे खराश का उल्लेख किया गया था, इसने विशेष स्ट्रेप्टोकोकल गले के संक्रमण का उल्लेख नही किया था, जिसका नाम स्कार्लेट ज्वर था। यह स्थिति हाल के वर्षो मे फिर से उभरी है और इसमे आमतौर पर चूक हो जाती है क्योंकि मेरी उम्र और उससे कम उम्र के डॉक्टरो के पास इसका पता लगाने का अनुभव नही था। अच्छी एंटीबायोटिक दवाओ की उपलब्धता ने इसे समाप्त कर दिया था, और इसके मामले दुर्लभ थे। इस चूक से प्रेरित होकर, मैने अपने लक्षणो की सूची मे एक और तत्व जोड़ा: पेरियोरल स्पेरिंग। यह स्कार्लेट ज्वर की एक उत्कृष्ट विशेषता है जिसमे मुंह के चारो ओर की त्वचा पीली होती है लेकिन बाकी का चेहरा लाल होता है। जब मैने इसे लक्षणो की सूची मे जोड़ा, तो शीर्ष हिट स्कार्लेट ज्वर था। यह मुझे चैटजीपीटी के बारे मे मेरे अगले बिंदु पर ले जाता है। यह तकनीकी भाषा को तरजीह देता है।यह इस बात का कारण हो सकता है कि इसने अपनी चिकित्सा परीक्षा क्यो उत्तीर्ण की।




THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, Muni Shreyans Prabh Sagar S/o Goutam Chand R/o Shree Jin Hari Vihar Dharamshala, Taleti Road, Palitana Gujrat-364270 Declare that I have changed my name from Akash Kumar to Muni Shreyans Prabh Sagar for all future purpose.
PD(022)C

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110007
सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन
आपको सूचना दी जाती है कि लक्ष्मी कुमारी / लाल प्रसाद शर्मा (कर्जदार / रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002951237 तथा पता टी12–2101 एग्जोटिका ड्रीमविले प्लॉट नंबर जीएच–01ए, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगंर, उत्तर प्रदेश–201307 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 26 अप्रैल, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि मैसर्स एग्जोटिका हाउसिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा / अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 29 अप्रैल, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली / एनसीआर हस्ता. / –

# सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतांत्रिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है: प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन किया और कहा कि इससे रेडियो उद्योग में क्रांति आएगी। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतांत्रिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। रेडियो के साथ अपनी पीढ़ी के भावनात्मक जुड़ाव को रेखांकित करते हुए मोदी ने रविवार को मन की बात की आगामी 100वीं कड़ी का ज़िक्र किया और कहा कि एक मेजबान के रूप में भी इस माध्यम के साथ उनका संबंध है। उन्होंने कहा, देशवासियों के साथ इस प्रकार का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो के माध्यम से ही संभव था। इसके जरिए, मैं देश की शक्ति और देशवासियों के बीच कर्तव्य की सामूहिक ताकत के साथ जुड़ा रहा।



मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर घर तिरंगा जैसी सरकारी पहल मन की बात के माध्यम से जन आंदोलन बन गईं। प्रधानमंत्री ने 85 जिलों में दो करोड़ लोगों को कवर करने वाले 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का डिजिटल उद्घाटन करने के बाद कहा, इसलिए, एक प्रकार से मैं आपकी आकाशवाणी टीम का हिस्सा हूं। मोदी ने रेखांकित किया कि 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन उन वंचितों को प्राथमिकता देने की सरकार की नीति के अनुरूप है जो अब तक इस सुविधा से वंचित हैं। मोदी ने कहा, जिन्हें दूर माना जाता था, उन्हें अब और अधिक करीबी स्तर पर जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा, अगर भारत को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचना है तो किसी भी भारतीय को अवसर की कमी महसूस नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी को सुलभ और किफायती बनाना इसके लिए महत्वपूर्ण है। उनकी सरकार देश के हर नुक्कड़ और कोने में लोगों को प्रौद्योगिकी तक सस्ती पहुंच प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। इस कदम से एफएम रेडियो सेवाएं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दो करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचेंगी और उन्हें सूचना तक सस्ती पहुंच मिलेगी। इस अवसर पर मोदी ने कहा, ए एफएम ट्रांसमीटर कई सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, चाहे वह समय पर सूचना का प्रसार हो, कृषि के लिए मौसम का पूर्वानुमान हो या महिला स्वयं सहायता समूहों को नए बाजारों से जोड़ना हो।

## भाजपा में शामिल हुए जद (यू) के पूर्व प्रवक्ता अजय आलोक

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व प्रवक्ता अजय आलोक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आलोक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जदयू से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले अजय आलोक को पिछले साल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मतभेद के बाद पार्टी से निकाल दिया गया था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद आलोक ने कहा कि आज का दिन उनके लिए बहुत खास है क्योंकि वह अपने परिवार में ही आए हैं। ऐसा परिवार जिसके मुखिया नरेन्द्र मोदी हैं और जिनकी नीतियों से मैं तो क्या पूरा देश प्रभावित है। पेशे से चिकित्सक आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अभियान में वह यदि एक प्रतिशत का भी योगदान दे सकें।

## न्यायालय ने 2015 के पाटीदार आंदोलन के मामले में हार्दिक पटेल को जमानत दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात में 2015 में पाटीदार आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में दर्ज मामले में भाजपा के नेता हार्दिक पटेल को शुक्रवार को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने पटेल को इस शर्त पर जमानत दी है कि वह जांच में लगातार शामिल रहेंगे। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने पटेल की याचिका का निस्तारण करते हुए कहा, इस अदालत ने फरवरी 2020 में नोटिस जारी किया था और अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। तब से साढ़े तीन साल गुजर गए हैं। इन परिस्थितियों में हमें इस स्तर पर आदेश बदलने की कोई वजह नजर नहीं आती। उसने कहा, इसलिए, याचिकाकर्ता को दिया गया अंतरिम संरक्षण अगली प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगा और अगर उन्हें जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें ऐसा करना होगा। शीर्ष अदालत पटेल की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली 2020 की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने पटेल के आपराधिक इतिहास के आधार पर सरकार की आपत्ति पर विचार करने के बाद याचिका खारिज कर दी थी। पटेल के नेतृत्व में पाटीदार अनामत आंदोलन समिति ने सरकारी नौकरियों में समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए जारी अपने आंदोलन के तहत अहमदाबाद में एक बड़ी रैली की थी। पुलिस ने दावा किया कि इस आयोजन के लिए आवश्यक अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस ने यह दलील भी दी थी कि गैरकानूनी तरीके से भीड़ जमा होने के कारण हिंसा भड़क गई, जिसमें एक दर्जन से अधिक युवकों की मौत हो गई और संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई। पटेल ने उच्च न्यायालय में अपनी अग्रिम जमानत याचिका में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें परेशान कर रही ह।

## धनखड़ ने जयराम रमेश के खिलाफ जारी विशेषाधिकार हनन नोटिस विशेषाधिकार समिति को भेजा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद द्वारा दी गई कथित विशेषाधिकार हनन की शिकायत को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेजा है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने और उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने के लिए रमेश के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की शिकायत की थी। र राज्यसभा के सभापति को सत्तारूढ़ गठबंधन का चीयरलीडर नहीं होना चाहिए और उन्हें विपक्ष की आवाज भी सुननी चाहिए। मालूम हो कि अडाणी मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के चलते बजट सत्र में राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई थी और इस दौरान सदन में कोई भी महत्वपूर्ण कामकाज नहीं हो सका था।

## वाईएसआरसीपी सांसद की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पांच जून तक स्थगित

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री वाई एस विवेकानंद रेड्डी की हत्या से जुड़े मामले के संबंध में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सदस्य वाई एस अविनाश रेड्डी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पांच जून तक स्थगित कर दी। अदालत पहले ही अविनाश रेड्डी और विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता रेड्डी के वकीलों की दलीलें सुन चुकी है। अदालत को अभी सीबीआई की दलीलें सुननी हैं, जो इस मामले की जांच कर रही है। उच्च न्यायालय ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए एक मई से दो जून तक बंद रहेगा। रेड्डी ने 17 अप्रैल को सीबीआई के समक्ष उपस्थित होने से पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। रेड्डी की हत्या के सिलसिले में अविनाश के पिता और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के चाचा वाई एस भास्कर रेड्डी को सीबीआई ने 16 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

# भाजपा ने मन की बात की 100वीं कड़ी को ऐतिहासिक बनाने का लक्ष्य तय किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो प्रसारण मन की बात की 100वीं कड़ी को अभूतपूर्व जनसंपर्क कार्यक्रम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और उसने देश भर के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 100 स्थानों पर सुविधाएं आयोजित करने की योजना बनाई है ताकि लोग इसे सुन सकें। भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी मोदी के संबोधन को सुनने के लिए विदेशों सहित लगभग चार लाख स्थानों पर व्यवस्था करेगी। उनके मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा इसे "ऐतिहासिक" बनाने के लिए पूरी कवायद की देखरेख कर रहे हैं।

पार्टी की विदेश स्थित इकाइयों और कई गैर-राजनीतिक संगठनों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए शामिल किया गया है कि रेडियो प्रसारण की अधिकतम पहुंच हो। उन्होंने बताया कि सभी राज्यपालों के आधिकारिक आवासों और भाजपा या उसके सहयोगियों के मुख्यमंत्रियों के घरों में प्रतिष्ठित नागरिकों के लिए कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों के पद्म पुरस्कार विजेताओं को राजभवनों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। भाजपा सांसद और विधायक इस कवायद की निगरानी के लिए अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहेंगे और नड्डा तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता इस संबंध में कई वीडियो कांफ्रेंस करेंगे। मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को अपने मासिक प्रसारण के दौरान कई मुद्दों पर बोलते हैं। यह कार्यक्रम 2014 में शुरू हुआ था, जिस साल वह सत्ता में आए थे और तब से जारी है।



जेदाह में सऊदी अरब में सूडान से 121 यात्रियों को सुरक्षित जगह पर लाया गया।

## क्विक न्यूज

### अदालत ने नेपाल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को 27 हफ्ते के गर्भ के समापन की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता नेपाल की एक नाबालिग लड़की के 27 हफ्ते के गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति दे दी। अदालत ने लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के दो चिकित्सकों की ओर से यह सूचित किए जाने के बाद आदेश पारित किया कि मेडिकल बोर्ड की राय में गर्भ का चिकित्सकीय रूप से समापन किया जा सकता है। यह आदेश पीड़िता की मां की याचिका पर आया जिसमें उसने कहा था कि उसकी बेटी से नेपाल में अक्टूबर 2022 में तब बर्बर सामूहिक बलात्कार किया गया जब वह (मां) और उसका पति (लड़की का पिता) दिल्ली में काम कर रहे थे। उसने याचिका में बेटी के गर्भ का समापन करने की अनुमति मांगी।

### कांग्रेस सरकार ने किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया: जोशी

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने शुक्रवार को कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में किसानो, बेरोजगारो और महिलाओ को धोखा देने के अलावा कुछ नही किया है। जोशी बांसवाड़ा में जन आक्रोश महाघेराव सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों का कर्ज माफ नही करके राजस्थान के हजारों किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया है, पिछले चार साल मे युवाओ को बेरोजगारी भत्ता नही मिला है। वादाखिलाफी, धोखा देने वाली कांग्रेस सरकार को अगले छह महीने मे राजस्थान से उखाड़ कर फेंक दिया जाएगा।

### बंगाल: कलियागंज में लड़की की मौत और एक व्यक्ति की हत्या के मामले में भाजयुमो की विरोध रैली

**कोलकाता।** भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के कलियागंज मे एक लड़की की मौत और कथित "पुलिस गोलीबारी" मे एक व्यक्ति की हत्या के मामले पर शुक्रवार को विरोध रैली निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियो ने अवरोधक फांदकर पुलिस से धक्का-मुक्की की। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके मे निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप मे भाजयुमो के कम से कम 35 से 40 कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार किया गया।

### समलैंगिक विवाह मानवता पर कलंक, न्यायालय मान्यता देता है तो फैसले को मानने की जरूरत नहीं : शंकराचार्य

**जयपुर।** गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने समलैंगिक विवाह को मानवता के लिए कलंक बताते हुए कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय इसे कानूनी मान्यता देता भी है तो उसे फैसले को मानने की जरूरत नही है। शंकराचार्य ने कहा कि अगर ऐसा फैसला आता है तो प्रकृति न्यायाधीशो को दंडित करेगी। यह मामला धार्माचार्यों के अधिकार क्षेत्र मे आता है, यह अदालती फैसले का विषय नही है। अपने दो दिवसीय जयपुर प्रवास के दौरान यहां संवाददाताओ से बातचीत मे स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, समलैंगिक विवाह मानवता के लिए कलंक है, अगर उच्चतम न्यायालय इसे कानूनी मान्यता देता भी है तो उसे फैसले को मानने की जरूरत नही है।

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड : अदालत पूनावाला के खिलाफ आरोपों पर शनिवार को सुना सकती है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने के संबंध मे आदेश शनिवार को सुना सकती है। पूनावाला पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोटकर हत्या करने के बाद उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने का आरोप है। वालकर के पिता के आवेदन पर दिल्ली पुलिस को भी कल तक अदालत मे अपना जवाब दाखिल करना है। वालकर के पिता ने अपनी अर्जी मे अनुरोध किया है कि श्रद्धा के शव के अवशेष परिवार को सौंपे जाएं ताकि संस्कृति और परंपरा के अनुरूप उसका अंतिम संस्कार किया जा सके।

### बेंगलुरु की अदालत ने भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास की ट्रांजिट जमानत याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास की ट्रांजिट अग्रिम जमानत खारिज कर दी है। श्रीनिवास पर असम की एक युवा कांग्रेस नेता अंगकिता दत्ता ने उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव का आरोप लगाया गया है, और उन्हें दो मई को पूछताछ के लिए असम पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सत्र न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका मे श्रीनिवास ने ट्रांजिट जमानत का अनुरोध किया था ताकि वह जमानत के लिए सक्षम अदालत का दरवाजा खटखटा सकें। न्यायाधीश के. एस. ज्योतिश्री ने बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई की और शुक्रवार को इसे खारिज कर दिया। दत्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील फणींद्र ने कहा कि आरोपी पहले ही इस मामले मे गुवाहाटी उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुका है।

### डिजिटलीकरण का हर किसी को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** दक्षिण एशिया में प्रीमियर एक्सप्रेस एयर-इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन के साथ-साथ डिस्ट्रीब्यूशन एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सेवाएँ प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने अपने प्लेटफार्मों में व्हाट थ्री वर्ड्स लोकेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। ब्लू डार्ट से जुड़े सभी भागीदार अब माई ब्लू डार्ट ऐप, ब्लू डार्ट की वेबसाइट और ऑन द मूव (ओटीएम) प्लेटफॉर्म के एड्रेस सेक्शन में अपना व्हाट थ्री वर्ड्स एड्रेस जोड़कर सामानों की डिलीवरी के लिए एकदम सटीक लोकेशन बता सकते हैं- चाहे वह लोकेशन उनके घर/ ऑफिस का सामने वाला दरवाजा हो, किसी अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स का कोई खास एंट्रेंस गेट हो, या फिर भीड़-भाड़ से दूर कोई साइड पैसेज हो। सामानों को सही पते तक पहुंचाने के लिए ही व्हाट थ्री वर्ड्स की इस तकनीक को डिजाइन किया गया है, जो बेहद मददगार है। इसने पूरी दुनिया को 3मी × 3मी आकार वाले वर्गों के एक ग्रिड में बाँट दिया है और तीन अलग-अलग शब्दों के बिल्कुल अनोखे मेल से इनमें से हरेक वर्ग को एक पहचान दी है- जिसे व्हाट थ्री वर्ड्स एड्रेस कहा जाता है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, केतन कुलकर्णी, चीफ कमर्शियल ऑफिसर ने कहा अपने ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत दी है। इस मौके पर व्हाट थ्री वर्ड्स के सीईओ एवं को-फाउंडर, क्रिस शेल्ड्रिक ने कहा, भारत जैसे बाज़ार में सामानों की डिलीवरी के लिए सबसे बेहतर तकनीक है, जहां अक्सर लोगों के एड्रेस का पता लगाना बेहद कठिन होता है और अक्सर एड्रेस गलत होते हैं।

### मेक इन इंडिया पर फोकस हैं : नाकरा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। महिंद्रा में, हम लगातार अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करते हैं, उन्हें वर्सेटाइल वीकल देते हैं जो विकास और समृद्धि लाते हैं। नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज अत्याधुनिक सुविधाओं, बेजोड़ शक्ति, अधिकतम पेलोड क्षमता और उच्च माइलेज की पेशकश करती है, इसका वादा है कि ड्राइवरों के लिए हर सफर प्रोडेक्टिव और थकान-मुक्त रहेगा। यह वास्तव में बेहतरीन गाड़ी की तलाश कर रहे किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने संबलपुर हिंसा पर दुख जताया, जांच के लिए समिति गठित की

भाषा। भुवनेश्वर/नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने ओडिशा के संबलपुर में हनुमान जयंती के दौरान हुई हिंसा पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसकी जांच के लिए पार्टी की चार सदस्ईय एक समिति का गठन किया। भाजपा की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि भाजपा के चार सांसदों वाली समिति जांच करने के लिए संबलपुर का दौरा करेगी और पार्टी अध्यक्ष को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपेगी।

पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने ओडिशा के संबलपुर में हनुमान जयंती जुलूस के दौरान हुई हिंसा पर गहरा दुख व्यक्त किया है और घटना की जांच के लिए चार सदस्ईय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा



सदस्य बृजलाल, झारखंड से समीर उरांव और आदित्य साहू तथा पश्चिम बंगाल से ज्योतिर्मय सिंह महतो शामिल हैं। भुवनेश्वर में संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि संबलपुर में स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थिति को ठीक तरह से नहीं संभालने के कारण हिंसा हुई। ओडिशा के इस पश्चिमी शहर में दो अलग-अलग तिथियों पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। यह हिंसा 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर बाइक रैली निकालने के वक्त और 14 अप्रैल को मुख्य शोभायात्रा निकालने के दौरान हुई थी। बारह अप्रैल को हुई हिंसा में 10 पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए थे। हिंसा के दौरान कई दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी आग लगा दी गई थी। पुलिस अब तक करीब 100 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हनुमान जयंती के दिन एक आदिवासी युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दावा किया है कि युवक की हत्या का राज्य में हुई हिंसा से कोई संबंध नहीं है। प्रधान ने यह भी कहा कि संबलपुर शहर का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की एक टीम को स्थानीय प्रशासन से उचित सहयोग नहीं मिला। इस बीच, संबलपुर में प्रशासन द्वारा दिन के समय का कर्फ्यू हटाने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने से स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, पुलिस संवेदनशील इलाकों में लगातार नजर रख रही है।

## बीएस मानक पर तैयार होंगे ईंधन

**मुंबई।** बीएस मानकों को विकसित करने और वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ, इंजन ऑयल सेगमेंट विकास के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये बाते ब्रेक्स इंडिया के आफ्टरमार्केट बिजनेस, उपाध्यक्ष और प्रमुख, एस सुजीत नायक ने कही। उन्होंने कहा ब्रेक्स इंडिया ने रेविया ब्रांड के साथ लुब्रिकेंट्स सेगमेंट में कदम रखा है। भारत के मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 60 से ज्यादा वर्षों की समृद्ध विरासत का लाभ उठाते हुए, कंपनी अपने इस नए ब्रांड के साथ पैसेंजर कार और कमर्शियल व्हीकल के सेगमेंट में इंजन ऑयल स्पेस में विविधता ला रहा है। ने बताया, 6 दशकों से अधिक समय से स्थापित हैं हम ब्रांड रेविया में इंजन ऑयल लॉन्च करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इंजन ऑयल के 9 ग्रेड है, पैसेंजर कार के लिए 5 और कमर्शियल व्हीकल के लिए 4 ग्रेड हैं। एसयूवी और एमयूवी के लिए प्रीमियम रेंज भी है।

# अधिवक्ता की हत्या के मामले में पूर्व मंत्री समेत चार को उम्रकैद

भाषा। आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)

**आजमगढ़** की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने अधिवक्ता की हत्या के मामले में शुक्रवार को राज्य के एक पूर्व मंत्री समेत चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दिसंबर 2015 में सिधारी थाना क्षेत्र में अधिवक्ता राजनारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक राजनारायण सिंह की पत्नी सुधा सिंह ने पूर्व मंत्री और निजामाबाद निर्वाचन क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक रहे अंगद यादव और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अंगद यादव की पुत्री का विवाह राज नारायन सिंह ने अपने परिचित के घर में कराया था। इस विवाह में विवाद होने के बाद अंगद यादव, राज नारायन सिंह से नाराजगी रखने लगे। इसी दुश्मनी के कारण 19 दिसंबर, 2015 को राज नारायन सिंह की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने अंगद यादव, शैलेश यादव, सुनील सिंह तथा अरुण यादव के विरुद्ध अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा ने कुल 18 गवाहों को पेश किया। अभियोजन पक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष एमपीएमएलए अदालत के न्यायाधीश ओम प्रकाश वर्मा की अदालत ने आरोपी अंगद यादव, सुनील सिंह, अरुण यादव तथा शैलेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी दोषियों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अंगद यादव जिले की निजामाबाद विधानसभा से बसपा विधायक थे और राज्य की पूर्ववर्ती बसपा सरकार में मंत्री थे।

# फसल क्षति के मुआवजे का 10 प्रतिशत खेतिहर मजदूरों को मिलेगा: पंजाब के मुख्यमंत्री

भाषा। लुधियाना (पंजाब)

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में फसल क्षति के लिए कुल मुआवजे का 10 प्रतिशत अब खेतिहर मजदूरों को दिया जाएगा। अपनी सरकार के सरकार तुहाडे द्वार कार्यक्रम के तहत यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मान ने कहा कि यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि जब भारी बारिश या ओलावृष्टि के कारण फसल खराब हो जाती है, तो खेतिहर मजदूर भी रोजी-रोटी खो देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस से पहले यह फैसला मजदूर वर्ग को एक सौगात है, जो फसल के लिए कड़ी मेहनत करता है। सरकार तुहाडे द्वार कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ के बाहर राज्य मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक थी। बैठक राज्य की राजधानी से लगभग 100 किमी दूर लुधियाना के सर्किट हाउस में आयोजित की गई। मान ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि अब से मंत्रिमंडल की ज्यादातर बैठकें चंडीगढ़ के बाहर होंगी क्योंकि इससे अधिकारियों और मंत्रियों को लोगों की शिकायतें सुनने, सुझाव लेने और उनके मुद्दों को मौके पर हल करने का मौका मिलेगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मंत्रिमंडल की बैठकें मोगा, मानसा और होशियारपुर जैसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएंगी। हम इन्हें किसी बड़े गांव में भी आयोजित कर सकते हैं। जहां ए आयोजित होंगी, वहां सरकार के प्रतिनिधि एक दिन बिताएंगे।

## राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश और कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटों में अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है वहीं कुछ जगहों पर ओले भी पड़े हैं। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढे आठ बजे तक उदयपुर के झाड़ोल में 36 मिलीमीटर बारिश, चित्तौड़गढ़ के गंगरार में 29 मिमी, पाली के जवाई बांध में 26 मिमी, उदयपुर हवाई अड्डे पर 25.4 मिमी, उदयपुर के वल्लभनगर में 24 मिमी, गिरवा में 23 मिमी, डूंगरपुर के आसपुर में 15 मिमी, पाली जिले के बाली में 15 मिमी, बूंदी के हिंडोली में 12 मिमी, चित्तौड़गढ़ के कपासन में 11 मिमी, भोपालसागर में 10 मिमी, उदयपुर के कोटडा में 10 मिमी, अजमेर के नसीराबाद में 10 मिमी, और अन्य कई स्थानों पर नौ से एक मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के अधिकांश जिलों में आगामी तीन चार दिनों तक बादल गजरने, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने अधिकांश जिलों के इसके लिए एलो अलर्ट जारी किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से शाम तक जालौर में 3 मिमी, सीकर-चित्तौड़गढ़ में 2-2 मिमी, डबोक (उदयपुर) में 1.8 मिमी, सिरोही में 1.5 मिमी, अलवर में। मिमी, बाड़मेर में 0.9 मिमी, कोटा में 0.2 मिमी, और जयपुर, चूरू में बूंदाबांदी दर्ज की गई।

# दो लड़कियों की मौत के मामले में सीबीआई जांच व ममता के इस्तीफे की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में अलग-अलग घटनाओं में दो किशोरियों की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की शुक्रवार को मांग की और कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज में अज्ञात लोगों ने पीड़ित लड़कियों में से एक के साथ कथित तौर पर बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने 21 अप्रैल को 17 वर्षीय लड़की का शव एक नहर में तैरते हुए पाया था। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अन्य घटना में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 25 अप्रैल को 15 वर्षीय एक लड़की मृत पाई गई थी। कालियाचक थाना क्षेत्र में स्थित एक गांव में 10वीं कक्षा की छात्रा का शव एक खेत में मिला। इन घटनाओं के कारण तृणमूल शासित राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, "हमने पश्चिम बंगाल में ऐसी कई घटनाएं देखी हैं... पश्चिम बंगाल में महिलाएं अब सुरक्षित नहीं हैं। जिस तरह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं, राज्य भारत की बलात्कार राजधानी बनने की राह पर है" उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफलता के लिए बनर्जी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा, "तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है, और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद महिला होने के बावजूद महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही हैं" उन्होंने कहा, "वह (बनर्जी) मां, माटी, मानुष के नारे के साथ सत्ता में आई थीं... इस मां माटी मानुष सरकार के तहत केवल खून, गोली, सिंडिकेट राज है और महिलाओं के लिए कोई सम्मान नहीं है।

# मायर्स और स्टोइनिस ने दिलाई लखनऊ को जीत

## ● किंग्स इलेवन पंजाब को 56 रन से हराया



**भाषा।** मोहाली

**काइल मायर्स** और मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक पारियों के दम पर लखनऊसुपर जाइंट्स ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को शुक्रवार को आईपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया। मायर्स ने पावरप्ले में बल्ले से आग उगलते हुए 24 गेंद में 54 रन बनाए जबकि स्टोइनिस ने 40 गेंद में 72 रन की पारी खेली जिसके दम पर लखनऊने पांच विकेट पर 257 रन बनाए। आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 43 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 45 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई। अथर्व तायडे ने 36 गेंद में 66 रन बनाए जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद में 36 रन) और सिकंदर रजा (14 गेंद में 23 रन) हालांकि टिककर नहीं खेल सके। कप्तान शिखर धवन तीन मैचों के बाद लौटे लेकिन दो गेंद ही खेल पाए। युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने चार ओवर में 37 रन देकर चार विकेट लिए। लखनऊ की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में चौथी हार रही। पंजाब का स्कोर एक समय 15 ओवर में चार विकेट पर 152 रन था लेकिन आखिरी पांच ओवर में 106 रन बनाकर लगभग असंभव था। इससे पहले धवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। राहुल चाहर को छोड़कर उनके सभी छह गेंदबाजों ने दस रन प्रति ओवर से अधिक की औसत से रन दिए। फॉर्म में चल रहे अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 54 रन दे डाले। कैगिसो रबाडा ने चार ओवर में 52 रन दिए हालांकि उन्हें दो विकेट मिले। यह आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के नाम है जिसने 2013 में क्रिस गेल के 175 रन की मदद से 263 रन बनाए थे। बल्लेबाजों की ऐशगाह पिच पर सिर्फ लखनऊके कप्तान केएल राहुल नहीं चल सके और नौ गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैच की पहली गेंद पर गुरनूर बरार की गेंद पर उन्हें जीवनदान भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मायर्स ने पहले ही ओवर में अर्शदीप को चार चौके लगाए। अपनी पारी में उन्होंने सात चौके और चार छक्के जहड़े। मायर्स के आउट होने के बाद स्टोइनिस और बडोनी ने 47 गेंद में 89 रन जोड़े। स्टोइनिस ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाए।लखनऊ ने आखिरी छह ओवर में 73 रन बनाए। स्टोइनिस 13वें ओवर में आउट हो जाते लेकिन लांग आन पर कैच लपकने के प्रयास में लियाम लिविंगस्टोन ने सीमारेखा को छू दिया।

### स्कोरबोर्ड

**लखनऊ सुपर जाइंट्स पारी** : राहुल का शाहरूख बो रबाडा 12, मायर्स का धवन बो रबाडा 54, बडोनी का चाहर बो लिविगस्टोन 43,स्टोइनिस का शर्मा बो कुरेन 72, पूरन पगबाधा बो अर्शदीप 45,हुड्डा नाबाद 11,पंड्या नाबाद 5, **अतिरिक्त** : 15 रन , कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 257 रन, **विकेट पतन** : 1-47, 2-74, 3-163, 4-239, 5- 251 **गेंदबाजी** : बरार 3-0-42-0, अर्शदीप 4-0 -54-1, रबाडा 4-0-52 -2, रजा 1 -0-17-0, चाहर 4-0-29-0, कुरेन 3-0-38-1, लिविगस्टोन1-0-19-1

**पंजाब किंग्स पारी** : प्रभसिमरन का सैम्स बो हक9,धवन का पंड्या बो स्टोइनिस1,तायडे का और बो बिश्नोई 66, सिकंदर का पंड्या बो ठाकुर 36, लिविगस्टोन पगबाधा बो बिश्नोई 23, कुरेन का बडोनी बो हक21,शर्मा का राहुल बो ठाकुर 24, शाहरूख खान का बिश्नोई बो ठाकुर 6, चाहर का हुड्डा बो ठाकुर 0, रबाडा बो हक0, अर्शदीप सिंह नाबाद 2, **अतिरिक्त** : 13 रन,कुल योग : 19.5 ओवर में 201 रन, **विकेट पतन** :1-3, 2-31, 3-109, 4-127, 5-152, 6-178, 7 -192, 8-193, 9-197, **गेंदबाजी** : स्टोइनिस 1.5-0-21-1, मायर्स 1 - 0-4-0, बडोनी 0-1-0-0 -0, हक4- 0- 30-3, आवेश 2- 0-28-0, मिश्रा 2- 0-23- 0, बिश्नोई 4-0-41-2, ठाकुर 3.5-0-37- 4, पंड्या 1-0- 13-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### अय्यर के चोटिल होने के बाद रहाणे ही विकल्प थे: शास्त्री



**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना तय था। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। शास्त्री ने 2014 से 2021 के बीच सात में से छह वर्षों के लिए भारतीय टीम को कोचिंग दी है। उन्होने उन लोगों पर कटाक्ष किया जिन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बेहतरीन पारियां खेलने से रहाणे को भारतीय टीम के लिए चुना गया। शास्त्री ने कहा, ऐसे लोग शायद छुट्टी पर होंगे जब रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 (रणजी ट्रॉफी) से अधिक रन बनाए। इस पूर्व हरफनमौला ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, मुझे खुशी है कि उसने इस टीम में जगह बनाई। उसने आईपीएल में खेले गए इन दो-तीन मैचों में खूबसूरती से बल्लेबाजी की है, वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है। उसके पास मौजूद अनुभव को नही भूलना चाहिए।

### बेखौफ क्रिकेट खेलते रहेंगे : केकेआर सहायक कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच जेम्स फोस्टर ने शुक्रवार को कहा कि उतार चढाव वाले सत्र के बावजूद उनकी टीम निर्भीक क्रिकेट खेलती रहेगी। केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराकर जीत की राह पर वापसी की है लेकिन प्लेआफ मे जगह पक्की करने के लिए उसे अभी भी बाकी छह में से कम से कम पांच मैच जीतने है। फोस्टर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से पूर्व कहा , बल्लेबाजों को बेखौफ खेलने के लिए कहा गया है। हमने बैठक में यही बात की है। कई बार सब कुछ रणनीति के अनुकूल नही रहता लेकिन इससे दबाव कम हो जाता है। इस टीम पर दबाव नही है। उन्होने कहा कि 2021 मे इसी तरह के हालात के बाद उनकी टीम फाइनल में पहुंची थी जब पहले चरण में लगातार चार हार के बाद उन्होंने वापसी की थी। हमे चुनौतियां पसंद है। यह रोमांचक मौका है। हम पहले भी इस तरह के हालात से निकलकर फाइनल मे पहुंचे है। कई खिलाड़ी उस समय भी टीम मे थे।

### केकेआर के विकेटकीपर लिटन दास स्वदेश लौटे

**कोलकाता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास पारिवारिक आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौट गए है और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी मैचो के लिए उपलब्ध नही रहेंगे। केकेआर की टीम के एक अधिकारी ने कहां, उनके परिवार मे कोई आपात चिकित्सा स्थिति आ गई है जिसके कारण वह आज सुबह ढाका रवाना हो गए। वह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर कोई जानकारी नही है। इस 28 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज को केकेआर ने पिछले साल नीलामी मे उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए मे खरीदा था। उन्होंने आईपीएल मे केवल एक मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था। जेसन रॉय के साथ पारी का आगाज करते हुए दास ने उस मैच में केवल चार रन बनाए और विकेटकीपर के तौर पर उन्होंने स्टंपिग के दो मौके गंवाए। दिल्ली ने यह मैच चार विकेट से जीत कर लगातार पांच मैचो में हारने का सिलसिला तोड़ा था।

### मेरा ध्यान सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिए अपनी भूमिका पर: साहा



**कोलकाता।** अजिंक्य रहाणे की भारतीय टेस्ट टीम मे वापसी अनुभवी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हो सकती है, लेकिन रिद्धिमान साहा ने शुक्रवार को कहा कि उनका ध्यान केवल मौजूदा काम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के लिए अच्छा करने पर है। साहा विकेटकीपिंग के साथ गुजरात टाइटंस के लिए पारी का आगाज करते है और वह टीम के अहम सदस्य है। साहा से जब पूछा गया कि रहाणे को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए टीम में चुने जाने के बाद क्या वह राष्ट्रीय टीम मे वापसी पर भी नजरें गड़ाए हुए हैं, उन्होंने कहा, उनके(रहाणे) नाम पर विचार किया जा सकता है क्योकि उन्होने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन अभी मेरा ध्यान केवल गुजरात टाइटंस के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर है। इस 38 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट मैच दिसंबर 2021 में खेला था। टीम प्रबंधन ने इसके बाद उन्हें बता दिया था कि अब उनके नाम पर विचार नही किया जाएगा। साहा ने इसके बाद मीडिया मे अपनी नाराजगी जताई थी जिससे तत्कालीन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली से उनके रिश्ते खराब हो गए। घरेलू स्तर पर भी उन्होने 15 साल से अधिक समय तक बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के बाद त्रिपुरा का रुख कर लिया। वह खिलाड़ी के साथ टीम के मेंटोर भी है।

### शुभंकर डबल बोगी से संयुक्त 24वें स्थान पर खिसके

**इंचियोन।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने 2023 कोरिया चैम्पियनशिप में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को यहां डबल बोगी के साथ अपना दौर समाप्त किया जिससे वह संयुक्त 24वें स्थान पर है। वह दूसरे दौर में 17वें होल तक चार अंडर के स्कोर के साथ अच्छी स्थिति में थे लेकिन गुरुवार की तरह शुक्रवार को भी उन्होंने 18वें होल में डबल बोगी कर दी।

### सेतु एफसी ने चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी

**अहमदाबाद।** काजोल डिसूजा के चार गोल की मदद से सेतु एफसी ने इंडियन वूमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले चरण के अंतिम मैच मे शुक्रवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की युवा टीम की सदस्य कोमल ने अपने चारों गोल पहले हाफ में किए। उनके अलावा विजेता टीम की तरफ से सुनीता मुंडा और कीनिया की फॉरवर्ड इवी फेथ एटिनो ने एक एक गोल किया।

### बार्सिलोना लगातार तीसरी बार महिला लीग के फाइनल में

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने कैंप नोउ में 72000 घरेलू दर्शकों के सामने चेल्सी को1-1 से ड्रॉ पर रोककर लगातार तीसरी बार महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। बार्सिलोना ने शनिवार को लंदन में पहले चरण के सेमीफाइनल में1-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 2-1 के कुल योग से जीत हासिल करने में सफल रहा।

### अटवाल मैक्सिको ओपन में संयुक्त 65वें स्थान पर

**वालार्टा (मैक्सिको)।** भारत के गोल्फर अर्जुन अटवाल ने मैक्सिको ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में सहज शुरुआत करते हुए एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त 65वे स्थान पर है। पिछले महीने अपना 50 वां जन्मदिन मनाने वाले अटवाल ने दो बर्डी बनाई और इस बीच एक बोगी भी की।

### पंद्रह वर्षीय आंद्रीवा की एक और जीत, में हारे

**मैड्रिड।** रूस की 15 वर्षीय मीरा आंद्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और जीत दर्ज की जबकि पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी र्मे को हार का सामना करना पड़ा। अमेरिकी ओपन मे 2021 की फाइनलिस्ट लैला फर्नांडिस को हराने के एक दिन बाद आंद्रीवा ने 14 वी रैंकिंग की बीट्रीज़ हद्दाद माइया को 7-6 (6), 6-3 से पराजित करके तीसरे दौर मे प्रवेश किया। आंद्रीवा का सामना अब 19वीं रैंकिंग की मैग्डा लिनेट से होगा, जिन्होंने मार्केटा वोंद्रोसुवा को 7-6 (1), 4-6, 6-4 से हराया।

### रेफरी कोर्स एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा शुरु

**लखनऊ।** स्पर्धा के नियमों में बदलावए कोचिंग के नवीनतम तरीकों व तकनीक में परिवर्तन की जानकारी देने के लिए ताइक्वांडो अकादमी ऑफइंडिया के तत्वाधान में आयोजित नेशनल इंस्ट्रक्टर कोर्सए नेशनल रेफरी कोर्स पूमसे और क्योरगी व ब्लैक बेल्ट परीक्षा सेमिनार की शुरुआत ताइक्वांडो जिम्नेजियम, लालबाग लखनऊ में शुक्रवार को हो गई। तीन दिवसीय इस सेमिनार का उद्घाटन अखिल भारतीय उद्योग मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफइंडिया के कोषाध्यक्ष सुधीर हलवासिया व फाउंडर एंड फादर ऑफ़ताइक्वांडो इन इंडिया ग्रैंड मास्टर जिमी आर जगतियानी ने किया। पहले दिन आयोजित प्रशिक्षण सत्र में ग्रैंड मास्टर सोंग कुक जेओंग,आठवीं डान कोरिया, व ग्रैंड मास्टर महेंद्र मोहन जायसवाल सातवीं डान, महाराष्ट्र, ने ताइक्वांडो खेल में आए बदलाव के बारे में लोगों को टिप्स दिए।

# दिल्ली को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

## ● सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार दूसरी जीत का इरादा

**भाषा।** नई दिल्ली



**इंडियन प्रीमियर** लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गए कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और फिर आखिरी ओवर में मुकेश कुमार ने शानदार तरीके से 13 रन का बचाव किया। इस मुकाबले में इशांत शर्मा और एनरिच नोर्किया ने भी प्रभावित किया। टीम के लिए परेशानी का सबसे उसकी बल्लेबाजी है। पिछले मुकाबले में टीम ने आठ ओवर में 62 रन पर पांच विकेट गंवा दिया था। मनीष पांडे और अक्षर पटेल की संयमित बल्लेबाजी ने टीम के स्कोर को 17 ओवर में पांच विकेट पर 128 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने इस मुकाबले में 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए थे। वार्नर ने ज्यादातर मैचों में टीम की बल्लेबाजी का बोझ उठाया है लेकिन दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिलने के कारण वह खुल कर नहीं खेल पा रहे हैं। इस सत्र में पावरप्ले में उन्होंने सबसे ज्यादा डॉट गेंदें खेली हैं। खराब लय में चल रहे पृथ्वी साव की जगह टीम ने पिछले मैच में फिल साल्ट से पारी का आगाज कराया लेकिन वह खाता खोलने में नाकाम रहे।

# श्रीलंका ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया

## आयरलैंड को पारी से हराया

**गॉल।** श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन शुक्रवार को यहां आयरलैंड की दूसरी पारी को 202 रन पर समेट कर पारी और 10 रन की जीत के साथ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। इस दौरान प्रभात जयसूर्या (88 रन पर दो विकेट) सात टेस्ट मैच में 50 विकेट पूरा करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। वह सबसे कम टेस्ट मैच में इस आंकड़े को छूने वाले स्पिनर बने। रमेश मेंडिस ने चौथी बार पारी में पांच चटकाए जिसो दो विकेट पर 54 रन के साथ दिन की शुरुआत करने वाली आयरलैंड की टीम 202 रन पर आउट हो गई। टेस्ट क्रिकेट में यह श्रीलंका की 100वीं जीत है जबकि 2018 में टेस्ट पदार्पण करने वाले आयरलैंड के लिए छह मैचों में यह छठी हार है। हैरी टेक्टर (85) और कप्तान एंडी बालबिर्नी (46) ने दिन के शुरुआती ओवरों में संभल कर बल्लेबाजी की। पहले घंटे के खेल के दौरान बाउंसर गेंद हेलमेट पर लगने के बाद बालबिर्नी मां मैदान से बाहर चले गए। वह कुर्टिस कैंफर के आउट होने के बाद क्रीज पर लौटे लेकिन जल्दी ही मेंडिस का शिकार बन गए। पहली पारी शतक लगाने वाले पॉल स्टर्लिंग (एक) का बल्ला दूसरी पारी में नहीं चला और वह जयसूर्या का टेस्ट में 50 वां शिकार बने। उन्होंने इस श्रृंखला में 17 विकेट चटकाए। इससे पहले टेस्ट में स्पिन गेंदबाज द्वारा सबसे कम मैच में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के अल्फ वेलेंटाइन के नाम था। उन्होंने आठ मैचों में यह कारनामा किया था। जयसूर्या इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज रिचर्डसन और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर के साथ सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

# केकेआर की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेरने उतरेगा गुजरात टाइटंस

**भाषा।** कोलकाता



**अपने मजबूत** गेंदबाजी आक्रमण के दम पर पिछले दोनों मैच जीतकर अपना अभियान पटरी पर लाने वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केकेआर ने लगातार चार मैच गंवाने के बाद पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को हराकर वापसी की थी। ऐसे समय में जबकि केकेआर के कैरेबियाई धुरंधर आंद्रे रसेल और सुनील नारायण नहीं चल रहे हैं तथा नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल हैं, तब उसे जेसन रॉय के रूप में नया ट्रंप कार्ड मिला है। इंग्लैंड के इस सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में आक्रामक अर्धशतक जड़कर केकेआर के लिए मजबूत मंच तैयार किया था जिसका फायदा उठाकर कप्तान नितीश राणा, रिंकू सिंह और डेविड वीज ने आरसीबी के खिलाफ टीम का स्कोर 201 रन पर पहुंचाया था। आरसीबी के खिलाफ इस मैच में जीत से केकेआर 10 टीमों की अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है लेकिन प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए अभी उसे लंबी राह तय करनी होगी। केकेआर के अभी केवल छह अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए बाकी बचे छह मैचों में से कम से कम पांच मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। केकेआर के लिए हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस की टीम से पार पाना आसान नहीं होगा जिसके पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण और कुशल बल्लेबाज है। गुजरात की टीम अभी सात मैचों में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। गुजरात के पास मोहम्मद शमी के रूप में अनुभवी तेज गेंदबाज है जबकि स्वयं हार्दिक पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

### उन चीजों से छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं जो सही चल रही है: फ्लेमिंग

**जयपुर।** चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम भले ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही हो लेकिन उसके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है की बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने की जरूरत नहीं है क्योंकि जो चीजें सही चल रही हैं उनसे छेड़छाड़ करना अच्छा नहीं होगा।

### दूसरी टीमों के शीर्षक्रम के कई खिलाड़ी पृथ्वी से बेहतर बल्लेबाजी कर रहे हैं : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** नेट पर कड़ा अभ्यास करने वाले पृथ्वी साव से रिकी पोंटिंग को जल्दी ही एक अच्छी पारी की उम्मीद थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच ने स्वीकार किया कि दूसरी टीमों के कई सलामी बल्लेबाज उनसे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# चोपड़ा और बिंद्रा की अगुवाई में खेल बिरादरी ने प्रर्शनकारी पहलवानों का किया समर्थन



**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपिक** स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और अभिनव बिंद्रा सहित भारतीय खेल बिरादरी ने यहां विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का शुक्रवार को समर्थन करते हुए न्याय सुनिश्चित करने के साथ त्वरित कार्वाई की मांग की। चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा, पूर्व निशानेबाज बिंद्रा के अलावा, मुक्केबाज निकहत जरीन, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान, मदन लाल और नवजोत सिंह सिद्धू ने पहलवानों का समर्थन किया। इन खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जबकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत एथलेटिक्स आयोग से दर्ज कराने के बजाय अपने विरोध प्रदर्शन को फिर से शुरू करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए पहलवानों की कड़ी आलोचना की थी। एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले भाला फेंक के एथलीट चोपड़ा ने कहा कि पहलवानों को न्याय के लिए सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा जो कि आहत करने वाला है। उन्होंने ट्वीट किया, हमारे खिलाडि़यों को न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर देखकर मुझे दुख होता है। उन्होंने हमारे महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने और हमें गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। एक राष्ट्र के रूप में, हम प्रत्एक व्यक्ति, चाहे वह खिलाड़ी हो या कोई और, की अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। जो हो रहा है वह कभी नहीं होना चाहिए। चोपड़ा ने कहा, यह एक संवेदनशील मुद्दा है, और इससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटा जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्वाई करनी चाहिए। इस तरह से पहलवानों को अब देश के दोनों व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाडि़यों का समर्थन मिल गया है। बीजिंग ओलंपिक 2008 में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले अभिनव बिंद्रा ने हाल में पहलवानों के प्रति अपना समर्थन जताया था। बिंद्रा ने ट्वीट किया था।

### खर्चीला साबित हो रहा विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानो को बुनियादी जरूरतो को पूरा करना काफी महंगा साबित हो रहा है। इस खर्च के बावजूद पहलवान दिल्ली के इस प्रसिद्ध विरोध स्थल पर लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। पहलवानो ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाया है। पहलवानो ने पांच दिनो मे गद्दे, चादर, पंखे, स्पीकर, माइक्रोफोन, पानी और खाने के अलावा एक छोटे जनरेटर की व्यवस्था पर पांच लाख रुपए से अधिक खर्च किए है। उन्होंने शुरुआत में गद्दे, चादर और साउंड सिस्टम किराए पर लिए थे जिसके लिए उन्हे हर दिन 27,000 खर्च करने पड़ रहे थे। पहलवानो को महसूस किया कि अगर उन्हे लंबे समय तक बैठना पड़ा तो छोटी-छोटी चीजों की व्यवस्था करना एक बड़ा वित्तीय बोझ बन जाएगा। विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी ने पीटीआई-भाषा से कहा, इसलिए हमने गद्दे खरीदने का फैसला किया। मैने अपने गांव खरखौदा से 50,000 रुपए देकर 80 गद्दे खरीदे। हमसे प्रतिदिन गद्दे के लिए 12,000 रुपए प्रतिदिन का किराया लिया जा रहा था। यह बहुत बड़ी रकम है।

### दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट: नेपाल ने भारत को हराकर 2-1 की बढ़त बनाई

**काठमांडू।** विनीता पुन और मनकेशी चौधरी के बीच पहले विकेट की 186 रन की साझेदारी की मदद से नेपाल ने दृष्टिबाधित महिला टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत को नौ विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही नेपाल ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2–1 की बढ़त बना ली। भारत ने सुषमा पटेल (नाबाद 63) और सिमू दास (नाबाद 46) की दमदार पारियों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

### अबुधाबी गोल्फ : चौहान संयुक्त 61वें स्थान पर

**अबुधाबी।** भारत के ओम प्रकाश चौहान ने अबू धाबी चैलेंज गोल्फ के शुरुआती दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर इवन पार 72 का स्कोर किया। पहली बार विदेशी धरती पर यूरोपियन चैलेंज टूर स्पर्धा में खेल रहे चौहान संयुक्त रूप से 61 वें स्थान पर है। उन्होंने दो बोगी और दो बर्डी लगाए। शुरुआती दिन के खेल के बाद इंग्लैंड के टॉम लुईस आठ अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

# लेपड्र्स ने जीती डिवीज़नल चैंपियंस लीग की ट्राफी



## ● दिलकश टाइगर्स को सात विकेट से दी मात

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच पवन कुमार-76 की अगुवाई मे शानदार बल्लेबाजी के चलते ज़ोरदार लेपड्र्स ने डिवीज़नल चैंपियंस लीग के फाइनल में दिलकश टाइगर्स को सात विकेट से हराकर विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ज़ोरदार लेपड्र्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दिलकश टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 154 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज अंबर प्रताप सिंह आठ रन ही बना सके। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज सुनील यादव ने 33 गेंदों पर 6 चौके व दो छक्के की सहायता से 46 रन की पारी खेली। उनका साथ देते हुए मोहम्मद अजकर ने 37 गेंदों पर 3 चौके व दो छक्के से 45 रन बनाए। ज़ोरदार लेपड्र्स से निखिल कुमार पासवानव बलराम ने 2.2 विकेट हासिल किए। पवन कुमार व गुरमीत संह को एक.एक विकेट मिला। जवाब में ज़ोरदार लेपड्र्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाते हुए मैच को सात विकेट से जीत लिया।

### भारत के अंडर-17 ने अभ्यास मैच में एटलेटिको मैड्रिलिनो अंडर-16 को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर–17 पुरुष फुटबॉल टीम ने अपने स्पेन दौरे में मेड्रिड में खेले गए एक अभ्यास मैच में एटलेटिको मैड्रिलिनो अंडर–16 टीम को 2–1 से हराया। भारत की अंडर 17 फुटबॉल टीम थाईलैंड में जून में होने वाले एएफसी अंडर 17 एशियाई कप की तैयारियों के लिए इस समय स्पेन में है और वहां अभ्यास मैचों के जरिए अपनी तैयारी कर रही है। गुरुवार को खेले गए इस मैच में थंगलसौन गंगटे और लालपेख्लुआ ने भारत के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत में गोल किए। स्थानीय टीम की तरफ से एकमात्र गोल टालोन ने किया। पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद स्पेन की टीम ने दूसरे हाफ के शुरू में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह भारत था जिसने पहले बढ़त हासिल की। गंगटे ने कोरोउ के पास पर भारत के लिए पहला गोल किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद फिर से अच्छा मूव बनाया और लालपेख्लुआ को पास दिया जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की।

# सात्विक-चिराग ने 52 साल बाद पुरूष युगल का पदक किया पक्का

## ● सिंधू, प्रणय क्वार्टर फाइनल से बाहर

**भाषा।** दुबई



*भारत की* शीर्ष पुरूष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में 52 साल बाद भारत का पदक पक्का करते हुए क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की अनुभवी जोड़ी को हराया। भारतीय जोड़ी ने 21–11, 21–12 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीनी ताइपै के ली यांग और वांग चि लिन से होगा। इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बढत बनाने के बाद कोरिया की दूसरी वरीयता प्राप्त अन सि यंग से हारकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने पहला गेम 21 . 18 से जीता लेकिन अगले दो गेम 5–21, 9–21 से गंवा दिए। भारत के ही आठवीं वरीयता प्राप्त एच एस प्रणय पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए जिन्होंने जापान के केंता सुनेयामा के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया। प्रणय उस समय 11–21, 9–21 से पीछे थे जब चोट के कारण उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा।